दैनिक
# नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — सीएसआर मद से राज्य में शुरू होगी...
4 अभिव्यक्ति — तिकड़ी के खिलाफ प्रदर्शन जारी...
9 मनोरंजन/व्यापार — अक्षय के साथ बेलबॉटम में काम करेंगी नूपुर...
11 खेल — जीत के लिए जी-जान लगाएगी इंडिया...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, शुक्रवार 31 जनवरी 2020, माघ शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-290 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

दिल्ली के दंगल में ताल ठोक रहे बाहुबलियों के बीच हर दांव पेच आजमाए जा रहे हैं। बयानवीर नेता मोर्चे पर डटे हैं। जमकर शब्दभेदी बाण चल रहे हैं। लगता है बोल वचन कर के ये रणबांकुरे जंग जीतना चाहते हैं। अंखियों से गोली मारे की तर्ज पर जुबान से गोलियां बरसाई जा रही है। चुनाव को हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच लड़ाई के रूप में तब्दील करने की कोशिश हो रही है। अपनी अपनी ढपली पर अपना- अपना राग अलापने वाले अपनी जुबान पर लगाम लगाएं वरना याद रखें कि ये जो पब्लिक है वह पुलंदा बांधना भी जानती है।

## खास खबर

### आज और कल बैंक हड़ताल

**नई दिल्ली।** सरकार के साथ बातचीत विफल रहने के बाद तमाम बैंक यूनियनों ने हड़ताल जारी रखने का फैसला लिया। सार्वजनिक क्षेत्र के देश के ज्यादातर बैंक 31 जनवरी और एक फरवरी को बंद रहेंगे। दो फरवरी को भी बैंक बंद रहेंगे, क्योंकि उस दिन रविवार है। इस बार हड़ताल का समय काफी अहम है, क्योंकि 31 जनवरी को आर्थिक सर्वे रिपोर्ट और 1 फरवरी को बजट पेश किया जाना है।

### केजरीवाल को चुनाव आयोग का नोटिस

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को नोटिस जारी किया। आयोग ने श्री केजरीवाल को यह नोटिस भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली प्रदेश इकाई के नेता नीरज की ओर से 14 जनवरी को दर्ज की गयी शिकायत की जांच के बाद जारी की है।

### 66% लोगों के लिए घर चलाना मुश्किल: सर्वे

**नई दिल्ली ए.।** सुस्ती की मार झेल रही अर्थव्यवस्था पर हुए एक सर्वे में चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। आम आदमी पर महंगाई और आर्थिक मंदी की दोहरी मार पड़ रही है। हालत यह है लगभग 66 फीसदी लोगों को अपने घर का खर्च चलाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि वेतन या तो जस की तस है या फिर यह घट रहा है, लेकिन महंगाई दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रही है, जिसका असर उनके खर्चों पर दिख रहा है। आईएएनएस-सी वोटर सर्वेक्षण के अनुसार, सर्वे में शामिल कुल 65.8त्न उत्तरदाता मानते हैं कि हाल के दिनों में उन्हें दैनिक खर्चों के प्रबंधन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# कैबिनेट में सीएए पर नाराजगी

## सहकारी सोसायटी एक्ट में होगा संशोधन

■ अब तक 63.50 मीट्रिक टन धान की खरीदी

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** भूपेश बघेल मंत्रिमंडल की हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मंत्रिमंडल की बैठक में सीएए के विरोध में एक प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं धान खरीदी का लक्ष्य 85 हजार मीट्रिक टन को प्राप्त करने हर संभव कोशिश किए जाने की बात पर सहमति बनी। मंत्रिपरिषद की आज संपन्न हुई बैठक में सीएए-2019 को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार ने एतराज जताया है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### इन बिंदुओं पर हुई चर्चा

नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 (सी.ए.ए.) में किए गए संशोधन को आम जनता में देखे जा रहे विरोध के दृष्टिगत, वापस लिए जाने का अनुरोध भारत सरकार से करने का निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी (संशोधन) अध्यादेश, 2020 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिसके तहत "कोई भी सोसायटी, किसी भी सरकार के उपक्रम सहकारी सोसायटी या राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किसी उपक्रम या निजी उपक्रम के साथ, किसी विशेष कारबार के लिए जिसमें औद्योगिक विनिधान, वित्तीय सहायता या विपणन और प्रबंधन विशेषज्ञता शामिल है, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### सीएम भूपेश का पीएम को खत

## सीएए में नहीं श्रीलंका, नेपाल के प्रवासियों के लिए प्रावधान

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नागरिकता संशोधन कानून को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि सीएए में भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका म्यांमार, नेपाल और भूटान जैसे देशों से आने वाले प्रवासियों के संबंध में कोई प्रावधान नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी लिखा है कि कानून का मौजूदा संशोधन धर्म के आधार पर अवैध प्रवासियों का विभेद करता प्रतीत होता है। साथ ही यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 के विपरीत होने का संकेत दे रहा है। इस तरह मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र के जरिए नागरिकता संशोधन कानून में किए गए संशोधनों की ओर प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित किया है। साथ ही छत्तीसगढ़ व देश में उत्पन्न परिस्थितियों का जिक्र कर कानून में किए गए संशोधन को वापस लिए जाने का अनुरोध भी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

**छत्तीसगढ़ व देश की परिस्थितियों का जिक्र कर संशोधन वापस लेने का किया अनुरोध**

### छग के लोगों को औपचारिकता पूर्ण करने में आ सकती है कठिनाई

बघेल ने आगे लिखा कि छत्तीसगढ़ में मूलतः अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के लोग निवास करते हैं। इनमें से ज्यादातर गरीब, अशिक्षित व साधनविहीन हैं। ऐसे में इन्हें अधिनियम की औपचारिकता पूर्ण करने में कठिनाइयों का निश्चित रूप से सामना करना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि संविधान के समक्ष सभी संप्रदाय समान होते हैं। लेकिन संसद द्वारा अधिनियमित नागरिकता। संशोधन। अधिनियम, 2019 धर्मनिरपेक्षता की इस आधारभूत भावना को खंडित करता दृष्टिगत होता है। मुख्यमंत्री ने गरीब व असाक्षर लोगों को होने वाली असुविधा, देश की शांति व संविधान की मूल अवधारणा को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री से सीएए में लाए गए संशोधनों को वापस लेने का अनुरोध किया है।

### जामिया में गोलीबारी से पहले फेसबुक पर बताया चंदन का बदला

# शाहीन 'भाग'... खेल खत्म...

■ जामिया नगर में गोलीबारी से पहले फेसबुक पर लाइव था गोपाल

**नई दिल्ली ए.।** जामिया नगर में गोली चलाने वाले शख्स को लेकर जो जानकारियां सामने आ रही हैं उसके मुताबिक इसने इस घटना को अचानक अंजाम नहीं दिया, बल्कि वह कई दिनों से इसकी तैयारी में था। आरोपी का नाम गोपाल है और गोलीबारी से पहले उसने फेसबुक लाइव किया था। फेसबुक पर उसने यह भी लिखा है कि चंदन का बदला लेने जा रहा है।

बता दें, 2018 में गणतंत्र दिवस पर यूपी के कासगंज जिले में सांप्रदायिक झड़प में चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी। फेसबुक पर खुद को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

**सीएए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान गोलीबारी**

गुरुवार को जामिया इलाके में सीएए के विरोध प्रदर्शन के दौरान एक शख्स ने गोली चला दी। गोली चलाने वाले व्यक्ति ने कहा कि मैं तुम्हे आजादी दिलाता हूं। गोली चलाने वाला बाहर से आया था। गोली चलाने वाले व्यक्ति ने पिस्टल लहराते हुए कहा, 'दिल्ली पुलिस जिंदाबाद, जामिया मिलिया मुर्दाबाद।' शख्स की गोली से मार्च में शामिल जामिया का एक छात्र घायल हो गया है। घायल छात्र को गोली लगने के बाद होली फैमिली हॉस्पिटल ले जाया गया था और अब उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

## सीबीआई एक हफ्ते के भीतर दर्ज करे एफआईआर

*नवप्रदेश संवाददाता*

**मामला समाज कल्याण विभाग में एक हजार करोड़ घोटाले का**

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने एक अहम आदेश में भ्रष्टाचार के एक मामले पर दायर रिट याचिका जो कि जनहित याचिका के रुप में सूनी गई, उस पर सुरक्षित रखे गए निर्णय को आज सार्वजनिक किया। हाईकोर्ट ने एक हज़ार करोड़ घोटाले को सही मानते हुए मामले में आदेश दिया। सीबीआई एक सप्ताह के भीतर एफआईआर दर्ज करे। पंद्रह दिनों में विभाग से दस्तावेज जप्त करें हाईकोर्ट में जस्टिस प्रशांत मिश्रा और पार्थ प्रतीम साहू की बेंच ने फैसले में उल्लेखित किया। सीबीआई जब भी जरुरत पड़े, कोर्ट में उचित आवेदन के माध्यम से मदद ले सकती है।

मामला समाज कल्याण विभाग से जूड़ा हुआ है, जिसमें याचिकाकर्ता की ओर से यह आरोप लगाया गया था कि,राज्य स्त्रोत निःशक्त जन संस्थान काग़ज़ों में बनाई गई, इसमें याचिकाकर्ता एवं अन्य को कर्मचारी बताकर वेतन आहरित किया जाता था और पूरा सेटअप चलाया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

# सरकार सभी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार : मोदी

■ संसद के बजट सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्वदलीय बैठक में कहा- विपक्ष से करेंगे हर मुद्दे पर चर्चा

**नई दिल्ली (वार्ता)।** संसद के बजट सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि सरकार विपक्ष की राय सुनने और हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था सहित सभी मुद्दों पर सार्थक और समृद्ध चर्चा होनी चाहिए।

उनके अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था को वैश्विक संदर्भ में देखें कि भारत इसका फायदा कैसे उठा सकता है। संसद के 31 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), एनपीआर, एनआरसी, अर्थव्यवस्था की स्थिति, कश्मीर की स्थिति सहित कई मुद्दे उठाये और इन पर चर्चा कराने की मांग की। सरकार की ओर से बृहस्पतिवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक, वाम दलों आदि ने ये मुद्दे उठाए। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी आदि मौजूद थे।

## कोरोना वायरस भारत में भी

■ केरल में मिला पहला केस, निगरानी में मरीज

**नई दिल्ली ए.।** चीन समेत कई देशों में कहर बरपा रहा 2019-एनसीओवी कोरोना वायरस ने अब भारत में भी दस्तक दे दी है। केरल में कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आया है जिसकी अधिकारिक पुष्टि हो गई है। बताया जा रहा है कि केरल का जो मरीज कोरोना वायरस से संक्रमित हुआ है, वह चीन के वुहान यूनिवर्सिटी का छात्र है। हालांकि, मरीज की हालत अभी स्थिर है और उसे निगरानी में रखा गया है। बता दें कि चीन में कोरोना वायरस से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

**वायरस से अबतक 170 से ज्यादा लोगों की मौत**

कोरोना वायरस के कहर से चीन में मृतकों की संख्या 170 हो गई है। गुरुवार को चीनी सरकार ने कहा कि कोरोना वायरस से हुबेई प्रांत में 37 की मौतें सामने आई हैं। कोरोना वायरस से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले प्रांत हुबेई में 1032 नए मामले भी सामने आए हैं।

## सरकार घटना को बर्दाश्त नहीं करेगी, दोषी को बख्शा नहीं जाएगा: शाह

**नई दिल्ली ए.।** राजधानी दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार (30 जनवरी) को संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफप्रदर्शन कर रहे एक समूह पर एक व्यक्ति ने पिस्तौल से गोली चला दी और हथियार लहराते हुए आराम से निकल गया। पुलिस की भारी संख्या में तैनाती के बीच उसने 'ये लो आजादी' का नारा भी लगाया। हालांकि बाद में व्यक्ति को पुलिस ने पकड़कर हिरासत में ले लिया। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आज दिल्ली में जो गोली चलाने की घटना हुई है, उसपर मैंने दिल्ली पुलिस कमिश्नर से बात की है और उन्हें कठोर से कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके आगे उन्होंने कहा, केंद्र सरकार इस तरह की किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं करेगी, इसपर गंभीरता से कार्यवाही की जाएगी और दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### दिल्ली चुनाव बीजेपी ने बनाया प्लान

## शाहीन बाग और जामिया नगर में रैली कर सकते हैं सीएम योगी

■ योगी आदित्यनाथ 1 से 4 फरवरी तक दिल्ली में रहेंगे, 12 जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**लखनऊ ए.।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) हर प्लान बहुत सोच समझकर बनाने में जुटी है। नागरिकता संशोधन कानून और नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस (एनआरसी) के खिलाफ शाहीन बाग, जामियानगर में प्रदर्शन तेज हैं। कहा जा रहा है कि इन्हीं इलाकों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभाएं कराई जाएंगी। योगी आदित्यनाथ 1 फरवरी से 4 फरवरी तक दिल्ली में रहेंगे।

### चर्चा में है योगी का नाम

पार्टी सूत्रों ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों के तौर पर योगी आदित्यनाथ का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बाद सबसे ज्यादा मांग में है। दिल्ली की कई विधानसभाओं में योगी के गढ़ माने जाने वाले पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग बहुतायत में रहते हैं।

## निर्भया केस: दोषी अक्षय की क्यूरेटिव पिटिशन भी खारिज

**नई दिल्ली।** निर्भया गैंग रेप केस के दूसरे दोषी अक्षय को भी सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। उसकी भी क्यूरेटिव पिटिशन सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। अब मुकेश की तरह अक्षय भी राष्ट्रपति के सामने दया याचिका दायर कर सकता है। बता दें कि मुकेश की दया याचिका सुप्रीम कोर्ट पहले ही खारिज कर चुका है। चारों दोषियों को 1 फरवरी को फांसी होगी या नहीं, इसपर संशय अभी बना हुआ है।

### फांसी पर रोक लगाने दोषियों की याचिका पर तिहाड़ जेल को नोटिस

**नई दिल्ली ए.।** निर्भया गैंगरेप और मर्डर केस में मौत की सजा पाए चारों दोषियों की फांसी के लिए 1 फरवरी का दिन मुकर्रर हुआ है। हालांकि, इस बार भी उन्हें फांसी होगी या नहीं, इस पर सस्पेंस बना हुआ है। एक दोषी विनय ने निचली अदालत का रुख किया और फंसी को इस आधार पर अनिश्चितकाल के लिए टालने की मांग की है कि कुछ दोषी अपने पास मौजूद सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल नहीं कर पाए हैं। इस पर कोर्ट ने तिहाड़ जेल प्रशासन से शुक्रवार तक जवाब देने को कहा है।

### गुड़िया गैंगरेप केस: मनोज और प्रदीप को 20-20 साल की सजा

**नई दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली की अदालत ने पांच साल की बच्ची 'गुड़िया' के साथ गैंगरेप केस में दोनों दोषियों की सजा का ऐलान कर दिया है। दोनों दोषी मनोज शाह और प्रदीप को 20-20 साल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा अदालत ने दोनों दोषियों को 11 लाख रुपये बतौर मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। पांच साल की 'गुड़िया' का अपहरण करने के बाद उसके साथ गैंगरेप किया गया था।

### गरमा-गरम

### आहट आंदोलन की — पुलिस आंदोलन का प्रणेता बर्खास्त सिपाही राकेश यादव फिर सक्रिय

# मांगों को बजट में शामिल करने महासम्मेलन की तैयारी

*नवप्रदेश संवाददाता*

■ फरवरी में पुलिस परिवार का होगा सम्मेलन

■ आयोजन के लिए धन जुटाने बैंक खाता नंबर

■ एडीजी गुप्तवार्ता ने सतत निगरानी रखने कहा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस की आवाज बनकर उभरा बर्खास्त सिपाही राकेश यादव एक बार फिर पुलिस परिवार के हित में महासम्मेलन की तैयारी में है। इस बार लंबित मांगों के अलावा पुलिस कर्मियों व परिजनों के लिए बजट पूर्व मांगों को लेकर महासम्मेलन का आयोजन होगा। आयोजन की सूचना और इसे कामयाब बनाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस कर्मियों का नेता बन बैठे राकेश ने सहयोग राशि भी एकत्र करने लगा है। बाकायदा बैंक ऑफ इंडिया के खाता क्रमांक 947310310000542, आईएफएससी कोड बीकेआईडी क्रमांक-0009473 सार्वजनिक कर पुलिस परिवार से सहयोग राशि भी भी जुटाई जा रही है। अब तक खाते में कितनों ने कितना पैसा जमा कर दिया है यह तो पता नहीं चल पाया है, लेकिन इस खबर के बाद एक बार फिर पुलिस महकमे का खूफिया तंत्र हरकत में है। पूर्ववर्ती रमन सरकार के वक्त ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### एडीजी गुप्तवार्ता ने दिया निर्देश

*सभी पुलिस अधीक्षकों को एडीजी गुप्तवार्ता हिमांशु गुप्ता ने 27 जनवरी 2020 को गोपनीय पत्र जारी किया है। जिसमें रायपुर में पुलिस परिवार के महासम्मेलन आयोजित करने वाले बर्खास्त आरक्षक व्दारा बजट सत्र के दौरान पुलिस परिवार के मांगों को बजट में शामिल करने पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया है। वहीं पत्र में एडीजी गुप्तवार्ता ने यह भी लिखा है कि महासम्मेलन में संभवतया मंत्री, विधायकों को आमंत्रित करने की योजना है। सहयोग राशि व बैंक खाता क्रमांक का उल्लेख भी है। आंदोलन की गतिविधियों पर निगरानी रखने, कानून व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही अप्रिय परिस्थितियों से निपटने की तैयारी के लिए ताकीद किया है।*

# भारत को इस्लामिक देश बनाना चाहता है शरजील इमामः पुलिस सूत्र

- जेएनयू छात्र शरजील इमाम ने असम को देश से काटने की बात कही थी
- उसके भाषण का विडियो वायरल हो गया था, इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया
- पुलिस गिरफ्तारी में शरजील ने कहा कि वह मानता है कि भारत इस्लामिक देश हो

**नई दिल्ली(ए.)।** संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस (एनआरसी) के खिलाफप्रदर्शनों में भड़काऊ भाषण देने के लिए गिरफ्तार जेएनयू छात्र शरजील इमाम भारत को इस्लामिक देश बनाने का मंसूबा रखता है। यह बड़ी जानकारी दिल्ली पुलिस की पूछताछ में सामने आई है। बता दें कि शरजील फिलहाल दिल्ली पुलिस की रिमांड पर है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि शरजील कट्टरपंथ से बहुत ज्यादा प्रभावित है और उसे गिरफ्तारी का कोई मलाल नहीं है।

### भारत को इस्लामिक देश बनाने का है मंसूबा

पुलिस ने शरजील को बिहार के जहानाबाद से मंगलवार को गिरफ्तार किया था। उसने असम को देश के बाकी हिस्से के काटनेवाला भड़काऊ भाषण दिया था जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अब पुलिस सूत्रों से उससे पूछताछ के दौरान की कुछ बातें सामने आई हैं। सूत्र बताते हैं कि शरजील इमाम कट्टरपंथी है और मानता है कि भारत को इस्लामिक देश होने चाहिए। सूत्रों के अनुसार उसने यह भी मान लिया है कि उसकी विडियोज से कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। फिलहाल उसके भाषण वाली विडियोज को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।

शरजील ने पूछताछ में यह भी कहा है कि उसे अपनी गिरफ्तारी का कोई मलाल नहीं है। अब पुलिस यह देख रही है कि उसका इस्लामिक यूथ फेडरेशन ऐंड पॉप्यूलर फ्रंट ऑफ इंडिया से कोई संबंध है या नहीं। बता दें कि सीएए के खिलाफ हिंसक प्रदर्शनों में इस्लामिक यूथ फेडरेशन ऐंड पॉप्यूलर फ्रंट ऑफ इंडिया ( पीएफआई) का नाम आया था। पीएफआई एक उग्र इस्लामिक कट्टरपंथी संगठन है।

इसपर बात करते हुए एक अधिकारी ने कहा, 'शरजील के पास मटीरियल (संदिग्ध जानकारी) बहुत है। अब तक उससे हुई बातचीत से पता चला है कि शरजील के पीछे कुछ हद तक पीएफआई का भी हाथ है। लेकिन इसकी पुष्टि के लिए अभी और वक्त चाहिए।'

### शरजील को लगातार शिफ्ट कर रही पुलिस

मिली जानकारी के मुताबिक, पूछताछ में लगी टीमें शरजील को कुछ देर एक स्थान पर पूछताछ करके दूसरी जगह शिफ्ट कर दे रही हैं, ताकि वो मानसिक दबाब में रहे। साथ ही पुलिस को बिना किसी ज्यादा जद्दोजहद के शरजील इमाम से ज्यादा से ज्यादा जानकारी हासिल हो सके। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा के एक सूत्र के मुताबिक, 'पुलिस से बचने के लिए इधर-उधर छिपता फिर रहा शरजील तीन-चार दिन से ठीक से सो नहीं पाया था। मंगलवार को गिरफ्तार होने के बाद से भी वो लगातार चल ही रहा है। या फिर उससे पुलिस टीमें पूछताछ कर रही हैं।'

### नींद की खुमारी में शरजील, पुलिस करती रही पूछताछ

बुधवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया। उसके बाद आधी रात से भी ज्यादा वक्त तक उससे दिल्ली पुलिस की तमाम टीमों पूछताछ करती रहीं। इस दौरान नींद की खुमारी और पुलिस का भय उसकी आंखों और चेहरे पर साफ साफ झलक रहा था। वो सोना चाह रहा था, लेकिन पुलिस उसे जगाकर कम समय में ज्यादा से ज्यादा जानकारियां लेने को बेताब थी। पुलिस का मानना है कि थकान की आड़ लेकर आरोपी सिर्फ रिमांड का वक्त किसी तरह से गुजार देना चाहता है।

## दहेज की वजह से टूटा रिश्ता, तो भागकर की शादी

**कुशीनगर(ए.)।** दहेज अभिशाप के साथ कानूनी अपराध भी है, लेकिन आज भी रस्म व भेंट के नाम पर इसका चलन चल रहा है। हालांकि यूपी के कुशीनगर में एक अजब मामला सामने आया है। युवक-युवती के परिवार के बीच दहेज के लेनदेन को लेकर हुए सौदेबाजी और विवाद से दुखी होकर युवक-युवती ने भागकर शादी कर ली। शादी रचाने के बाद दोनों ने अपने-अपने घरवालों को फोन करके बताया तो घरवाले हैरान रह गए। जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में घटित इस घटना की चर्चा पूरे जिले में हैं। इस गांव एक युवक ने अपनी लड़की की शादी इसी थाना क्षेत्र के एक गांव में तय की थी। मई माह में तिलक व बारात की तिथियां भी तय कर दी गई थीं। दोनों परिवार शादी की तैयारियों में जुटे थे। शादी तय होने के बाद युवक और युवती भी फोन पर बातचीत करते थे। इसी दौरान दहेज को लेकर शादी टूट गई।

## डांट खाने के डर से स्टूडेंट ने खुद की किडनैपिंग की रची साजिश, फेसबुक पर मां से मांगी फिरौती

**कानपुर(ए.)।** यूपी के कानपुर में किडनैपिंग की साजिश का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां 12वीं के स्टूडेंट ने अपनी खुद की किडनैपिंग की प्लानिंग की और फेसबुक पर फेक आईडी बनाकर पैरेंट्स से फिरौती मांगी। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस का इस्तेमाल करते हुए आरोपी छात्र को कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित घंटाघर इलाके से ढूंढ निकाला। आरोपी छात्र का नाम स्वयंम कुमार है जो 24 जनवरी से लापता था। आरोपी छात्र 24 जनवरी की सुबह ओम पुरवा चकेरी स्थित अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकला था लेकिन अपने परिवार को जानकारी दिए बिना दोस्तों के साथ लखनऊ के लिए रवाना हो गया। वह समय से घर वापस नहीं आ पाया तो पैरेंट्स की डांट से डर से उसने अपनी किडनैपिंग की साजिश रची।

## फेसबुक पर मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, बदला लेने के लिए गैंग में एंट्री कर आरोपी को मार डाला

**बेंगलुरु(ए.)।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मां का अपमान बदला लेने के लिए एक युवक क्रिमिनल गैंग से जुड़ गया। इस गैंग को एक हिस्ट्रीशीटर चलाता था और वह युवक महज इसलिए इस गैंग से जुड़ा क्योंकि एक दूसरे अपराधी (लोकेश) ने फेसबुक पर उसकी मां के खिलाफअभद्र टिप्पणी की थी और वह उससे बदला लेना चाहता था। बाद में लोकेश की 22 जनवरी को आजादनगर में निर्ममता से हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी हेमंत ने लोकेश से बदला लेने के लिए इत्तामदु सागर के गैंग को जॉइन किया और फिर इस हत्या को अंजाम दिया। इस मामले में 9 दूसरे आरोपी भी पुलिस के रेडार पर है। 22 जनवरी को लोकेश बाइक पर अकेले घर लौट रहा था। अपने गुर्गों को सचेत कर संदेश (गैंग का ही सदस्य) ने लोकेश को रोक दिया और उससे बातचीत करने लगा। दोनों ने लगभग 10 मिनट बात की, उसी वक्त हेमंत, सागर और दूसरे बदमाश पहुंचे और लोकेश पर हमला कर दिया।

# पहली बार अमित शाह के साथ चुनावी मंच साझा करेंगे नीतीश

- दिल्ली चुनाव के लिए अमित शाह और नीतीश कुमार बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में साझा रैली करेंगे, हर किसी की टिकी नजर
- बीजेपी और जनता दल यूनाइटेड ने एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने का ऐलान किया, 2 सीटों पर चुनाव लड़ रही JDU

**पटना/नई दिल्ली(ए.)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहली बार किसी चुनावी मंच में एक साथ दिखेंगे। दिल्ली चुनाव के लिए अमित शाह और नीतीश कुमार बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में साझा रैली करेंगे। यह रैली 2 फरवरी को जेडीयू उम्मीदवार शैलेंद्र कुमार के लिए होगी। बता दें कि दिल्ली चुनाव में बीजेपी और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। इसके तहत जेडीयू को दो सीटें मिली हैं।

जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव और दिल्ली के लिए पार्टी इनचार्ज संजय कुमार झा ने बताया, 'यह पहली बार होगा जब नीतीश जी किसी चुनावी रैली के लिए अमित शाह के साथ मंच साझा करेंगे।' बिहार के मंत्री संजय झा ने बताया, 'बिहार सीएम जेडीयू उम्मीदवारों के समर्थन में 2 फरवरी को दो रैलियां करेंगे। ये उम्मीदवार बुराड़ी और संगम विहार सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।'

### दो रैलियां करेंगे नीतीश कुमार

संजय झा ने बताया, 'नीतीश की पहली रैली बुराड़ी में करीब 12 बजे दोपहर में होगी जिसमें अमित शाह भी शामिल होंगे और जेडीयू उम्मीदवार के लिए जनता से वोट अपील करेंगे।' उन्होंने आगे बताया, 'नीतीश की दूसरी रैली संगम विहार में 5 बजे होगी जहां बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी बिहार सीएम के साथ होंगे।' बता दें कि पूर्व बीजेपी विधायक एससीएल गुप्ता संगम विहार सीट से दिल्ली विधानसभा में जेडीयू प्रत्याशी हैं।

### दिल्ली में 8 फरवरी को चुनाव

बता दें कि दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर 8 फरवरी को मतदान होंगे। 11 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे। इस बार जेडीयू और बीजेपी मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। बीजेपी का मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी से है। वैसे कांग्रेस भी सत्ता में वापसी के लिए पूरा जोर लगा रही है।

## जोधपुर पुलिस ने 200 किमी तक पीछा कर पकड़े तीन मोस्ट वॉन्टेड अपराधी

**जोधपुर(ए.)।** यह घटना सुनने में भले ही फिल्मी लगे, मगर है सच्ची घटना। जोधपुर पुलिस की एक टीम ने एक वॉन्टेड क्रिमिनल को पकड़ने के लिए उसका 200 किमी तक पीछा किया और आखिरकार उसे उसके दो साथियों के साथ महाराष्ट्र के कोल्हापुर में पकड़ लिया। इनमें से दो अपराधियों के गोली लगी है, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। 007 गैंग के सरगना श्याम पूनिया पर 40 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस को इसकी कई मामलों में तलाश थी। एसपी (ग्रामीण) राहुल बरहत ने कहा कि तीनों अपराधियों को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होते ही जोधपुर लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्याम पूनिया और उसके गैंग के सदस्यों पर नकेल कसने के लिए एक स्पेशल टीम बनाई गई थी, जो लगातार इनकी गतिविधियों पर नजर रखे थी। उन्होंने कहा, 'टीम को सूचना मिली थी कि ये लोग कर्नाटक के हुबली में छिपे हैं। टीम वहां पहुंची और स्थानीय पुलिस की मदद से तलाशी अभियान चलाया। टीम ने इन्हें एक कार में देखा और सरेंडर करने के लिए कहा। मगर इन्होंने कार की रफ्तार बढ़ा दी जिसके बाद पुलिस भी इनके पीछे लग गई।'

**हुबली से भागते-भागते कोल्हापुर पहुंचे:** एसपी ने आगे बताया कि 200 किमी तक भागते-भागते ये लोग महाराष्ट्र के कोल्हापुर तक पहुंच गए। वहां किन्नी टोल पॉइंट पर कोल्हापुर पुलिस ने उनकी घेराबंदी कर ली। उन्होंने बताया, 'खुद को घिरता देख उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी।

## पब्लिक का पैसा ऐसे पहुंचा इकबाल मिर्ची के पास

- मेहुल चौकसी-नीरव मोदी के बाद वधावन की कहानी चौंकाने वाली है

**मुंबई(ए.)।** बैंकिंग और फाइनान्स स्कैम की ये पटकथा हैरान करने वाली है। मेहुल चौकसी-नीरव मोदी ने कैसे पंजाब नेशनल बैंक के 11 हजार करोड़ रुपए का वारा-न्यारा किया ये सबको पता है। अब आपको दीवान हाउसिंग फाइनान्स कंपनी लिमिटेड यानी डीएचएफएल की कहानी बताते हैं। डीएचएफएल ने साल दर साल एक दशक तक फर्जीवाड़ा किया। एक लाख से ज्यादा फर्जी खाते बनाए. इन खातों को लोन दिए गए। जांच में टोटल लोन अमाउंट 12 हजार 773 करोड़ रुपए पाया गया है।

इस पैसे को 80 शेल यानी फर्जी कंपनियों में शिफ्ट किया गया। ईडी अब इसकी जांच कर रही है। काली करतूत की दास्तान ईडी की चार्जशीट में दर्ज है। एजेंसी डीएचएफएल के प्रमोटर कपिल वधावन की जांच कर रही है। हवाला रूट की जांच करते समय हैरान करने वाले सबूत सामने आए हैं। वधावन ने पब्लिक के पैसे का एक हिस्सा ड्रग माफिया इकबाल मिर्ची को दे दिया। ईडी ने बधावन को गिरफ्तार कर लिया है। उसका भाई धीरज बेल पर है।

जांच कर रहे एक अधिकारी ने बताया, वधावन ने वर्ली में तीन प्रॉपर्टी खरीदी। ये अंडरवर्ल्ड डॉन इकबाल मिर्ची की प्रॉपर्टी थी। दस्तावेजों के मुताबिक तीनों की कीमत 111 करोड़ रुपए है। 150 करोड़ रुपए की पेमेंट दुबई में हवाला के जरिए की गई। 79 कंपनियों के फर्जी पेपर पकड़े गए हैं। एक लाख से ज्यादा फर्जी लोगों के नाम मिले जिन्हें लोन दिए गए। ईडी वर्ली में खरीदी गई तीनों प्रॉपर्टी की जांच कर रही है।

## साइना के बीजेपी में शामिल होने पर ज्वाला गुट्टा का तंज, बोलीं- बेवजह पार्टी जॉइन की

**नई दिल्ली(ए.)।** शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर पूर्व युगल खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा ने उसका नाम लिये बिना तंज कसते हुए इसे 'बेवजह' पार्टी से जुड़ना करार दिया।

ओलिंपिक पदक विजेता साइना के बुधवार को भाजपा में शामिल होने के बाद गुट्टा ने ट्वीट किया, 'पहली बार सुना है। बेवजह खेलना शुरू किया और अब बेवजह पार्टी जॉइन किया।' दुनिया की पूर्व नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी साइना ने भाजपा में शामिल होने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए अपनी कड़ी मेहनत से उन्हें प्रेरित किया है।

साइना ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए अपनी कड़ी मेहनत से उन्हें प्रेरित किया है। बीजेपी हेडक्वॉर्टर पर एक समारोह में पार्टी में शामिल होने वाली नेहवाल ने कहा कि बीजेपी देश के लिए काफी काम कर रही है और वह सदस्य के तौर पर अपनी भूमिका निभाएंगी।

केंद्र सरकार की नीतियों की अक्सर ट्विटर पर सराहना करने वाली साइना ने पत्रकारों से कहा कि वह खुद कड़ी मेहनत करने वाली खिलाड़ी हैं और मेहनती लोगों को पसंद करती है। उन्होंने कहा, 'मैं खुद कड़ी मेहनत करती हूं और मुझे मेहनती लोग पसंद है। नरेंद्र मोदी सर देश के लिए दिन-रात काम कर रहे है । मैं यदि उनके साथ कुछ काम कर सकी तो यह मेरा सौभाग्य होगा। मैं मोदी सर से काफी प्रेरणा लेती हूं । वह मेरे प्रेरक हैं ।'

### कई खिताब जीत चुकी हैं

दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना ओलिंपिक कांस्य समेत कई अंतरराष्ट्रीय खिताब जीत चुकी हैं। उन्होंने लंदन ओलिंपिक 2012 में कांस्य पदक जीता था। उनकी बड़ी बहन चंद्रांशु नेहवाल ने भी उनके साथ पार्टी की सदस्यता ली।

**फेरबदल** शाहबानो केस से अलग बोर्ड का रवैया धार्मिक मामलों पर पहले की तुलना में लचीला होता दिख रहा

# तलाक से मस्जिद तक, बदल रहा मुस्लिम बोर्ड

- मस्जिद में महिलाओं के नमाज पर बोर्ड ने SC में कहा, 'इस्लाम के आधार पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं है'
- तीन तलाक को अपराध बनाने के कानून के खिलाफयाचिका दी है लेकिन बोर्ड ने भी इसे गैर-इस्लामी माना

**नई दिल्ली (वार्ता)।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) की रणनीति और सोच में बदलाव को पिछले कुछ वर्षों में साफदेखा जा सकता है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में बोर्ड ने महिलाओं के मस्जिद में नमाज़ पढ़ने को लेकर कहा कि पुरुषों की ही तरह महिलाओं को भी इसकी अनुमति है। एक वक्त ऐसा था कि शाह बानो केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले (1985) को दरकिनार कर एआईएमपीएलबी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी को भी झुकने को मजबूर कर दिया। हालांकि, वक्त के साथ बोर्ड के रुख में बदलाव स्पष्ट दिख रहा है और पहले तीन तलाक के बाद अब मस्जिदों में महिलाओं के प्रवेश पर बोर्ड ने अपना स्टैंड काफी लचीला किया है।

बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एआईएमपीएलबी ने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को पुरुषों की तरह ही नमाज के लिए मस्जिदों में प्रवेश की अनुमति होती है। यास्मीन जुबेर अहमद पीरजादा की जनहित याचिका पर एआईएमपीएलबी का यह जवाब आया। एआईएमपीएलबी के सचिव मोहम्मद फजलुर्रहीम ने वकील एम आर शमशाद के माध्यम से दाखिल अपने हलफनामे में यह जानकारी दी।

**शाहबानो केस में बोर्ड का रुख था बेहद आक्रामक:** चर्चित शाहबानो तलाक मामले में बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानने से साफ इनकार कर दिया था। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने शाहबानो के पक्ष में आए न्यायालय के फैसले के खिलाफ बगवात की और देश के तमाम मुस्लिम संगठन इस फैसले का विरोध करने लगे। बोर्ड और संगठनों का कहना था कि न्यायालय उनके पारिवारिक और धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप कर धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का हनन कर रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट में बोर्ड ने दाखिल किया हलफनामा

बोर्ड की ओर से दाखिल हलफनामे के अनुसार,'धार्मिक पाठों, शिक्षाओं और इस्लाम के अनुयायियों की धार्मिक आस्थाओं पर विचार करते हुए यह बात कही जा रही है कि मस्जिद के भीतर नमाज अदा करने के लिए महिलाओं के मस्जिद में प्रवेश की अनुमति है। कोई मुस्लिम महिला नमाज के लिए मस्जिद में प्रवेश के लिए स्वतंत्र है। उसके पास मस्जिद में नमाज के लिए उपलब्ध इस तरह की सुविधाओं का लाभ उठाने के उसके अधिकार का उपयोग करने का विकल्प है।'

### तीन तलाक पर भी बोर्ड का स्टैंड रहा नर्म

तीन तलाक को कानूनन अपराध घोषित करने के फैसले के खिलाफ बोर्ड ने भले ही सुप्रीम कोर्ट में अपील की है, लेकिन इस पर बोर्ड का रुख नर्म रहा है। शिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ही नहीं एआईएमपीएबी का भी कहना है कि तीन तलाक गैर-इस्लामी है। बोर्ड की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए जवाब में कहा गया था, 'तीन तलाक इस्लाम की ओर से गैर-इस्लामिक है और पाप की तरह है।' हालांकि, बोर्ड ने कहा था कि तीन तलाक के खिलाफकानून बनाकर इसके लिए सजा निर्धारित करने की जरूरत नहीं है और समाज के अंदर ही जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिससे बदलाव दिखने लगेगा।

**चुनाव आयोग का ऐक्शन**

## अनुराग ठाकुर पर 3 और प्रवेश पर 4 दिन का बैन

- दोनों के अलग-अलग भाषणों और बयान पर विवाद था, जिसकी चुनाव आयोग को शिकायत की गई थी

**नई दिल्ली(ए.)।** दिल्ली चुनाव प्रचार के दौरान विवादित भाषण देने के लिए भारतयी जनता पार्टी (बीजेपी) नेता अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा पर चुनाव आयोग ने ऐक्शन लिया है। दोनों के प्रचार करने पर कुछ दिनों के लिए बैन लगा दिया गया है। बता दें कि इससे पहले चुनाव आयोग ने दोनों को स्टार प्रचारक की लिस्ट से बाहर करवा दिया था।

मिली जानकारी के मुताबिक, चुनाव आयोग ने मंत्री अनुराग ठाकुर पर 72 घंटे यानी तीन दिन का बैन लगाया है। यानी अब वह तीन दिन प्रचार नहीं कर पाएंगे। वहीं दिल्ली से सांसद प्रवेश वर्मा 96 घंटे यानी 4 दिन प्रचार नहीं कर पाएंगे।

इससे पहले दोनों स्टार प्रचारक की लिस्ट से बाहर करवाए गए थे। उस स्थिति में पार्टी प्रचार का खर्च नहीं देती। लेकिन दोनों प्रचार करते रह सकते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

# सीएसआर मद से राज्य में शुरू होगी अत्याधुनिक खेल अकादमियां

- मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना की होगी शुरूआत
- पारंपरिक खेलों गेंडी, भौंरा, फ गड़ी को किया जाएगा प्रोत्साहित

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में आयोजित छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण की गवर्निंग बॉडी की प्रथम बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि खिलाड़ियों को अत्याधुनिक खेल सुविधाएं और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रदेश में अत्याधुनिक खेल अकादमियां प्रारंभ की जाएगी, इन आकदमियों के लिए स्टेडियमों के चयन का दायित्व मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित प्राधिकरण की कार्यकारिणी समिति को सौंपा गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से खेल आकदमियों के लिए स्टेडियमों का चयन शीघ्र करने के निर्देश दिए ।

बैठक में यह निर्णय भी लिया गया की खिलाड़ियों को विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की जाएगी। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों-गेंडी, भौंरा, फुगड़ी जैसे खेलों को प्रोत्साहित किया जाएगा। पारंपरिक खेल अब विलुप्त होते जा रहे हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की प्रदेश के महत्वपूर्ण खेल स्टेडियम अब छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण के आधीन रखे जाएंगे । खेल अकादमी का संचालन सी.एस.आर. मद के माध्यम से किया जाएगा । मुख्यमंत्री ने इसके लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित प्राधिकरण की कार्यकारिणी समिति को सौंपा । छत्तीसगढ़ खेल प्राधिकरण में दो सांसदों, पांच विधायकों और दो उत्कृष्ट खिलाड़ियों के मनोनयन के लिए मुख्यमंत्री बघेल को अधिकृत किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ में हॉकी, तीरंदाजी, एथलेटिक, क्रिकेट, स्विमिंग, आर्चरी, इंडोर गेम्स (मार्शल आर्ट), फुटबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, कबड्डी और खो-खो की अकादमी प्रारंभ करने का निर्णय भी लिया गया।

सीएम भूपेश की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण की प्रथम बैठक संपन्न

## न्यूज गैलरी

### पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**रायपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस 30 जनवरी को आज यहां पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में पूर्वान्ह 11 बजे 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा महात्मा गांधी और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

### जनसंपर्क संचालनालय में राष्ट्रपिता और शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**रायपुर।** जनसंपर्क संचालनालय इन्द्रावती भवन नवा रायपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें तथा अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। स्वतंत्रता आंदोलन में शहीदों के योगदान का स्मरण किया गया। इस अवसर पर संचालनालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर मंत्रालय में दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर आज शहीद दिवस के अवसर पर मंत्रालय महानदी भवन में राष्ट्रपिता एवं भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर अधिकारी-कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर कलेक्टोरेट में दी गई श्रद्धांजलि

**रायपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर 30 जनवरी की सुबह 11 बजे कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन की उपस्थिति में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कलेक्टोरेट और जिले के विभिन्न कार्यालयों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पीसीसी मुख्यालय में बापू को दी गई श्रद्धांजलि

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** देश के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ ने बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन के साथ-साथ सभी जिला मुख्यालयों और ब्लाक मुख्यालयों में दो मिनट का मौन रखकर बापू को श्रद्धांजलि दी गयी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज प्रदेश कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, एनएसयुआई, इंटुक एवं समस्त मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठों, विभागों के तत्वाधान में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि, माल्यार्पण अर्पित कर पुण्य स्मरण करते हुये श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, महापौर एजाज ढेबर, विधायक कुलदीप जुनेजा, प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला, सुरेन्द्र वर्मा, पंकज शर्मा, पार्षद प्रमोद मिश्रा, सुंदर जोगी, कांग्रेस संस्कृति विभाग के अध्यक्ष दिलीप षड़ंगी, कांग्रेस विचार विभाग अध्यक्ष हसन खान, प्रदेश सेवादल प्रमुख अरूण ताम्रकार, सचिव सुशील कुमार अग्रवाल (सन्नी), इदरीश गांधी और सयैद इम्तियाज हैदर आदि उपस्थित थे।

## विधान सभा में राष्ट्रपिता के तैल चित्र को दी गयी पुष्पांजलि

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में आज पूर्वाह्न 11.00 बजे विधान सभा सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, विधानसभा के प्रमुख सचिव चन्द्र शेखर गंगराड़े एवं सचिवालय के अधिकारियों/कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा। तत्पश्चात् विधान सभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में प्रतिष्ठापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के तैल चित्र पर विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत एवं विधानसभा के प्रमुख सचिव चन्द्र शेखर गंगराड़े एवं अधिकारियों/कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर अपने संदेश में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे और उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। गांधी जी ने देश की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता के लिए अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया और हमें गर्व है कि ऐसे महापुरूष का जन्म भारत भूमि में हुआ। उन्होंने कहा कि- गांधी जी के सिद्धांतों का अनुसरण कर ही देश विकास एवं सम्पन्नता के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है।

## राज्यपाल उईके ने राजभवन में किया दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आज राजभवन के दरबार हाल में राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं अपना रक्त, दांत और आंख की जांच कराई। स्वास्थ्य शिविर के पहले दिन लगभग 179 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पहली बार मोबाईल डेंटल क्लिनिक राजभवन पहुंचा, जिसमें अनेक लोगों ने दंत परीक्षण कराया।

राज्यपाल सुश्री उइके ने राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि वे सभी लोग इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं। राज्यपाल ने स्वास्थ्य शिविर के सभी स्वास्थ्य जांच और परीक्षण स्थल पर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण की प्रगति के संबंध में पूछताछ की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री सोनमणि बोरा और डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. विनीत जैन, शासकीय दंत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र वाढेर, राजभवन के चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूपल पुरोहित, डॉ. सुनीति मंगरूलकर, डॉ. शिशिर साहू सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पॉवर कंपनी में शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन प्रागंण में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देष के बलिदानी सपूतों सहित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का स्मरण किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) अशोक कुमार, प्रबंध निदेशक (जनरेशन) एनके बिजौरा, कार्यपालक निदेशक एचके पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कंपनी के अतिरिक्त महाप्रबंधक विजय मिश्रा ने शहीद दिवस के आयोजन एवं महत्ता को व्यक्त करते हुये देष एवं स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के बलिदानी सपूतों के महान कार्यो पर प्रकाष डाला।

**यादें** छग की सादगी से प्रभावित, शुद्ध हास्य ही है मनोरंजन का आधार : नायकर

## टीवी शोज शुद्ध हास्य का स्थान नहीं ले सकते

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** देश विदेश में अपने विशुद्ध हास्य मनोरंजन के जरिये लोगों को हंसाने वाले केके नायकर आज भी अपनी कॉमेडी के दम पर जिंदा हैं। दशकों से ताजा तरीन विषयों पर व्यंग्य धार के माध्यम से लोगों को हंसाने वाले केके नायकर का कहना है कि वे छत्तीसगढ़ की सादगी से बेहद प्रभावित हैं। छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए नायकर ने आज प्रेस क्लब रायपुर के रूबरू कार्यक्रम में अपने कार्यक्रमों की पुरानी यादों के जरिये यह संदेश दिया कि टीवी शोज के माध्यम से आज हास्य में जो फूहड़ता व अश्लीलता आ गई है। वह परिवार के साथ देखने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे हास्य की उम्र बहुत कम होती है। उन्होंने अपने हास्य कार्यक्रमों में दर्शकों का विशुद्ध मनोरंजन किया जो आज भी जारी है। पुराने दौर की चर्चा करते हुए कृष्ण कुमार नायकर ने कहा कि देश में एक ऐसा भी दौर जब मनोरंजन के सीमित साधन हुआ करते थे। लोग आपस में एक दूसरे से सूचना पाकर कार्यक्रमों में पहुंचते थे। हजारों लोगों के बीच में जब कार्यक्रम देना हो तो कलाकार को सोचना चाहिए कि वह किस प्रकार का कार्यक्रम दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करें। पुराने कार्यक्रमों की स्मृति को ताजा करते हुए नायकर ने वर्षों पहले अंग्रेजी फिल्म की मिमिक्री को वेसे ही प्रस्तुत किया जैसा वे 70-75 के दौर में अपने कार्यक्रम में दिया करते थे। उन्होंने कहा कि लोगों के आचारण में कृत्रिमता आ गई है। आवरण हमने इतने ओढ़ लिए हैं कि अपनी पहचान खोते जा रहे हैं। आने वाला समय संस्कृति को बचाये रखने के लिए परम्परा को बनाये रखने का है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ का भोलापन उन्हें सदा प्रभावित करता रहा है। दण्डाकारण्य की इस भूमि को वे देश विदेश में अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत करते रहे हैं। खान पान की चर्चा करते हुए नायकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ की लाल भाजी एवं यहां का मुनगा जब भी वे कार्यक्रम देने आते रहे हैं। वापसी में लेकर लौटे हैं।

प्रेस से मिलिये कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सोनी ने नायकर जिंदा है के माध्यम से लोगों के बीच पुराने दौर को जीवित करने में प्रमुख भूमिका निभाई। परम्परा अनुसार प्रेस क्लब अध्यक्ष दामू आम्बेडारे एवं वरिष्ठ पत्रकारों ने कृष्ण कुमार नायकर का पुष्पगुच्छ से अभिनंदन करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सदैव लोगों के मनोरंजन को पूर्व की भांति प्रस्तुत करने की शुभकामनाएं दी।

## प्रदेश में अब तक 63.47 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी

**रायपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में प्रदेश के किसानों से 85 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 63 लाख 47 हजार 126 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। राज्य के 19 लाख 52 हजार 736 पंजीकृत किसानों में से अब तक 14 लाख 95 हजार 77 किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदा गया है। धान बेचने वाले 14 लाख 15 हजार 595 किसानों को 10,904 करोड़ 33 लाख रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया गया है। खाद्य विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बताया कि प्रदेश के बस्तर जिले में 94 हजार 357 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। इसी प्रकार बीजापुर जिले में 35 हजार 296 मीट्रिक टन धान, दंतेवाडा जिले में 7 हजार 224 मीट्रिक टन, कांकेर जिले में एक लाख 95 हजार 549 मीट्रिक टन, कोण्डागांव जिले में 92 हजार 822 मीट्रिक टन, नारायणपुर में 11 हजार 686 मीट्रिक टन, सुकमा में 24 हजार 530 मीट्रिक टन, बिलासपुर जिले में 3 लाख 91 हजार 818 मीट्रिक टन, जांजगीर-चांपा में 6 लाख 84 हजार 577 मीट्रिक टन, कोरबा में 67 हजार 21 मीट्रिक टन, मुंगेली जिले में 2 लाख 44 हजार 69 मीट्रिक टन, रायगढ़ जिले में 3 लाख 54 हजार 411 मीट्रिक टन, बालोद में 4 लाख 12 हजार 925 मीट्रिक टन, बेमेतरा जिले में 3 लाख 77 हजार 650 मीट्रिक टन और दुर्ग जिले में 3 लाख 7 हजार 966 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है।

## पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का मतदान आज

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में हो रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का मतदान कल 31 जनवरी को होगा। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है।

राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार दूसरे चरण में 31 जनवरी को 21 जिलों के 36 विकासखंडों के 2505 ग्राम पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। जिसके लिए चुनाव में कुल 23013 पदों के लिए 62723 उम्मीदवार मैदान में है। इनमें पंच के 19870 पदों के लिए 48952 उम्मीदवार, सरपंच के 2396 पदों के लिए 10496 उम्मीदवार, जनपद सदस्य के 658 पदों के लिए 2870 उम्मीदवार, जिला पंचायत सदस्य के 89 पदों के लिए 405 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है।

दूसरे चरण में चुनाव के लिए कुल 6353 मतदान केन्द्र बनाए गए है। इन मतदान केन्द्रों के लिए आज मतदान दलों को भी रवाना किया जा रहा है। दूसरे चरण में कुल मतदान केन्द्रों में से 1882 मतदान केन्द्र संवेदनशील एवं 742 अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्र है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों में मतदान सुबह 6.45 बजे से दोपहर 02 बजे तक होंगे, वहीं सामान्य मतदान केन्द्रों में मतदान सुबह 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक होंगे। दूसरे चरण में कुल 30 लाख 56 हजार 648 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

ज्ञात हो कि पहले चरण में 28 जनवरी को हुए चुनाव में 80.94 प्रतिशत मतदान हुआ था। इससे यह पता चलता है कि पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीण कितने जागरूक है। संभावना जतायी जा रही है कि दूसरे चरण में भी मतदान का प्रतिशत 80 प्रतिशत के आसपास या उससे ऊपर जा सकता है। तीसरे व अंतिम चरण का चुनाव 03 फरवरी को होगा।

## संपादकीय

# शरजील का कबूलनामा

असम को भारत से कांटने की धमकी देने वाले शरजील इमाम ने पुलिस की पूछताछ में यह कबूल किया है कि उसने असम को लेकर जो बयान दिया था उसपर वह आज भी कायम है उसे अपने बयान पर कोई पछतावा नहीं है यदि वह जमानत पर छूटा तो फिर इसी तरह का बयान देगा। उसने तो यहां तक कहा है कि वह भारत को इस्लामिक स्टेट बनते हुए देखना चाहता है। उसके इस कबूलनामे से यह बात साफ हो गई है कि उसकी सोच कितनी खतरनाक है। इस बारे में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ठीक ही कहा है कि शरजील इमाम कन्हैया कुमार से भी ज्यादा बड़ा गद्दार है। शरजील इमाम जैसे लोग ही इस देश की गंगा जमुनी तहजीब को खत्म करने की साजिश रच रहे है ऐसे लोगों के खिलाफ तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। जेएनयू में भारत तेरे टुकड़े-टुकड़े होंगे का नारा लगाने वाले गद्दारों के खिलाफ यदि अब तक कड़ी कार्यवाही हो गई होती तो शरजील इमाम जैसे देश विरोधी बात करने की हिम्मत नहीं कर पाते। नए नागरिकता कानून को लेकर शाहीन बाग में चल रहे तथा कथित आंदोलन में भी देश के खिलाफ जहर उगलने में कोई कमी नहीं की जा रही है। शाहीन बाग और जंतर-मंतर में हो रहे प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंचने वाले कई नेताओं ने विवादास्पद बयानबाजी कर माहौल को बिगाड़ने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। हद तो इस उस समय हो गई जब नए नागरिकता कानून के खिलाफ जंतर-मंतर में हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक कथित लेखक तपन घोष ने भारतीय सेना के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि भारतीय सेना लोगों को मारती है उसने यह भी कहा कि पाकिस्तान हमारा दुश्मन नहीं है। ऐसे लोग देश द्रोही नहीं तो और क्या है? इन लोगों को सरकार को कड़ी कार्यवाही करने से नहीं हिचकना चाहिए। यदि इन्हे छूट दी गई तो देखते ही देखते देश में ऐसे गद्दारों की फौज खड़ी हो जाएगा। सरकार को चाहिए कि इस देश का खाने और पाकिस्तान के गुण गाने वाले इन देशद्रोहियों को जेल में ठूंसे। इसके लिए अवश्यक हो तो देशद्रोह के अपराध की सजा को और कड़ा करने के लिए कानून में संशोधन भी करें।

## विचार

# मुसलमानों की देशभक्ति ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने उन शांतिपूर्ण आंदोलनों की तारीफ की है, जो नए नागरिकता कानून के विरोध में चल रहे हैं। उनका कहना है कि इससे भारत का लोकतंत्र मजबूत हो रहा है। मैं तो इस कथन से भी थोड़ा आगे जाता हूं। मेरा कहना है कि यह आंदोलन चाहे इस गलतफहमी के आधार पर चल रहा है कि इस नए कानून से देश के मुसलमानों की नागरिकता छिन जाएगी जबकि इस कानून का संबंध सिर्फ उन मुसलमान शरणार्थियों से है, जो बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आ सकते हैं। भारत में रहनेवाले मुसलमान नागरिकों से इस कानून का कुछ लेना-देना नहीं है लेकिन वे और उनके साथ हिंदू और सिख नौजवान मिलकर जिस उत्साह से देश में प्रदर्शन कर रहे हैं, वह अपने आप में अनुपम है। इसके कई कारण हैं। पहला, तो यही कि देश में लोकतंत्र मजबूत हो रहा है। विरोध को पूरी आजादी है। दूसरा, यह आंदोलन अहिंसक है।। खून-खराबा बिल्कुल नहीं है। तीसरा, मुस्लिम महिलाएं पहली बार घर से बाहर निकल कर प्रदर्शन कर रही हैं। उनमें जागृति फैल रही है। हजार-बारह सौ साल में किसी मुस्लिम देश में भी ऐसा दृश्य कभी नहीं दिखा। चौथा, हिंदू-मुस्लिम एकता का यह प्रदर्शन भी अपूर्व है। पांचवां, मुसलमान छाती ठोक-ठोक कर कह रहे हैं कि हम उतने ही पक्के भारतीय हैं, देशभक्त हैं, जितना कि कोई और हो सकता है। इसका श्रेय भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को है। छठा, हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण का सांप्रदायिक दांव नाकाम होता दिखाई पड़ रहा है। सातवां, भाजपा के आम कार्यकर्ता भी महसूस कर रहे हैं कि उनके नेताओं ने घर बैठे यह कैसी मुसीबत मोल ले ली है ? नई सरकार ने अपने गले में यह सांप क्यों लटका लिया है? कौन से मुसलमान शरणार्थी भारत में शरण मांगने आ रहे हैं ? एक काल्पनिक भूत ने देश में कोहराम मचा रखा है।

## टेक ज्ञान

# नोकिया ला रहा खास स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** इन दिनों स्मार्टफोन की तकनीक में कई तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। सभी कंपनियां इस होड़ में लगी हैं कि वह किस तरह अपने स्मार्टफोन को दूसरों से अलग बना पाएं। पिछले साल हमने कई स्मार्टफोन में पॉप-अप से लेकर पंच होल तक, कैमरे के अलग-अलग रूप देखे। अब खबर है कि जल्द ही अंडर-डिस्प्ले कैमरे वाला फोन भी आने वाला है। रिपोर्ट्स की मानें तो नोकिया ऐसे ही एक फोन पर काम कर रहा है, जिसमें डिस्प्ले के अंदर कैमरा होगा। नोकिया के नए स्मार्टफोन्स पर नजर रखने वाले ट्विटर यूजर नोकिया ए न्यू ने दावा किया कि एचएमडी ग्लोबल अपने आने वाले फ्लैगशिप स्मार्टफोन में अंडर-डिस्प्ले सेल्फी कैमरा ला सकती है।

# तिकड़ी के खिलाफ प्रदर्शन जारी

### सुप्रीम कोर्ट का निर्णय अहम

**अमृतानंद चक्रवर्ती**

> पिछले कुछ दशकों में, भारतीय न्यायशास्त्र ने 'सहकारी संघवाद' का उदय देखा है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारें संघ की सामाजिक कल्याणकारी विधानों को लागू करने के लिए एक सार्थक संघीय भावना के साथ एक-दूसरे का सहयोग करती हैं, जैसे कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005, आदि। इस संदर्भ में, किसी को वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करना होगा जिसमें 11 राज्यों ने भारतीय संविधान और उसके लोगों को नष्ट करने के लिए सीएए-एनआरसी घातक मिश्रण से असहमत थे। क्या यह सहकारी संघवाद का प्रश्न है? क्या राज्यों को एक भेदभावपूर्ण केंद्रीय कानून के कार्यान्वयन में सहयोग करना चाहिए? यदि वे नहीं करते हैं, तो क्या यह संविधान का उल्लंघन है या संविधान के संरक्षण में है?

भारत में सीएए-एनआरसी-एनपीआर की ड्रोनियन तिकड़ी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है, जबकि न्यायपालिका किसी भी सार्थक हस्तक्षेप करने से पहले हिंसा के रुकने का इंतजार कर रही है '। इसके विपरीत, कई राज्य सरकारों ने इन कानूनों के पीछे के सिद्धांत और कार्यान्वयन पर अपनी मजबूत असहमति व्यक्त की है। इनमें से, केरल और पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्रियों, पी विजयन और ममता बनर्जी ने राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर पर काम रोकने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, और गृह मंत्री अमित शाह की अगुवाई में केंद्र सरकार की फासीवादी नीतियों के कारण राज्य सरकारों का बढ़ता विरोध भारत के संघीय ढांचे और भारतीय संविधान पर गंभीर दबाव का स्पष्ट संकेत है। मुद्दा यह है कि क्या राज्य एक अंतर्निहित भेदभावपूर्ण कानून या संघीय ढांचे के कानून का उल्लंघन करने के लिए बाध्य हैं या क्या संविधान राज्य सरकारों को उनकी स्वायत्तता की रक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करता है?

हाल के दो मामलों में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह सवाल है, जिसमें राज्य सरकारों ने मुकदमा कर केंद्रीय कानून की वैधता को चुनौती दी है। एक मामले में, केरल राज्य ने सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019) की वैधता को चुनौती देने वाले संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत एक मुकदमा दायर किया है, जबकि एक अन्य मामले में, छत्तीसगढ़ राज्य ने इसी तरह का मुकदमा दायर किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी अधिनियम, 2008 की वैधता पर। वह इस आधार पर है कि यह सहकारी संघवाद के सिद्धांत का उल्लंघन करता है, जो संविधान की मूल संरचना का हिस्सा है। इससे पहले कि हम इन दो मामलों की बारीकियों में उतरें, भारतीय राजनीति की संघीय प्रकृति को समझना महत्वपूर्ण है।

संविधान का अनुच्छेद 1 (1) कहता है कि इंडिया, जो भारत है, राज्यों का एक संघ होगा। हालांकि संविधान ने 'संघीय' शब्द का उपयोग नहीं किया, लेकिन संविधान का सार प्रकृति में संघीय था। संविधान सभा की बहसें अति-केंद्रीकरण के खतरों के संदर्भ में और प्रांतों की स्वायत्तता और व्यक्तिगत संस्कृतियों की रक्षा करने की आवश्यकता से परिपूर्ण हैं। इस बारे में लगभग एकमत राय थी कि भारत एक एकात्मक सरकार द्वारा शासित होने वाले देश के रूप में बहुत विविध और विशाल था, लेकिन 1947 में विभाजन की भयावहता ने एक मजबूत केंद्र सरकार के पक्ष में पैमाने को झुका दिया। अगस्त, 1947 में संविधान सभा को दी गई यूनियन पावर्स कमेटी की दूसरी रिपोर्ट के अनुसार, ÷अब यह विभाजन एक सुलझा हुआ तथ्य है, हम इस बात पर एकमत हैं कि यह देश के हितों के लिए हानिकारक होगा। कमजोर केंद्रीय प्राधिकरण जो सामान्य चिंता के समन्वित मामलों और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष में पूरे देश के लिए प्रभावी ढंग से बोलने के लिए, शांति सुनिश्चित करने में असमर्थ होगा। तदनुसार, डॉ बीआर अंबेडकर ने नवंबर,

1948 में मसौदा संविधान पेश किया। ÷समय और परिस्थितियों की आवश्यकताओं के अनुसार मसौदा संविधान एकात्मक और संघीय दोनों हो सकता है। सामान्य समय में, इसे संघीय प्रणाली के रूप में काम करने के लिए तैयार किया गया है। लेकिन युद्ध के समय में इसे ऐसा काम करने के लिए डिजाइन किया गया है जैसे कि यह एक एकात्मक प्रणाली थी। एक बार जब राष्ट्रपति एक उद्घोषणा जारी करता है, जिसे वह अनुच्छेद 275 के प्रावधानों के तहत करने के लिए अधिकृत है, तो पूरा दृश्य रूपांतरित हो सकता है और राज्य एकात्मक राज्य बन जाता है।

संघ यह दावा कर सकता है कि क्या वह (1) सत्ता चाहता है किसी भी विषय पर विधायिका, भले ही वह राज्य सूची में हो, (2) राज्यों को दिशा-निर्देश देने की शक्ति के रूप में कि कैसे उन्हें अपने कार्यकारी अधिकार का उन मामलों में उपयोग करना चाहिए जो उनके प्रभार के भीतर हैं, (3) अधिकार निहित करने की शक्ति किसी भी अधिकारी में किसी भी उद्देश्य के लिए, और (4) संविधान के वित्तीय प्रावधानों को निलंबित करने की शक्ति। स्वयं को एकात्मक राज्य के रूप में परिवर्तित करने की ऐसी शक्ति जिसके पास कोई महासंघ नहीं है। इस प्रकार, बहस से स्पष्ट है कि संविधान-निर्माताओं ने भारतीय राजनीति को अनिवार्य रूप से एक संघीय प्रणाली बनाने का इरादा किया था, केंद्र और राज्यों की परिधि में संघ के साथ प्रत्येक संप्रभु शक्तियों के साथ संपन्न क्षेत्र में व्यायाम करने के लिए सौंपा गया था। संविधान द्वारा उन्हें युद्ध जैसे बाहरी परिश्रम के दौरान, राज्य की चिंताओं को ध्यान में रखे बिना, केंद्र अपनी विधायी और कार्यकारी शक्तियों का एकात्मक रूप में उपयोग कर सकता है। इस समझ को भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल राज्य में भारत सरकार द्वारा प्रदर्शित किया था, जिसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि ÷हमारे संविधान ने केंद्र के प्रति मजबूत पूर्वाग्रह के साथ एक संघीय ढांचे को अपनाया। इस तरह की संरचना के तहत, जबकि केंद्र उग्र प्रवृत्ति के विकास को रोकने के लिए मजबूत रहता है, राज्यों को उन्हें आवंटित क्षेत्रों में सामान्य समय में व्यावहारिक रूप से स्वायत्त बनाया जाता है। ÷केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1976), सुप्रीम कोर्ट संविधान की मूल संरचना के हिस्से के रूप में संघवाद रखा गया, जिसे संशोधन के माध्यम से बदला नहीं जा सकता। **(संवाद)**

# सिरे नहीं चढ़ा पाये विपक्षी एकता के प्रयास

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> हाल ही में कांग्रेस पार्टी पहले महाराष्ट्र फिर झारखंड की गठबंधन सरकार में शामिल हुई है। लेकिन दोनों ही प्रदेशों में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय दलों के हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना व झारखंड में झारखंड मक्ति मोर्चा कांग्रेस से गठजोड़ करने से पूर्व भारतीय जनता पार्टी से भी गठबंधन कर सरकार चला चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस का यह सोचना के इन प्रदेशों में उनका जनाधार बढ़ा है अपने आप को गुमराह करने के समान है। नागरिकता संशोधन कानून पर कांग्रेस ने जिस तरह से केन्द्र सरकार के विरोध करने का तरीका अपनाया है। उससे देश भर में बुद्धिजीवी व राष्ट्रवादी विचारधारा के लोगो की भावना कांग्रेस के प्रति और अधिक नकारात्मक हुयी है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को विपक्षी दलों को एकजुट कर उनके सहारे नरेन्द्र मोदी सरकार को घेरने की रणनीति बनाने की बजाय प्रदेशों में अपनी पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कारगर प्रयास करना चाहिये।

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिकता पंजीकरण (एनआरसी) के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा केंद्र सरकार विरोधी दो दर्जन विपक्षी दलों की एकता को लेकर बुलाई गई बैठक असफल साबित हुई है। सोनिया गांधी द्वारा बुलाई गई बैठक में विभिन्न प्रदेशों में प्रभावशाली क्षेत्रीय दल समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रुमक, तेलुगू देशम पार्टी, शिवसेना, आप पार्टी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक का बहिष्कार कर एक तरह से सोनिया गांधी के विपक्षी एकता के प्रयासों को तगड़ा झटका दिया है। सोनिया गांधी द्वारा आयोजित बैठक का सर्वप्रथम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बहिष्कार करने की घोषणा की थी। ममता बनर्जी का कहना था कि बंगाल में तो कांग्रेसी नेता वामपंथी दलों के साथ मिलकर हमारी सरकार के खिलाफ अभियान चलाते है और दिग्री में सोनिया गांधी कांग्रेस की बैठक में विपक्षी दलों को एकता करने की बात को लेकर उनको आमंत्रित करती है। कांग्रेस के इस प्रकार के दोहरे रवैये के चलते हम दिग्री की बैठक का बहिष्कार करते हैं। ममता बनर्जी का कहना था कि हम केन्द्र सरकार की नीतियों का विरोध करते हैं मगर हमें कांग्रेस के साथ की जरूरत नहीं हैं।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी बैठक से पूर्व ट्वीट कर कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राजस्थान में बसपा विधायक कांग्रेस सरकार को बिना शर्त बाहर से समर्थन दे रहे थे। उसके बावजूद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बसपा के सभी 6 विधायकों को तोड़कर कांग्रेस में शामिल करवा लिया। कांग्रेसी एक तरफ तो विपक्षी एकता की बात करती है दूसरी तरफ बसपा के विधायकों को तोड़ रही है। राजस्थान में मुख्यमंत्री गहलोत दो बार हमारे विधायको को तोड़ कर हमारी पार्टी को कमजोर करने का प्रयास किया है। ऐसी स्थिति में हम कांग्रेस के साथ किसी भी तरह का गठबंधन करने के पक्ष में नहीं है। बसपा कांग्रेस के साथ किसी बैठक में भी शामिल नहीं होगी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना महाराष्ट्र की अघाड़ी सरकार में कांग्रेस के साथ शामिल है। लेकिन शिवसेना ने भी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा आहूत की गई विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होना उचित नहीं समझा। तमिलनाडु में एम स्टालिन की द्रुमक, आंध्र प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू

नायडू की तेलुगू देशम पार्टी, दिग्री के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी ने भी कांग्रेस की बैठक से दूरी बनाए रखी।

कांग्रेस द्वारा आयोजित बैठक में कांग्रेस के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल, जम्मू कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस, जम्मू कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, चौधरी अजीत सिंह का राष्ट्रीय लोक दल, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, शरद यादव का लोकतांत्रिक जनता दल, कर्नाटक का जनता दल सेक्युलर, जीतन राम मांझी कि हम, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, आरएसपी, केरल कांग्रेस मणि गुट व असम के बदरुद्दीन अजमल की एआईयूडीएफ पार्टी शामिल हुई। मीटिंग से पूर्व कांग्रेसी नेताओं को आशा थी कि केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ सभी विपक्षी दल उनके नेतृत्व में एकजुट होकर आगामी संसद सत्र में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार हगा बोलेंगे। लेकिन कई प्रदेशों में प्रभावशाली विपक्षी दलों के नेताओं के कांग्रेस की बैठक में शामिल नहीं होने से विपक्षी दलों का नेतृत्व करने का कांग्रेस पार्टी के नेताओं के मंसूबे धरे रह गए। कांग्रेस की मीटिंग में जो 17 दल शामिल हुये उनके पास लोकसभा की मात्र 73 सीटें है तथा उन सभी दलों को मिलाकर पिछले लोकसभा चुनाव में 24.59 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस की बैठक में शामिल बिहार की राष्ट्रीय जनता दल, जम्मू कश्मीर की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, उत्तर प्रदेश के अजीत सिंह का राष्ट्रीय लोक दल, शरद यादव का लोकतांत्रिक जनता दल, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी कि हम, पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी का तो लोकसभा में एक भी सदस्य नहीं है। जबकि कांग्रेस के पास 52, एनसीपी के 5, नेशनल कांफ्रेंस के पास 3, मुस्लिम लीग के पास 3, माकपा के पास 3, भाकपा के पास 2, झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास 1, जनता दल सेक्युलर के पास 1, आरएसपी के पास 1, केरल कांग्रेस मणि गुट के पास 1 व एआईयूडीएफ के पास 1 सांसद है। वहीं कांग्रेस की बैठक का बहिष्कार करने वाले विरोधी दलों के पास लोकसभा की 84 सीटें हैं। जिन्हें पिछले चुनाव में 17.17 प्रतिशत मत मिले थे। इनमें अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के पास 5 लोकसभा सांसद है। मायावती की बसपा के पास 10 सांसद, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के पास 22 सांसद, तमिलनाडु में स्टालिन की द्रुमक के पास 24 सांसद, आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी के पास 3 सासंद, महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना के पास 18 सांसद व दिग्री के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी के पास एक सांसद हैं।

हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा बुलाई गई मीटिंग को विपक्षी दलों में ही मान्यता नहीं मिल पाई फिर भी यदि उपरोक्त सभी विपक्षी दल भी सोनिया गांधी की मीटिंग में शामिल होते तो उन सबके पास मिलाकर भी लोकसभा की 157 सीटें ही होती। इन सभी दलों को मिलाकर पिछले लोकसभा चुनाव में 41.76 प्रतिशत मत मिले थे। वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी अपने तक सीमित होती जा रही है। महाराष्ट्र में सत्ता के लालच में शिवसेना से गठबंधन करने के बाद तो अल्पसंख्यक समुदाय में भी कांग्रेस का प्रभाव कम होने लगा है।

## पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### मेरी आंखों.. को

मेरी आंखों.. को उसने रूलाया है! छोड़ के दुनिया,जिसे मैने पाया है!! किस से करें शिक़वा किसे कहें मुज़रिम! मेरा क़ातिल जब मेरा साया है!! हर इक चेहरे पे लाखों चेहरे हैं किसे कहें अपना, कौन पराया है!! कैसे करें उसको खुद से जुदा आखिर! इक अर्से से जो खूं में समाया है!!

**– असगर अश्क**

### वह वियोगी था

लोगों ने कहा वह वियोगी था, जिसके उर से उपजी कविता। जब आह मिला,तब ग्यान हुआ, ले निर्झर वेग बही कविता।। चुपचाप उमड़कर आँखों से, धरती पर आन पड़ी कविता। भावों के प्रबल प्रवाह से मिल, घर-घर में जा पहुँची कविता।।

**– अमित कुमार दुबे**

**ख़ास पाती**

### अच्छा हुआ जमीं पर नहीं

ऐ चांद, अच्छा हुआ,जो तू जमीं पर नहीं है, वरना तुमपर मरने वाले तुम्हें पैरों तले कुचल रहे होते। तेरी खूबसूरती तेरे यौवन को चुटकियों में मसल रहे होते। जब तलक तू दूर है, बेहद हसीं है, करीब आ गए जो गर, तो बस कमियां नज़र आएगी सौ वादे करने वालों को कोई और भा जायेगी। तूम तभी तक प्यारे रहोगे। जब तक किनारे रहोगे। साहिल छूटते ही , डूब जाने का खतरा होगा। जख्म खुरचे जाएंगे, हर जख्म हरा होगा। ये इंसानी फ्तिरत है, हर चीज की कद्र बस कब तक? जब तक उसे पा न लो, हासिल न कर लो तब तक।। – **किरन शोभा**

### हमारा प्यारा देश महान जहाँ से

हमारा प्यारा देश महान जहाँ से न्यारा हिंदुस्तान यहाँ बहती गंगा की धार हिमालय इसका पहरेदार यहाँ झरते झरनों का गीत झूमती आई मलय बयार यही तो है भारत की शान हमारा प्यारा .......... हिम आच्छादित पर्वत माला मन को भाती जैसे हाला सूर्य स्पर्श करे जब उसको लगती ज्यों मुग्धा सी बाला देश पर हमको है अभिमान हमारा प्यारा ....... यहाँ के सागर बड़े विशाल लीलते बने शत्रु को काल यहाँ कश्मीर सरीखा स्वर्ग सजा बिन्दी सा भारत भाल हमारा देश हमारा मान हमारा प्यारा देश महान। – **कविता सिंह**

### वो दौर कागज़ी था.. साहब पर..

सुनो,.... वो दौर कागज़ी था.. साहब पर.. देर तक ख़तों में, जज़्बात महफ़ूज़ रहते थे, सालो तक खतों में मुहब्बत ज़िंदा रहती थी, आज.. मशीनी दौर में, उम्र भर की यादें भी, ऊँगली से ही, डिलीट हो जाती हैं।

**– राज मालपाणी**

### कहने को महफिल है ये दुनिया

कहने को महफ़िल है ये दुनिया फिर भी हर कोई है तन्हा यहां जूझता अपने कहे अनकहे जज़्बातों से कहने को महफ़िल है ये दुनिया फिर भी हर कोई है तन्हा यहां सहता अपने देखे अनदेखे गमों से कहने को महफ़िल है ये दुनिया फिर भी हर कोई है तन्हा यहां ढोता बोझ अपनी तन्हाईयों का।।

**– मीनाक्षी सुकुमारन**

### माँ, तुम वृद्ध नहीं हो रही हो

माँ, तुम वृद्ध नहीं हो रही हो यह तो प्रतिस्थापन है तुम्हारी उम्र का मेरी उम्र के भीतर तुम्हें पता है एक समय बाद मैं तुम सी दिखने लगूंगी लोग मुझे संबोधित करेंगे तुम्हारा नाम लेकर माँ बेटी एक सी 'शाश्वत।

**– पुष्पा त्रिपाठी**

### मुखड़ा देखा आपका, हुई सुहानी भोर

मुखड़ा देखा आपका, हुई सुहानी भोर। तन-मन पुलकित हो गया,नाचा मन का मोर। नाचा मन का मोर, कोयलिया कुँह-कुँह गाये। कुसुम खिले चहुँ ओर, सखी री!पाहुन आये। बरसा घन घनघोर,तृप्त पावस मन दुखड़ा, प्रेम मगन चकोर, प्रीति रंग रँगा मुखड़ा।।

**– किरण मिश्रा**

### चाहता हूं जीवन देशहित में काम आए

चाहता हूं जीवन देशहित में काम आए खुले यह लब जब भी देश का ही नाम आए यही चाहत है कि ÷कफ़न÷मेरा तिरंगा हो आखिरी शब्द हो जयहिंद मुख में गंगा हो!! **कवि सुनिल शर्मा नील**

## लघु कथा– बद्दुआ

अपने ग्राहक को विदा करके जब राधा, सुजाता की कोठरी में गई, तो देखा कि सुजाता गुमसुम बैठी है। राधा ने सुजाता से पूछा,क्या हुआ बहन? इतनी उदास क्यों हो? सुजाता बोली, नहीं री,ऐसी कोई बात नहीं है।बस, ऐसे ही दुनियादारी में खो गई थी। राधा ने कहा, अरे मुझे भी तो बताओ दी, ऐसा क्या सोच रही थीं जो उदास हो गईं ? सुजाता ने रुँधे गले से बताया, बहन ,मेरी समझ में ये नहीं आता कि लोग हमें बद्दुआ क्यों देते हैं।हमें कलंक क्यों मानते हैं।जो लोग वास्तव में समाज के कलंक हैं, उन्हें तो सब आशीर्वाद देते हैं। हम तो कोई ऐसा काम नहीं करते जिससे देश और समाज का नुकसान हो। हम न चोरी करते हैं और न ठगी।हम तो लोगों की तन भूख मिटाकर अपनी और अपने बच्चों की पेट की भूख शांत करते हैं। राधा ने कहा, सही कह रही हो दी! लोग अपनी अतृप्त काम वासना शांत करने के लिए स्वयं हमारे पास आते हैं।हम किसी को पकड़कर तो अपने पास लाते नहीं हैं।लोग आते हैं और अपनी तन की क्षुधा शांत कर वापस चले जाते हैं।हम किसी का घर नहीं तोड़ते।फिर भी लोग हमें बद्दुआ देते रहते हैं। सुजाता ,राधा की बात को आगे बढ़ाते हुए बोली, बहन ! ये, वे लोग होते हैं जो गली से गुजरने पर हमें ललचाई नज़रों से देखते हैं पर सज्जनता का लबादा ओढ़े होने के कारण हमारी चौखट तक नहीं आ पाते और हमें ही कोसते रहते हैं।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली।** 1561 - मुगल बादशाह अकबर को तख्त तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा करने वाले बैरम खान की हत्या कर दी गई। 1893 - ट्रेडमार्क 'कोका कोला' का अमेरिका में पहली बार पेटेंट किया गया। 1915 - प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने रूस के खिलाफ जहरीली गैस का इस्तेमाल किया । 1953- आयरिश सागर में नौका दुर्घटना में कम से कम 130 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गयी। 1963 - मोर को भारत का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया। 1966 - सोवियत संघ ने लूना कार्यक्रम के तहत मानवरहित लूना-9 स्पेसक्राफ्ट की लांचिंग की। 1968 ङ्क अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1971 - पूर्व और पश्चिमी बर्लिन के बीच 19 साल के अंतराल के बाद फिर से टेलीफोन सेवा बहाल हुई।

# शहादत दिवस पर कांग्रेस ने गांधी को याद कर दी श्रद्धांजलि

नवप्रदेश संवाददाता

**बिलासपुर।** ज़िला शहर कांग्रेस कमेटी ने 30 जनवरी को गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 73 शहादत दिवस मनाई, आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर शहर विधायक शैलेष पांडेय, महापौर रामशरण यादव ने कहा कि आज देश 1942 जैसी स्थिति से गुजर रही है, गांधी जी ने भारत छोड़ो आंदोलन का आव्हान कर देश को आज़ादी दिलाने के लिए स्त्रश शह स्त्रद्वद्र का नारा दिए तब देश के चंद गद्दार अंग्रेजो के साथ खड़े होकर आंदोलन का खिलाफ्त कर रहे थे, बंगाल में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर सरकार चलाने वाले अंग्रेजो को पत्र लिख रहे थे, आज देश वही दौर से गुजर रहा है चन्द मौकापरस्त लोग , गोडसे को देशभक्त बनाने में लगे है, जो लोग 73 वर्ष में अपनी देशभक्ति को मूर्त रूप नही दे सके वे चिल्ला रहे है कि हम ही देशभक्त है।

गांधी जी की प्रासंगिकता और सिद्धांत को षड्यंत्र कारी मिटा नही सकते। गांधी जी हमेशा भारत के दिलो में रहेंगे। शहर अध्यक्ष नरेंद्र बोलर, प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय ने कहा कि सत्य और अहिंसा को आत्मसात करने वाला व्यक्ति ही गांधी बन सकता है, विषमताओं, अभाव, क्षेत्रीयवाद, सामाजिक कट्टरता, आर्थिक विपन्नता, अशिक्षा, संचार का अभाव, एकता का अभाव न जाने कितनी समस्याओ से पीड़ित भारत, उसमे अंग्रेजो जैसे कुटिल, निर्दयी शासक से निजात पाने के लिए देश को एकता के सूत्र में पिरोकर आज़ादी के लिए लम्बा

संघर्ष कर स्वतन्त्रता दिलाना गांधी जी कर सकते थे, जो विश्व पटल पर ऐतिहासिक उपलब्धि है, ऐसे शख्सियत विरले होते है, ऐसे महान देश भक्त, सन्त की हत्या करने वाला आततायी को महिमा मण्डित करना भी कही न कही आतंकवाद, नक्सलवाद का पूर्वानुगामी ही हो सकता है। कार्यक्रम को हरीश तिवारी, अनिल सिंह चौहान ने सम्बोधित किया ,कार्यक्रम का संचालन सैय्यद ज़फ़र अली ने किया । कार्यक्रम के अंत मे चन्द्र प्रकाश देवरस ने गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो को गाया। कार्यक्रम में त्रिभुवन कश्यप, माधव ओत्तालवार,एस पी चतुर्वेदी, शेखर मुदलियार,ऋषि पांडेय,सुभाष ठाकुर,विनोद साहू, शंकर सिंह परिहार, आशा सिंह, तृप्ति चन्दा, चित्रलेखा कंस्कार, एस एल रात्रे, जिनेश जैन, अजय यादव,राम प्रकाश साहू, परदेशी राज, शहज़ादी कुरैशी, आशा पांडेय, सुदेश नन्दिनी,सीमा सोनी, अनपूर्णा यादव, रेखा तांडी, अनिल शुक्ला,भरत जुरयानी, चेतनदास महंत, कैलाश मिश्रा, पूना राम कश्यप, मोती ठारवानी, सिकन्दर बादशाह, सत्येंद्र तिवारी, मनोज शर्मा, शाहज़ादा खान, बन्टी सिंह, गणेश रजक, मिथलेश सेन्द्री, रिंकू छाबड़ा,ओम कश्यप, जावेद मेमन, आदि उपस्थित थे ।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर नशामुक्ति संकल्प रैली

बिलासपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर आज नशामुक्ति संकल्प रैली का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज 30 जनवरी 2020 को प्रातः 7.30 बजे पुलिस ग्राउण्ड बिलासपुर में आयोजित रैली में उपस्थित लोगों को कलेक्टर डॉक्टर संजय अलंग ने नशा नहीं करने के लिए शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि तम्बाखू, शराब और विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थ के सेवन से कोई लाभ नहीं होता केवल हानि होती है। नशे की आदत व्यक्ति को शारीरिक और दिमागी रूप से असक्षम कर देता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आव्हान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहे साथ ही अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। यह रैली पुलिस ग्राउण्ड मैदान से प्रारंभ होकर ईदगाह चैक, मिशन अस्पताल रोड, राघवेन्द्र राव सभा भवन, पंडित देवकीनंदन चैक, नेहरू चैक, राजेन्द्र नगर चैक होते हुए पुनः पुलिस ग्राउण्ड मैदान में समाप्त हुई। रैली में शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के विशेष विद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर बी.एस. उईके, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंशिका पाण्डेय, समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक खलखो आदि उपस्थित थे।

# डेंगू से पीड़ित मरीज का सिम्स में चल रहा इलाज

नवप्रदेश संवाददाता

### रतनपुर क्षेत्र के सिल्दा ग्राम में डेंगू का प्रकोप फैलने की आशंका

**बिलासपुर ।** डेंगू से पीड़ित मरीज को उपचार के लिए सिम्स में दाखिल कराया गया, जिसकी स्थिति अभी भी गम्भीर है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं।

रतनपुर सिल्दा ग्राम निवासी मंगल गिरी पिता बसंत गिरी उम्र 37 वर्ष को पांच दिनों से लगातार बुखार होने से उपचार के लिए रतनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया जहां कुछ दिनों तक इलाज चल मगर स्वस्थ में सुधार नही होने पर परिजनों ने रतनपुर के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां, खून जांच के बाद डॉक्टर ने व्यक्ति को डेंगू से पीड़ित होना बताया और उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए सिम्स रिफर कर दिया, सिम्स प्राथमिक उपचार जारी है।

जिले में डेंगू के मामले थमने का नाम नहीं ले रहा है रोजाना कोई न कोई संदेही मिल रहा है। इधर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इससे बेखबर है । वर्तमान में देखा जाये तो बिलासपुर जिले में डेंगू के खिलाफभले ही अभियान चलाया जा रहा हो पर मरीजों की संख्या पर यह बेअसर ही नजर आ रहा है पिछले दो महीनों में जिले में 31 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हालात के नियंत्रण में होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन अस्पतालों में डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या से इन दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं इन बीमारियों को रोकने के लिए शासन के निर्देश पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू किया गया था उसके बाद भी लोगों को विभाग द्वारा जागरूक नहीं किया जा सका, सिम्स में इलाज कराने आये हुए लोगों का कहना है कि लगातार डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या का सामने आना विभाग की कार्यों को लेकर कसावट और लापरवाही को दर्शाता है डेंगू की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाने विभाग विफ़ल साबित हो रहा है।

## द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए मतदान और मतगणना आज

**बिलासपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण में 31 जनवरी को जिले के पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही जनपद पंचायतों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच निर्वाचन हेतु मतदान और मतगणना होगी। सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य के लिए खण्ड मुख्यालय में 2 फरवरी रविवार को प्रातः 9 बजे से होगी। वहीं जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय में 3 फरवरी सोमवार को प्रातः 10.30 बजे से होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय बिलासपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत गौरेला में जिला पंचायत सदस्य के 2 पद, जनपद सदस्य के 16 पद, सरपंच के 51 और पंच के 776 पदों के लिये आज मतदान और मतगणना होगी। इसी तरह जनपद पंचायत पेण्ड्रा अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 1, जनपद पंचायत सदस्य के 12, सरपंच के 41 और पंच के 616 पदों के लिये निर्वाचन किया जायेगा।

# रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देकर हड़कंप मचाने वाले आरोपी को तोरवा पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है ।

रेलवे स्टेशन में महिला बुकिंग कर्मी द्वारा अपमान किये से क्षुब्ध होकर युवक ने अपने सोशल मीडिया ग्रुप में बिलासपुर रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी भरा पोस्ट भेजने वाले जगदेव साहू को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ करने पर उसने बताया कि 23 जनवरी को वह बिलासपुर से रायपुर जाने के लिए टिकट लेने रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर में पहुंचा जहां मौजूद महिला कर्मी ने उसके साथ अभद्र व्यहवार किया करते हुए उसे अनपढ़, गंवार कहते हुए अपशब्दों का इस्तेमाल किया और उसके बाकी पैसे भी नही लौटाये। यह बात नगवार गुज़री उसने आईआरसीटीसी के ट्विटर अकाउंट पर इसकी शिकायत भी दर्ज कराई लेकिन उस पर कार्यवाही नहीं हुई, जिससे आक्रोशित होकर उसने एक बार फिर ट्विटर किया कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन में बम है और बम थोड़ी दूर पटरी में है। शिकायत के बावजूद भी किसी ने मदद नही की , जाने दो सभी लोगों की जान। इस ट्विटर के मिलने के

### ■ टिकट काउंटर में बैठे महिला कर्मचारी की बदसुलूकी का बदला लेने किया था हरकत

बाद आरपीएफ और जीआरपी समेत रेलवे के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में बुधवार शाम को बिलासपुर रेलवे स्टेशन में आरपीएफ, जीआरपी के साथ तोरवा पुलिस भी जांच में जुट गई । जगदेव साहू के इस मैसेज को गंभीरता से लेते हुए डॉग स्कॉट और बम स्क्वाड के साथ बिलासपुर रेलवे स्टेशन के चप्पे-चप्पे पर जांच शुरू कर दी गई। प्लेटफार्म पर एक सिरे से दूसरे सिरे तक तलाशी की गई यहां तक कि यात्रियों के सामान को खोल कर उनकी जांच तक की गई । काफी दूर तक पटरियों के पास भी जांच की गई लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ। यहां तक कि पार्सल गोदाम, डाकघर प्लेटफार्म नंबर 8, सैलून साइडिंग पर खड़े रैक, पांच नंबर प्लेटफार्म के बाद नौ नंबर लाइन पर खड़ी खाली रैक की भी जांच की गई ।आर आर आई केबिन और झाड़ियों के इर्द-गिर्द भी पुलिस ने रात भर जांच की लेकिन उनके हाथ कुछ नहीं लगा । इसके बाद पुलिस समझ गई कि जगदेव साहू ने केवल रेलवे को परेशान करने के लिए यह ट्वीट किया है। उसने अपने ट्विटर में यह भी जिक्र किया था कि टिकट काउंटर पर उससे 5 रु अधिक लिए गए हैं।

इसी तरह पानी के बोतल के लिए भी 5 रु अधिक लिए जाने से वह नाराज था। यहां तक कि गांव में बिजली नहीं होने और दूसरे विभागों की भी शिकायत वह लगातार करता रहा है। उसके ट्विटर अकाउंट के आधार पर पुलिस ने उसे तलाश लिया और बेमेतरा से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार होने के बाद जगदेव साहू के पिता ने भी बताया कि उसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं है और वह अक्सर इसी तरह की हरकतें किया करता है।

# मरम्मत कार्य करने आगामी दो माह तक तय दिनों में प्रभावित रहेगी यात्री ट्रेनें

नवप्रदेश संवाददाता

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल में संरक्षा से संबंधित आवश्यक कार्य के लिए 1 फरवरी से 31 मार्च तक अलग दिनों में कुछ यात्री ट्रेनें प्रभावित रहेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न सेक्शनों में 1 फरवरी से 31 मार्च तक विभिन्न दिवसों में संरक्षा से संबंधित आवश्यक कार्य किया जायेगा। यह कार्य मंडल के बिलासपुर-अनूपपुर-कटनी-अम्बिकापुर-चिरिमिरी एवं बिलासपुर-झारसुगड़ा सेक्शनों में किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप उपरोक्त अवधि तक विभिन्न दिवसों में कुछ सवारी गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसका विस्तृत विवरण इस प्रकार हैः- प्रभावित होने वाली गाड़ियांः- 31 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को गाडी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस सह-पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक गुरूवार एवं रविवार को गाडी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस सह-पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को गाडी संख्या 68747/68748 बिलासपुर-कटनी-बिलासपुर मेमू शहडोल-कटनी-शहडोल के बीच रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को गाडी संख्या 58702/58701 अंबिकापुर-शहडोल-अंबिकापुर पैसेंजर अनूपपुर-शहडोल-अनूपपुर के बीच रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को गाडी संख्या 58221/58222 चिरमिरी-चंदियारोड-चिरमिरी पैसेंजर शहडोल-चंदियारोड-शहडोल के बीच रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को गाडी संख्या 58113/58114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को गाडी संख्या 68731/68732 बिलासपुर-गेवरारोड-बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च 2020 तक प्रत्येक शनिवार को गाडी संख्या 58214/58213 बिलासपुर-टिटलागढ-बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों को राहत देने एक वर्ष में लगाये 3282 अतिरिक्त कोच

बिलासपुर। एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित एवं किफायती रूप से आने जाने का साधन भारतीय रेल एक बेहतर विकल्प है। यही कारण है कि बच्चों के छुट्टी के मौसम में विशेष कर अप्रेल से जून तक का समय ट्रेनों में काफी भीड. रहती है। इस लिए बर्थ के आरक्षण लोग बहुत पहले से करा कर अपना सफर तय करते है। परंतु कभी कभी अचानक यात्रा करने की बाध्यता भी आ पड़ती है, इसी परेशानी को दूर करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा प्रतिदिन किसी न किसी यात्री गाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाई जाती है। ताकि भीड़ कम हो सके और प्रतीक्षा सूची के यात्री को भी बर्थ प्राप्त हो सकें। सभी यात्री ट्रेनों में में लाखों की संख्या में यात्रीगण अपने दैनिक कार्यो के कारण एक जगह से दूसरे जगह जाने के लिए सफर करते है, जिनके लिए अतिरिक्त कोच की सुविधा के साथ-साथ अनेक विशेष गाडियों का भी परिचालन की जाती है। अधिक से अधिक यात्री अपनी यात्रा कर सके इसके लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने विभिन्न गाडियों में प्रतिमाह विभिन्न प्रकार के कोचों की सुविधा प्रदान की जा रही है। मार्च 19 से दिसम्बर 2019 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने तीनों रेल मंडलो की गाडियों में विभिन्न प्रकार के 3282 अतिरिक्त कोच के रूप में लगाया गया है।

## एसईसीएल में शहीदों को श्रद्धांजलि

**बिलासपुर।** गुरूवार 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे एसईसीएल मुख्यालय प्रशासनिक भवन आगन्तुक कक्ष में ''शहीद दिवस'' के उपलक्ष्य में अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक ए.पी. पण्डा, निदेशक (कार्मिक) डॉ. आर.एस. झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी बी.पी. शर्मा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एम.के. प्रसाद, निदेशक (वित्त) एस.एम. चैधरी, महाप्रबंधक (कार्मिक/प्रशासन) ए.के. सक्सेना व, विभिन्न विभागाध्यक्षो, अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, महिला कर्मियों की उपस्थिति में देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को स्मरण करते हुए सम्मान स्वरूप 02 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी ।

# नशामुक्ति के लिए कार्यशाला आयोजित

### ■ नशा बंद करना है, इसको नशा बनाईए- डॉ.अलंग

**बिलासपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर आज 30 जनवरी को प्रार्थना सभागृह जल संसाधन परिसर में नशा मुक्ति पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन कलेक्टर डॉ. संजय अलंग ने किया। उन्होंने कहा कि नशा को बंद करना है इसको नशा बनाइए। नशा को शान बनाते हैं तो समाज, राष्ट्र, परिवार, खराब होता है।

कलेक्टर ने कहा कि मन पर नियंत्रण खुद को करना है। विद्यार्थियों से कहा कि उनको प्रण करना चाहिए कि उनके घर में नशा नहीं आएगा। उच्च शिक्षा विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि आज जो कार्यक्रम किया जा रहा है इस श्रृखला को आगे बढ़ाएं और हर एक शिक्षा संस्थान में नशे के खिलाफ कार्यशाला करें। उन्होंने समाज से विनम्र अपील किया कि अधिक से अधिक नशा मुक्ति केंद्र खोले अधिक से अधिक लोग कांउसलर और वालिंटियर्स बने और इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ें। इसके लिए प्रशिक्षण और जरूरी मदद जिला प्रशासन करेगा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्य मानसिक चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. आशुतोष तिवारी ने प्रेजेटेंशन देकर बताया कि नशा के कारण क्या होते हैं, नशा के बाद के लक्षण, उसके परिणाम और उपचार करने के उपाय बताए। नशा से घर, परिवार, पड़ोस पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला। नशामुक्ति सलाहकार डॉ. प्रशांत पाण्डेय ने इस संबंध में अपने विचार रखे और उपस्थित छात्र-छात्राओं से वार्तालाप किया। सामाजिक कार्यकर्ता, लेखक साहित्यकार, श्री द्वारिका प्रसाद अग्रवाल ने नशा करने के बाद उन्हें हुए कैंसर और उससे पड़ने वाले प्रभाव के बारे में अपनी आपबीती सुनाई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा ने बच्चों पर नशे से पड़ने वाले दुष्प्रभाव और उससे बढ़ते हुए अपराध पर प्रकाश डाला।

## श्री खाटू श्याम मंदिर स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ.महंत

**बिलासपुर ।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत श्री खाटू श्याम बाबा एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर मसानगंज के स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुये और मंदिर संस्थान को 11 किलो चांदी भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिये कामना की। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल, विधायक द्वय शैलेष पाण्डेय बिलासपुर तथा श्रीमती रश्मि सिंह तखतपुर, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल , महापौर रामशरण यादव, नगर निगम सभापति शेख नजरूद्दीन, अटल श्रीवास्तव, आशीष सिंह ठाकुर, कार्यक्रम के संयोजक राधे भूत, पार्षद स्वर्णा शुक्ला, विजय केशरवानी सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# व्यवस्थित आधारभूत संरचनायें विकसित करने सतरेंगा में शुरू हुआ कार्य

नवप्रदेश संवाददाता

**कोरबा।** सतरेंगा को मॉडर्न टूरिज्म स्पॉट के रूप में विकसित करने के लिये व्यवस्थित आधारभूत संरचनाओं के निर्माण-मरम्मत का काम शुरू हो गया है। सतरेंगा आने वाले पर्यटकों को रूकने एवं खाने पीने के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में पैदल घूमकर प्राकृतिक नजारों का लुफ्त उठाने के लिये सतरेंगा में वर्तमान में स्थित संरचनाओं की मरम्मत के साथ-साथ परिसर में रास्ते आदि का काम तेजी से जारी है। कलेक्टर किरण कौषल ने आज दोपहर बाद सतरेंगा पहुँचकर चल रहे कामों का आकस्मिक निरीक्षण किया और अधिकारियों को तेजी से काम करने के निर्देष दिये। उन्होंने आगामी पन्द्रह दिनों में सतरेंगा के वर्तमान परिसरों में पर्यटकों के लिये रहने-खाने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिष्चित करने के निर्देष दिये। मती कौषल ने परिसर के आसपास की जगहों पर उगी हुई झाड़ियों आदि की सफाई कराकर बांगों बांध के मनोहारी जलराषि को आसानी से लोगों को देखने योग्य बनाने के निर्देष दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने सतरेंगा के रेस्ट हाउस के सामने अपार जलराषि के बीच स्थित द्वीपों के मनोहारी दृष्य को ध्यान में रखते हुये पर्यटकों के लिये एक सुसज्जित सेल्फी प्वाइंट विकसित करने के निर्देष अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि इस सेल्फी प्वाइंट पर खड़े होकर पर्यटक सतरेंगा के प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ अपनी फोटो ले सकेंगे और सतरेंगा के अपने प्रवास की मीठी यादें अपने कैमरे में कैद कर सकेंगे। उन्होंने इस सेल्फी प्वाइंट पर सुरक्षा की दृष्टि से सभी जरूरी इंतजाम भी करने के निर्देष अधिकारियों को दिये। मती कौषल ने सतरेंगा के प्रवेष द्वार के पास विकसित हो रहे पार्किंग स्थल का भी जायजा लिया और पार्किंग स्थल का समतलीकरण तथा चार पहिया वाहनों के लिये मार्किंग भी करने के निर्देष दिये। उन्होंने रात में सतरेंगा के प्राकृतिक सौन्दर्य को पर्यटकों के लिये आकर्षक और देखने योग्य बनाने के लिये तीन विभिन्न स्थानों पर हाई-मास्क लाईट लगाने की सम्भावनाओं पर जोर दिया ।

### ■ कलेक्टर कौशल ने किया निरीक्षण, पन्द्रह दिनों में काम पूरा करने के दिये निर्देश

# मुख्यमंत्री शहरी साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत बाह्य मूल्यांकन में 70 शिक्षार्थी सफल

■ **सफाईकर्मी एवं स्वसहायता समूह की महिलाएं परीक्षा में हुई सम्मिलित**

**गरियाबंद।** कलेक्टर श्याम धावड़े एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद के मार्गदर्शन में मख्यमंत्री शहरी साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत आठवें और नौवें बैच का ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन जिला पंचायत के कम्प्यूटर कक्ष में संपन्न हुआ। आठवें बैच में 37 शिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 35 शिक्षार्थी सफल एवं 02 शिक्षार्थी असफल रहे। इसी प्रकार नौवें बैच में नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मी एवं स्वसहायता समूह के सदस्य शामिल हुए। इस बैच में 36 शिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 35 शिक्षार्थी सफल एवं 01 शिक्षार्थी असफल रहा। डी.पी.ओ. श्री लालाराम देवांगन ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी साक्षरता केन्द्र में 15 से 60 वर्ष के शहरी महिला-पुरूषों को डिजिटल साक्षर बनाया जा रहा है। जिससे कम्प्यूटर नेट, ऑनलाईन पैसा ट्रांसफर, ऑनलाईन गैस सिलेंडर भराना, ऑनलाईन बैंक खाता खोलना, मनी ट्रांसफर के प्रयोग को सिखाया जा रहा है। ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन में कम्प्यूटर से संबंधित प्रश्न, श्रेष्ठ पालकत्व, आत्मरक्षा, दैनिक मूल्य से संबंधित प्रश्न पूछे गये। ज्ञात है कि मुख्यमंत्री शहरी साक्षरता केन्द्र में चुनावी साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता नैतिक मूल्य, श्रेष्ठ पालकत्व, स्वास्थ्य, आत्मरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिये जाते है। नवाचारी कार्यक्रम गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ में 15 से 60 आयु समूह के डिजिटल असाक्षरों के प्रशिक्षित ई एजुकेटर द्वारा 01 माह में डिजिटल उपकरणों का उपयोग करना सिखाया जाता है। डिजिटल साक्षरता के अंतर्गत कम्प्यूटर, मोबाईल सहित डिजिटल डिवाइस को चलाना, कम्प्यूटर के पुर्जे का उपयोग मोबाईल फेन का उपयोग टेबलेट की जानकारी और उपयोग इंटरनेट का उपयोग, ई-मेल का परिचय, सोशल मिडिया फेसबुक ट्वीटर व्हाटसप का उपयोग करना बता जाता है। विभिन्न सेवाओं का ऑनलाईन भुगतान, ऑनलाईन बैंकिंग रेल, बस टिकट बुक कराना, मोबाईल रिचार्ज, बिजली बिल का भुगतान करना, ऑनलाईन फार्म भरना सिखाया जाता है। विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों में पावर पाइंट प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

## न्यूज गैलरी

### पत्नी को जलाया, इलाज के दौरान मौत

**महासमुंद।** सिरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम फुसेराडीह में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को जलाकर मार डाला। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी पति के खिलाफधारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। घटना 31 अक्टूबर की है। घायल महिला का इलाज चल रहा था। 24 जनवरी को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम फुसेराडीह चौकी सिरपुर निवासी यशोदा बाई ध्रुव पति देवकुमार ध्रुव (30) 31 अक्टूबर को जल गई थी। 24 जनवरी को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद मामले की जांच की। जिसमें मृतका के साथ लड़ाई झगड़ा कर उसके ऊपर मिट्टी तेल डालकर माचिस से आग लगाना पाया गया।

### 76.40 क्विंटल धान जब्त

**महासमुंद।** जिले में धान के अवैध रूप से भण्डारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश पर निगरानी दलों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगरानी दलों की कार्रवाई में अब तक कोचिए एवं बिचौलिए के साथ धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण के 560 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिसके अंतर्गत 32 हजार 264.60 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण के लिए की गई कार्रवाई में बुधवार को चार प्रकरण दर्ज किए गए। इस दौरान 76.40 क्विंटल धान जब्त किए गए। इनमें भूपेन्द्र पटेल से 40 कट्टा, दिनेश कुमार साहू से 40 कट्टा, दिनेश चौहान से 71 कट्टा एवं बिशिकेशन पटेल से 40 कट्टा धान जब्त किया गया।

### शराब और डिस्पोजल बरामद

**महासमुंद।** गिरसा में सड़क किनारे लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पकड़े जाने पर सरायपाली पुलिस ने गांव के मेघनाथ निषाद के खिलाफ आबकारी एक्ट 36 क के तहत कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि 28 जनवरी की सुबह 7 बजे गिरसा मार्ग पर आरोपी के कब्जे से 270 मिली अंग्रेजी शराब और दो नग डिस्पोजल जब्त किया गया।

### एक ने फांसी लगाई, युवक ने किया विषपान

**महासमुंद।** अरंड में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक मानसिंग देवांगन (42) ने 28जनवरी की रात दो बजे अपने घर के कमरे में लगे म्यांर में फांसी लगा ली। परिजनों की सूचना पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। इसी तरह सरकड़ा निवासी मनोज कुमार सिन्हा (45) ने कीटनाशक सेवन कर ली, जिससे उनकी मौत हो गई।

### आठ लाख से संवरेगा शीतला तालाब, राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** आठ लाख रूपए की लागत से शहर के ऐतिहासिक शीतला तालाब को संवारा जाएगा। विधायक विनोद चंद्राकर की पहल पर विधायक मद से इसके लिए स्वीकृति मिली है। उक्त स्वीकृत राशि में से तालाब का तलकर्षण के साथ ही तालाब की सफाई व गादमुक्त का कार्य किया जाएगा। गौरतलब है कि विधायक श्री चंद्राकर के नेतृत्व में यहां कुछ माह पूर्व श्रमदान कर सफाई अभियान चलाने के साथ ही गहरीकरण कार्य कराया गया था। इसी तरह विधायक श्री चंद्राकर के प्रयास से मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। ग्राम उमरदा में तीन लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम परसाडीह में 6 लाख रूपए की लागत से खरखरा नाला में स्टापडेम मरम्मत कार्य, ग्राम गुडरूडीह में डेढ़ लाख रूपए की लागत से रंगमंच निर्माण, ग्राम कौंवाझर में डेढ़ लाख रूपए की लागत से रंगमंच निर्माण, ग्राम मोहकम में तीन लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण तथा ग्राम बंदोरा में पांच लाख रूपए की लागत से सीसी नाली निर्माण व मरम्मत कार्य की स्वीकृति शामिल है।

### स्पर्धा में भाग लेने बॉल बेडमिंटन टीम रवाना

**महासमुंद।** पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर के बॉल बेडमिंटन पुरुष टीम के चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण महासमुंद में 22 से 26 जनवरी तक हुआ। इसमें चयनित खिलाड़ी पीजी कॉलेज महासमुंद से निलेश पांडेय, मिथलेश दीवान, प्रभात दीवान, सेठ फूलचंद कॉलेज से वरुण कंसारी, सत्यम पाल, कुलेश्वर महाविद्यालय, नयापारा राजिम से अबरार रिजवी, डीबी डीके पीजी कॉलेज, बलौदाबाजार से बमलेश्वर पटेल, बृजलाल वर्मा, पलारी से लक्ष्मीनारायण टंडन, एनपीजी साइंस कॉलेज रायपुर से विनय प्रधान, नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर से टिकेंद्र कुमार वर्मा शामिल है।

### टीडीएस संबंधी वीडियो कांफ्रेंसिंग कल

**महासमुंद।** संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 31 जनवरी को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट के वीडियो कांफ्रेसिंग कक्ष में टीडीएस के संबंध में वीडियो कांफ्रेसिंग आयोजित की गई है।

# वार्ड 23 में जल्द खुलेगा कार्यालय

■ **नपाध्यक्ष ने शौचालय का जीर्णोद्धार और वार्ड कार्यालय बनाने के दिए निर्देश**

नवप्रदेश संवाददाता

**महासमुंद।** सुभाष नगर वार्ड 23 में वार्ड कार्यालय जल्द शुरू होगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने जर्जर हो चुके सुलभ शौचालय का जीर्णोद्धार कर वार्ड कार्यालय बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। नपाध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि इससे वार्ड के नागरिकों को नगर पालिका तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। टैक्स जमा कराने से लेकर विभिन्न मूलभूत सुविधाएं हो या कोई भी समस्या नागरिक इस कार्यालय में जाकर अपना काम करा सकते हैं। नपाध्यक्ष के निर्देश पर इस वार्ड कार्यालय में पं. जयलाल प्रसाद शर्मा वार्ड 22, सुभाष नगर वार्ड 23, सरदार भगत सिंह वार्ड 24 और डॉ. राधाकृष्णन वार्ड 25 के नागरिकों की सुविधाओं के लिए शुरू किया जा रहा है।

बता दें कि सुभाष नगर स्थित डॉ. सुशील सेमुएल की स्मृति में निर्मित गार्डन से लगे वार्ड के नागरिकों के लिए सुलभ शौचालय बनाया गया था, लेकिन अब सुलभ शौचालय पूरी तरह जर्जर हालत में है। पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने उक्त जर्जर सुलभ शौचालय को पालिका के लिए उपयोग में लाने का निर्णय लिया है। चंद्राकर ने गार्डन के हिस्से में निर्मित सुलभ शौचालय के टैंक की सफाई कर गार्डन में लगे फूल, पेड़ पौधों के निस्तारी के लिए पानी टंकी बनाने के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष ने कहा कि इस वार्ड कार्यालय में नियमित वार्ड मुहर्रिर उपस्थित रहेंगे जिससे के नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध हो।

### नपाध्यक्ष को लोगों ने सुनाई आपबीती

पालिका अध्यक्ष चंद्राकर राज्य सरकार द्वारा आयोजित राजीव गांधी आश्रय योजना का जायजा लेने डॉ. सुशील सेमुएल गार्डन पहुंचे। राजस्व विभाग द्वारा दिए गए लाखों रुपए की नोटिस को लेकर नागरिक शिविर स्थल पहुंचे थे। नागरिकों ने पालिका अध्यक्ष को अपनी आपबीती सुनाई। इस दौरान नपाध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार लोगों की गरीबी दूर करने की बजाए गरीबों को हटाने पर तुली है। इसलिए गरीबों को लाखों रुपए का नोटिस थमा दिया है। नपाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीबों की चिंता करने वाली पार्टी है। इस दौरान सभापति संदीप घोष, राजेन्द्र चंद्राकर, पार्षद हेमलता संतोष यादव, अमेरिका पितांबर यादव, विमला सिन्हा, सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अधिकारी-कर्मचारी द्वारा दी गई श्रद्धांजलि

**गरियाबंद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि एवं देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में आज पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौनधारण कर उन्हें श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर के.के बेहार, डिप्टी कलेक्टर निर्भय साहू सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## कमला कालेज में गुजराती व्यंजनों का दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के तत्वाधान में शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। 22 जनवरी को स्टेटहुड डे सेलेब्रेशन कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं को गुजराती व्यंजन तैयार करने की प्रविधि सिखाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने कहा कि खान-पान का तरीका किसी भी समाज की संस्कृति का अहम हिस्सा होता है। गुजरात के विविध व्यंजनों की जानकारी प्राप्त किए बिना गुजराती संस्कृति का संपूर्ण परिचय संभव नहीं है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजन समिति के सदस्यों एवं प्रतिभागी छात्राओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी, वे अपने उद्देश्यों में सफल हो। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) की प्रभारी प्राध्यापक डॉ. निवेदिता ए. लाल ने इस अवसर पर कहा कि गुजराती व्यंजन न केवल देश बल्कि पूरे विश्व में लोकप्रिय है।

## जिले को कुष्ठमुक्त बनाने की शपथ

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आज जिले को कुष्ठमुक्त बनाने की शपथ ली गई। अपर कलेक्टर श्री के.के. बेहार ने जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को जिले को कुष्ठमुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ने की शपथ दिलाई। शिवम कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर कुष्ठ उन्मूलन हेतु संदेश दिया। अपर कलेक्टर के.के. बेहार ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर कुष्ठमुक्त हो चुके महिला एवं पुरूष को शॉल एवं श्रीफ्ल देकर सम्मानित किया गया। जिले के अधिकारी-कर्मचारियों ने कुष्ठ रोगियों को खोजने, कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों के साथ कोई भेदभाव नहीं करने और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्ति के साथ भेदभाव करने देने तथा उन्हें समाज के मुख्यधारा में लाने के लिए अपना योगदान देने की शपथ लिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.आर. नवरत्न, डीपीएम, कुष्ठ उन्मूलन प्रभारी एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टाफमौजूद थे।

## विवि खिलाड़ियों का हुआ आतिशी स्वागत

**महासमुंद।** जिला हैंडबॉल संघ के नौ खिलाड़ियों का चयन रविशंकर विश्वविद्यालय हैंडबॉल पुरुष टीम में किया गया था। खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। आयोजन से लौटने पर खिलाड़ियों का आतिशी स्वागत किया गया। संघ के सचिव एवं हैंडबॉल कोच सैयद इमरान अली ने बताया कि विगत दिनों बिलासपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय राज्यस्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन किया गया था। चयनित खिलाड़ियों में महासमुंद महाविद्यालय से सागर यादव, धनंजय चेलक, त्रिवेन्द यादव, बोधन यादव, राजेंद सिंग, रोशन यादव रायपुर महाविद्यालय से मनीष चंद्राकर, आशीष कुशवाहा (रावतपुरा सरकार महाविद्यालय) कोनेन अहमद(पैलोटी महाविद्यालय) थे। ये सभी खिलाड़ी महासमुंद में कोचिंग कैंप के उपरांत तीन से सात जनवरी तक अंतर विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में भाग लेने गए थे।

## महापौर ने किया मोहारा फिल्टर प्लांट व मोहड़ में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा आयुक्त चंद्रकांत कौशिक एवं जल विभाग के प्रभारी सदस्य सतीश मसीह व लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर बंजारी के साथ मोहारा जल संयंत्र परिशोधन गृह (फिल्टर प्लांट) व मोहड में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर जानकारी ली।

महापौर श्रीमती देशमुख फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर प्लांट की मशीनरी की स्थिति के संबंध में जानकारी लेने के साथ-साथ फिटकरी ब्लीचिंग आदि के भंडारण की जानकारी ली और कही कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिये अभी से कार्यवाही कर लेवे। साथ ही मोहारा में अमृत मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन 17 एमएलडी के नया परिशोधन संयंत्र का निरीक्षण करते हुये कार्य के प्रगति की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता दीपक जोशी ने जानकारी देते हुये बताया कि वर्तमान में 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिस पर महापौर सहित आयुक्त श्री कौशिक ने निर्देश देते हुये कहा कि 31 मार्च तक कार्य पूर्ण करे, ताकि नवागांव पानी टंकी व कंचनबाग पानी टंकी को भरा जा सके जिससे उक्त ग्रामीण वार्डो में पेयजल संकट से राहत मिल सके। साथ ही मिशन अमृत के अन्य घटक कार्य पाईप लाईन विस्तार, अन्य पानी टंकीयों का निर्माण पूर्ण होने की जानकारी ली और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### गुप्त नवरात्रि पर जीण जयँती शक्ति आराधना

**राजनांदगांव।** गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री जीण माता मँदिर यज्ञ भूमि राजीवनगर बसंतपुर में शक्ति की आराधना और उनका अनुष्ठान किया जा रहा है। उक्त अनुष्ठान में शहर सहित जिलेभर के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही पँचमी तिथि पर शक्ति की विशेष आराधना की गई। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जीण माता मँदिर के श्रीकृष्ण शुभम महाराज ने बताया किए राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी योगमाता जीण जयंती श्री जीण माता के प्रताप से यज्ञ भूमि स्थल पर श्री जीण शक्ति माता की आराधना की जा रही है। नवरात्र के पूरे नौ दिनों शक्ति की आराधनाए हवनए पूजन और अनुष्ठान विधि विधान से किया जा रहा है।

## शासकीय महाविद्यालय में निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी स्पर्धा

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग के पत्रानुसार संविधान दिवस कार्यक्रम के परिपालन में 14 अप्रैल डॉ. अंबेडकर जयंती तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत 29 जनवरी को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी और निबंध लेखन प्रतियोगिता-भारत का संविधान विषय पर आयोजित किया गया। निबंध प्रतियोगिता के प्रभारी संयोजक डॉ. मालती तिवारी, सहसंयोजक डॉ. रीता पांडेय, निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रभारी प्रभारी डॉ. दुर्गावती भारतीय, सीमारानी प्रधान, डॉ. एमएस वर्मा, अजय कुमार राजा, जीवन लाल चंद्राकर, राजेश्री सोनी, विजय कुमार मिर्चे, आकाश बाघमारे रहे। इसके अलावा महाविद्यालय में जागरूकता रैली फरवरी में, मौलिक कर्तव्य-भारतीय संविधान और डॉ. बीआर अंबेडकर पर व्याख्यान मार्च में और समापन कार्यक्रम डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती के दिन 14 अप्रैल को किया जाएगा।

## स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज स्वशासी समिति की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव।** भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव की स्वशासी समिति की बैठक स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पिछली बैठक के कार्रवाई विवरण की समीक्षा की गई। विगत वर्ष के आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। बैठक में छात्र-छात्राओं से ऑनलाईन फीस जमा करने के लिए आवश्यक सुविधाएं, छात्र-छात्राओं के लिए मल्टी जिम की स्थापना, सीटी स्केन व एमआरआई की व्यवस्था, डॉक्टरों के वेतन वृद्धि, वाहन व्यवस्था, बाह्य परीक्षकों के लिए मानदेय की व्यवस्था, भवन निर्माण के लिए शासन से राशि के विमुक्तिकरण के संबंध में चर्चा तथा नवीन चिकित्सालय भवन में शिफ्टिंग के लिए बजट आदि व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल की शिफ्टिंग हर हाल में 15 अप्रैल 2020 तक पेण्ड्री के नये भवन में करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चरणबद्ध ढंग से शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू करने से सुविधा होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक में वित्तीय व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा कि अस्पताल के लिए प्राथमिकता के आधार पर विभागवार जरूरी संसाधन की व्यवस्था की जाए।

**चुनई** 83 हजार 698 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग,-478 पंच एवं एक सरपंच निर्विरोध निर्वाचित सभी तैयारियां पूर्ण

# जिले में द्वितीय चरण का पंचायत चुनाव विकासखण्ड छुरा में आज

नवप्रदेश संवाददाता

**गरियाबंद।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत द्वितीय चरण का मतदान 31 जनवरी को छुरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में सम्पन्न होगा। मतदान प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी किये गये है। आज छुरा विकासखण्ड के सभी मतदान दलों को मतदान समाग्री वितरण पश्चात् संबंधित मतदान केन्द्र के लिए रवाना कर दिया गया है। छुरा विकासखण्ड के 74 पंचायत अंतर्गत पंच के 926 रिक्त पद के विरूद्ध 478 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए है। 447 पंच पद के चुनाव के लिए 1042 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। ज्ञात हो कि 1 पंच पद के लिए सभी नाम निर्देशन पत्र खारिज हो गया है। सरपंच के 74 पद में से 1 निर्वाचन की स्थिति निर्विरोध है। 73 पदों के लिए 278 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। इसी प्रकार 22 जनपद सदस्य के रिक्त पद में से 80 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे है।

जनपद पंचायत छुरा के कुल 74 ग्राम पंचायत अंतर्गत 156 गांवों के 83 हजार 698 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमें 40 हजार 921 पुरूष व 42 हजार 777 महिला मतदाता मतदाता शामिल है। जनपद पंचायत छुरा में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 158 है, जिसमें 40 संवेदनशील एवं 118 सामान्य मतदान केन्द्र है। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत द्वितीय चरण में जिला पंचायत सदस्य के पद के लिए भी मतदान होगा। मतदान पश्चात मतों की गणना भी की जायेगी। इसी प्रकार तृतीय चरण में विकासखण्ड देवभोग और मैनपुर में आगामी 3 फरवरी, सोमवार को पंचायत निर्वाचन सम्पन्न होगा।

## न्यूज गैलरी

### एनआरसी, सीएए, एनपीआर के विरोध में रैली आज

**कांकेर।** एनआरसी, सीएए, एनपीआर के विरोध को लेकर कौमी एकता मंच कांकेर के तत्वाधान में शुक्रवार दोपहर 02 बजे अम्बेडकर स्मारक स्टेट बैंक चैक से विशाल रैली निकाल कलेक्टर को ज्ञापन सौपा जायेगा । कौमी एकता मंच ने बताया कि केन्द्र सरकार के द्वारा एनआरसी, सीएए, एनपीआर कानून लागू करने के विरोध में कौमी एकता मंच कांकेर के द्वारा शुक्रवार को दोपहर 02 बजे विशाल रैली निकाली जायेगी जो नगर के जामा मस्जिद, उपर नीचे रोड, मेन रोड होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त होगा । अम्बेडकर स्मारक कलेक्ट्रेट परिसर के पास प्रबुध व्यक्तियों के द्वारा सभा को सम्बोधित भी किया जायेगा । सभा सम्बोधित के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा जायेगा ।

### भाजपा के सभी जनपद सदस्य एकजुट है: भरत मटियारा

**कांकेर।** छग मछुआ कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा ने भाजपा समर्थित जनपद सदस्यों को कल कांग्रेसी नेताओं द्वारा कमल सदन से जबरदस्ती ले जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है । ये एक तरफतो गांधी जी की अहिंसा और ईमानदारी की दुहाई देते है वही दूसरी ओर सत्ता के मद में चूर होकर हिंसा व भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते है । प्रदेश की जनता मात्र एक वर्ष में ही कांग्रेस से परेशान हो गई है । न किसानों का धान सही समय पर खरीदा जा रहा न बेरोजगारी भत्ता मिला और न ही शराबबंदी हुई । श्री मटियारा ने आगे कहा कि वर्षो से जनपद में जमे कांग्रेसी नेताओं को जनता ने हरा कर बता दिया कि वो कांग्रेस से ऊब चुके है। अपनी नाकामी को छुपाने और फिर से जनपद की सत्ता प्राप्त करने कांग्रेसी नेता सत्ता का दुरुपयोग कर रहे है । भाजपा समर्थित जनपद सदस्यों को अपने पाले में लाने के लिये हर प्रपंच कर रहे है, उन्हे लालच देकर, डरा धमका कर जनपद में अपना अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनाना चाहते है इसलिये भाजपा समर्थित जनपद सदस्यों को कल जबरदस्ती उठाने की कोशिश की गई पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओ की सक्रियता से ये अपने मंसूबे में कामयाब नही हो पाए । श्री मटियारा ने कहा कि भाजपा समर्थित सारे जनपद सदस्य एकजुट है और इस बार जनपद में हमारा ही अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनेगा ।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा जन सुनवाई 13 को

**कांकेर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली द्वारा 13 फरवरी को न्यू सर्किट हाउस रायपुर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की शिकायतों के संबंध में जन सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे शिकायतकर्ता जो किसी लोक सेवक द्वारा किये गये उत्पीड़न या उत्पीड़न रोकने में बरती गई उपेक्षा के संबंध में शिकायत दर्ज कराना चाहते हों, तो वे अपनी शिकायत रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट से रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानव अधिकार भवन, ब्लॉक-सी, जी.पी.ओ. कॉम्पलेक्स, आई.एन.ए. नई दिल्ली-110023 या ई-मेल एड्रेस- बतण्दीतब/दपबण्पद पर भेज सकते हैं। इसकी जानकारी देते हुए आदिवासी विकास विभाग के उपायुक्त विवेक दलेला ने बताया कि शिकायत आयोग के पास 31 जनवरी तक पहुंच जाना चाहिए।

### दूसरे चरण में एक लाख 13 हजार 412 मतदाता करेंगे मताधिकार का उपयोग

**अम्बिकापुर।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के तहत दूसरे चरण में जिले के सीतापुर और मैनपाट जनपद पंचायत में 31 जनवरी 2020 को मतदान होगा। मतदान सवेरे 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्रों में ही मतगणना होगी। इन दोनों विकासखण्डों में कुल एक लाख 13 हजार 412 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें जनपद पंचायत सीतापुर में 30 हजार 609 पुरूष, 31 हजार 898 महिला मतदाता के साथ कुल मतदाताओं की संख्या 62 हजार 507 है। जनपद पंचायत मैनपाट में 25 हजार 484 पुरूष, 25 हजार 421 महिला मतदाता के साथ कुल मतदाताओं की संख्या 50 हजार 905 हैं। दूसरे चरण में सीतापुर और मैनपाट जनपद पंचायत में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच के कुल 872 पदों पर होने वाले चुनाव के लिए 1768 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सीतापुर जनपद में जिला पंचायत सदस्य के 02 पद हैं। इसके लिए 8 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

### दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

**कांकेर।** ग्राम पंचायत कोड़ेजूँगा में गुरुवार से दो दिवसीय कर्मचारी संगठन की ओर से दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।जिसमे ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को कबड्डी जलेबी दौड़ कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।कार्यक्रम का शुभारंभ गाँव के वरिष्ठ जनों के द्वारा शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को किया जाएगा।

### राष्ट्रपिता को शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**कोरबा।** कोरबा जिला मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर आज उन्हें कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में सादर श्रद्धांजलि दी गई। कलेक्टर श्रीमती किरण कौषल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रख उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती कौषल ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रपिता के सिद्धांत और नीतियॉ आज भी देष और समाज की तरक्की के लिये प्रसांगिक हैं। हमें महात्मा गांधी के आदर्षो से सीख लेकर उन्हें अपने जीवन में उतारना चाहिये।

### महापौर ने की मां सरस्वती की पूजा

**कोरबा।** बंसत पंचमी के परम पावन अवसर पर गीतांजलि भवन कोरबा स्थित निगम के सार्वजनिक वाचनालय में महापौर राजकिशोर प्रसाद ने विद्यादायनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना वीणा वादिनी मां सरस्वती से की। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के परमपावन अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा के गीतांजलि भवन स्थित सार्वजनिक वाचनालय में मां सरस्वती जी के पूजन का सुंदर धार्मिक आयोजन किया गया था, महापौर राजकिशोर प्रसाद ने उक्त आयोजन में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। बसंत पंचमी के अवसर पर सभापति श्यामसुंदर सोनी ने भी मां सरस्वती का पूजन किया, इसके साथ ही निगम के मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, अपर आयुक्त अशोक शर्मा, डॉ.संजय तिवारी, शिरीन लाखे सहित अन्य उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों ने मां विद्यादायनी की पूजा अर्चना की।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर संयुक्त खदान मजदूर संघ एसकेएमएस ने किया विरोध प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

**बचेली।** संयुक्त खदान मजदूर संघ एसकेएमएस द्वारा एनएमडीसी चेक पोस्ट पर पंडाल लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जानकारी के मुताबिक 11 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व में कई बार यूनियन द्वारा एनएमडीसी प्रबंधन को ज्ञापन दिया जा चुका था। परंतु एनएमडीसी के उदासीन रवैए से नाराज यूनियन के सदस्य धरने पर बैठ कर जमकर एनएमडीसी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। यूनियन के सचिव टीजे शंकर राव ने बताया कि हमारी 11 प्रमुख मांगों को कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है परंतु प्रबंधन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही। एनएमडीसी सीएमडी ने हीरक जयंती के उपलक्ष में 50 ग्राम सोने का सिक्का देने का जो वादा किया था उसे भी अभी तक पूरा नहीं किया गया है जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। प्रमुख मांगे

1. चेक आउट सिस्टम में

एटक मेजर यूनियन होने के कारण प्रबन्धन एसकेएमएस से ही कमेटी मीटिंग कर अनुबन्ध करे।

2. नये फार्मूले के अनुसार बोनस का भुगतान करना।

3.स्वर्ण जयंती के अवसर पर घोषित 50द्दद्ब गोल्ड जल्दी देना।

4 टेक्स में अधिकारियों की तरह छूट देना।

5.भर्ती प्रक्रिया जल्दी चालू करना।

6. प्रोडक्शन यूनिट में कोर एक्टिविटी में आउट सोर्सिंग बन्द करना।

7.अस्पताल में स्पेसलिस्ट डॉक्टरों की जल्दी भर्ती करना।

8. ओर ढुलाई हेतु वाईपास रोड जल्दी बनाना।

9.ठेका श्रमिको का बोनस एवम वेज समझौता जल्दी लागू करना।

10. किसी तरह का आफिस ऑर्डर निकालने से पहले मान्यता प्राप्त यूनियन से चर्चा करना।

11.अधिकारियों की तरह कर्मचारियों ओ भी नाईट शिप्ट अलाउंस 300/- देना।

# गौ हत्या से जुड़े सभी दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

**कोरबा।** गौ रक्षा मंच ने नेताजी चौक पर धरना देकर गौ हत्या से जुड़े सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग दोहराई ।कोरबा जिले के नुनेरा गांव में पिछले दिनों सैकड़ों गायों की मौत हो गई थी इसके साथ ही क्रूरता पूर्वक इनके अंग भंग कर दिए गए और आसपास में ही दफना दिया गया । इस घटनाक्रम को लेकर किसी तरह की ठोस कार्रवाई नहीं की गई । गौ रक्षा मंच ने इस मामले को गौ तस्करी और हत्या बताते हुए प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह तस्करों और हत्यारों को लेकर ढिलाई बरत रहा है । ऐसे में उनके मनोबल बढ़ेंगे और दूसरे क्षेत्रों में गोवंश पर खतरा बढ़ेगा । गौ रक्षा मंच के द्वारा आयोजित धरना को अनेक सामाजिक संगठनों का सहयोग प्राप्त हुआ ।

धरना को सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र दुबे, पूर्व संसदीय सचिव लखन लाल देवांगन, अशोक मोदी, किशोर बुटोलिया, नरेंद्र देवांगन, शैलेश पांडे, अजय विश्वकर्मा, डॉ विशाल उपाध्याय, मनोज पाराशर, अधिवक्ता राहुल चौधरी, उमेश सोनी, कैलाश नाहक व अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। उन्होंने भारत और दुनिया भर में गोवंश की उपस्थिति और सांस्कृतिक पारंपरिक आर्थिक व सामाजिक पक्षों को विशेष रुप से रेखांकित किया । उन्होंने बताया कि धार्मिक दृष्टिकोण से भी गौ वंश का अपना विशेष महत्व है ।गाय के पंचगव्य की उपयोगिता सर्वविदित है। सरकार एक तरफ नरवा- गरवा- घुरवा- बाड़ी जैसी योजना चलाकर अपने इरादे बता रही हैं और इसके ठीक उल्टे कोरबा का सरकारी तंत्र सरकार की योजना पर पलीता लगाने में जुटा हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि नुनेरा में इतनी बड़ी संख्या में कहां से गायों को लाकर अवैध बाड़े में रखा गया और फिर उनकी हत्या कर दी गई। यही नहीं उनके अंग भंग कर दिए गए । इस पूरे कारनामे में कई षड्यंत्र कारी कारी शामिल है जिन्हें अब तक संरक्षण दिया गया है, ऐसा जान पड़ता है । उन्होंने पूछा कि आखिर ऐसा क्या कारण है, जिसके चलते दोषियों को बचाने की कोशिश की जा रही है, वह भी गौ हत्या जैसे गंभीर मामले में। गौ रक्षा मंच के आव्हान पर जूटे वक्ताओं ने कहा की जिस प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहां गायों की हत्या अत्यंत शर्मनाक बात है और इस मामले को यूं ही नहीं जाने दिया जाएगा। नुनेरा में गायों की हत्या करने के मामले में जो भी दोषी हैं उनके खिलाफ सरकार को कठोर कदम उठाने होंगे अन्य स्थिति में गौ रक्षा मंच बड़ा आंदोलन करने के लिए विवश होगा।

# संत पंचमी पर की मां सरस्वती की अर्चना

नवप्रदेश संवाददाता

**कोरबा।** विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा रविवार को जगह-जगह हुई। अवकाश के बाद भी कई शैक्षणिक संस्थानों में आयोजन हुए। तो कुछ ने एक दिन पहले बुधवार को ही पूजा अनुष्ठान कर लिए। स्वर की देवी के रूप में साहित्यकारों ने भी पूजा पाठ कर उन्हें याद किया। ऋतु बसंत पंचमी पर विद्या दायिनी सरस्वती की उपासना नगर सहित अंचल में की गई। अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें काफी संख्या में लोग एकत्र हुए। उन्होंने विद्या और बौद्धिक संपदा के विस्तार के लिए कामना की। गुरुवार को तिलक भवन में कोरबा प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजन हुआ। जहां पूजा अनुष्ठान के साथ भोग प्रसाद भी बांटा गया। सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी पूर्व में सरस्वती पूजा की गई। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ पूरा स्टाफ शामिल हुआ। वहीं साहित्य सदन, शिक्षक सदन सहित अनेक स्कूलों में बसंत पर मां सरस्वती की पूजा की गई। स्वर की देवी मां सरस्वती का

आशीर्वाद लोगों ने लिया।

### कालीबाड़ी में पूजी गई मां सरस्वती

एसईसीएल सुभाष ब्लाक स्थित कालीबाड़ी मंदिर में रविवार को बसंत पंचमी मनाई गई। मंदिर में देवी मां की प्रतिमा स्थापित कर विधानपूर्वक अनुष्ठान कराया गया। वहीं सीएसईबी पूर्व कालोनी स्थित आटा चक्की के पास भी सरस्वती पूजा की गई। इन दोनों स्थानों पर बंगाली कल्चर से पूजा हुई। जहां पंडितों ने हाथ में घड़ी का विधानसभा संपन्न कराया।

# 15 साल बाद कोकानपुर ग्राम पंचायत में कांग्रेस का कब्जा

नवप्रदेश संवाददाता

**कॉंकेर/कोरर।** कांकेर विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोकानपुर मे सरपंच पद पर कांग्रेस समर्थक विजय प्राप्त किया.प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम कोकानपुर मे सरपंच पद के चुनाव में छह प्रत्याशी मैदान में थे,जिसमें से माधुरी कली राम उयके ने लगभग 319 मत लेकर जीत हासिल किया. इस चुनाव मे ग्राम के अनेक प्रमुख लोग चुनाव लड रहे थे ,लेकिन सबको परास्त कर कली माधुरी उयके ने जीत दर्ज की। इस ग्राम मे 11 वार्ड में पंच हेतु निर्वाचित हुए जिसमें वार्ड 1 मे खेमिन कांगे,2 मे कमलेश्वरी मंडावी,3 मे सुशीला नेताम ,4 संजय कांगे,5 हरिशंकर सिन्हा,6 मे सरोज यादव,7 मे दिनेश कांगे,8 मे अनिल यदु,9 मे पुर्णिमा साहु, 10 मे शिव प्रसाद तेता ,11 मे राजेश्वरी दुग्गा, ने विजय प्राप्त किए।

### पैराडाईज स्कूल में बंसत पचमी उत्सव मनाई गई

**कांकेर।** पैराडाईज स्कूल में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना एवं भक्तिगीत के साथ ज्ञान की देवी पूजा अर्चना की गई । इस अवसर पर माता सरस्वती की महिमा को बताते हुए प्राचार्य रश्मि रजक ने कहा कि बच्चों को ज्ञान एवं भक्ति से अपने जीवन को महान बना सकते है और ईश्वर को भी प्राप्त कर सकते है । प्रत्येक ज्ञान की शुरूआत ईश्वरी ज्ञान से होता है और अंत भी ईश्वरी ज्ञान से होता है, हमे जीवन में सच्चा ज्ञान प्राप्त करना चाहिए।

# नन्हे मुन्ने बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया बसंत पंचमी

नवप्रदेश संवाददाता

**कांकेर।** राजापारा के नदिया पारा आँगनबाड़ी केंद्र में सरस्वती पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया।कार्यक्रम मर मुख्य अतिथि राजापारा पार्षद आनंद चौरसिया ने बच्चों के साथ माँ सरस्वती की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम के बाद नन्हे बच्चों के बीच प्रशाद वितरण किया गया ।नन्हे बच्चों ने पार्षद आनंद चौरसिया के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जिसमें बच्चों ने कविता गाने गाकर माँ सरस्वती के गीत गुनगुनाए ।जिस पर बच्चों के शानदार प्रस्तुति से पार्षद ने ज़मकर सरहाना करते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया गया ।

### पोड़ीउपरोड़ा जनपद क्षेत्र में पंचायत चुनाव के लिये मतदान आज

**कोरबा।** जिले में त्रि-स्तरीय पंचायतों के तहत् दूसरे चरण में पोड़ीउपरोड़ा विकासखण्ड में पंच-सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन के लिये कल 31 जनवरी को मतदान होगा। मतदान के लिये आज सुबह से ही पोड़ीउपरोड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से मतदान दलों को सुरक्षा के बीच रवाना किया गया। पोड़ीउपरोड़ा जनपद पंचायत के एक लाख तीस हजार 536 मतदाता कुल तीन हजार 570 अभ्यर्थियों में से पंच-सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत के सदस्य चुनेंगे। पोड़ीउपरोड़ा जनपद पंचायत में कुल एक हजार 711 पंचों के लिये दो हजार 727, 114 सरपंचों के लिये 648, 25 जनपद सदस्यों के लिये 172 और 3 जिला पंचायत सदस्यों के लिये 23 अभ्यर्थी मैदान में हैं। पोड़ीउपरोड़ा में पंचायती चुनाव के लिये 286 मतदान दल बनाये गये हैं।

# सीएए-एनआरसी : देश को दास युग में धकेलने की साजिश

नवप्रदेश संवाददाता

**कोरबा।** महात्मा गांधी की शहादत दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार की संविधान विरोधी सी ए ए, एन पी आर,एन सी आर को वापस लेने की मांग को लेकर वामपंथी पार्टियों द्वारा घंटाघर चौक में अम्बेडकर प्रतिमा के सामने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने संविधान बचाने का संकल्प लिया गया और सभा का आयोजन किया गया और घंटाघर चौक में मानव श्रृंखला बनाकर केंद्र सरकार कि नीतियों के खिलाफ विरोध प्रकट किया गया।महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सभा को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रशांत झा, एस. एन बेनर्जी, वी.एम.मनोहर, जनक दास माकपा पार्षद सुरती कुलदीप, राजकुमारी कंवर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के दीपेश मिश्रा, एम,एल रजक,एस के सिंह,आर एल खन्ना जनवादी महिला समिति से धनबाई, जनवादी नौजवान सभा के अभिजीत गुप्ता, मनोज विष्वकर्मा, दिलहरण बिंझवार, किसान सभा के जवाहर सिंह कंवर ने सभा को संबोधित किया वक्ताओ ने कहा कि सी ए ए, एन पी आर,एन सी आर कानून में भूमिहीन आदिवासी, खेतिहर मजदूर भी परेशान होंगे शहरों में रहने वाला अचल संपत्ति से वंचित दलित वर्ग ग्रामीण क्षेत्रों में बसा पिछड़ा वर्ग और शिक्षा व शैक्षणिक दस्तावेजों से वंचित मुस्लिम समुदाय भी बैचेन है सभी वर्गो के अशिक्षित लोग अपने देश मे अपने वजूद को तलाशते एक दूसरे को शक की नजरों से नजर आएंगे ।

### कुमार बने जनपद सदस्य

**कांकेर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के रुझान आने के बाद मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत बेवरती पटौद पुसवाड़ा में जनपद सदस्य पद हेतु क्षेत्र क्रमांक 8 से ऐतिहासिक जीत दर्जकर तीन बार के जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश ठाकुर को पटौद के सरपंच व जनपद सदस्य उम्मीदवार रहे कुमार मरकाम ने रिकॉर्ड मतों 1263 से हराकर जनपद सदस्य बनने में सफल हुए कुमार मरकाम को 2250वोटमिले वही चंद्र प्रकाश ठाकुर को 967वोट से संतुष्ट होना पड़ा ।

**आयोजन** जिले के पुरातात्विक महत्व और नरवा, गरूआ, घुरवा, बाड़ी के साथ आजीविका संवर्धन पर महोत्सव में रहेगा फोकस

# महाशिवरात्रि पर पाली में होगा दो दिवसीय पाली महोत्सव

नवप्रदेश संवाददाता

**कोरबा।** फरवरी माह में महाशिवरात्रि के अवसर पर कोरबा जिले के पाली में दो दिवसीय पाली महोत्सव का आयोजन होगा। संभवतः यह आयोजन 21 एवं 22 फरवरी को पाली के हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में होगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कलेक्टर श्रीमती किरण कौषल ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक की। उन्होंने बैठक में महोत्सव को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिये सभी अधिकारियों को जिम्मेदारियॉ सौंपी और समय पर सभी कामों को पूरा करने के निर्देष दिये। महोत्सव में इस बार जिले में लगातार मिल रहे पुरातात्विक महत्व के स्थलों, प्राश्रयों और अवषेषों की महत्वपूर्ण जानकारी लोगों को प्रदर्षनी के माध्यम से मिलेगी। इसके साथ ही नरवा, गरूआ, घुरवा, बाड़ी विकास कार्यक्रम से ग्रामीणों के जीवन में आये परिवर्तन से भी जीवंत रूप में लोग अवगत हो सकेंगे। आकर्षक प्रदर्षनी के माध्यम से विभिन्न षासकीय विभागों द्वारा योजनाओं और उपलब्धियों का प्रदर्षन भी महोत्सव स्थल पर किया जायेगा। महोत्सव में इस बार स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती कौषल ने पाली महोत्सव का आयोजन गरिमामय ढंग से करने के निर्देष देते हुए मंच व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, पार्किंग व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से विचार विमर्ष किया। ऐतिहासिक पाली के षिव मंदिर की भव्य साज-सज्जा हेतु आदिम जाति कल्याण विभाग को दायित्व सौंपा गया है। महोत्सव के दौरान नियंत्रण कक्ष एवं प्राथमिक उपचार का स्टाल भी लगाया जायेगा। एसडीएम कटघोरा एवं पुलिस को कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा आदि व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिये मंच उपलब्ध कराने के निर्देष दिये गये हैं। श्रीमती कौषल ने लगातार बिजली के लिए जरूरी तैयारियों के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल पर बैकअप के रूप में दो जनरेटरों का भी इंतजाम करने के निर्देष बिजली विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने पाली के ऐतिहासिक षिव मंदिर की साज सज्जा आकर्षक रूप से कराने के निर्देष दिए। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए कलाकारों का चयन और उनकी उपलब्धता के लिये समय पर सभी कार्यवाहियॉ करने के निर्देष भी कलेक्टर ने बैठक में दिए हैं।

# बसंत पंचमी के अवसर पर पुरस्कार वितरण

नवप्रदेश संवाददाता

**सक्ती।** परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती में 30 जनवरी 2020 को बसंत पंचमी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि समारू देवांगन, भगत राम देवांगन, चंद्र कुमार देवांगन, सी. एल. देवांगन, आर. डी. देवांगन, प्रेम देवांगन, राम संजीवन देवांगन, विजयलक्ष्मी देवांगन, रूपा गिरधर देवांगन, नंद लाल देवांगन, केलव्ह देवांगन, भारती देवांगन, पी. एल. देवांगन, नंद लाल देवांगन जी के द्वारा मां सरस्वती एवं मां परमेश्वरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, सरस्वती वंदना एवं मंत्र उच्चारण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का विद्यालय परिवार के सचिव कृष्ण कुमार देवांगन, प्राचार्य एम. विकास देवांगन तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं के द्वारा तिलक लगाकर, बैच लगाकर एवं पुष्पगुच्छ दे कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अतिथि आर. डी. देवांगन जी के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सही बच्चे आज से प्रतिज्ञा ले कि हम पूरी ईमानदारी से अपना अध्ययन कार्य को करेंगे और सफ्लता अर्जित करेंगे। उसके बाद अतिथि राम संजीवन देवांगन जी के द्वारा विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को सफ्लता अर्जित कर स्कूल का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं प्रदान किया। उनके बाद अतिथि चंद्र कुमार देवांगन जी के द्वार सभी छात्र-छात्राओं के समक्ष माँ सरस्वती एवं माँ परमेश्वरी जी का वंदना एवं मंत्र उच्चारण कर उसकी व्याख्या किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में हमारे संस्था के छात्र छात्राओं के द्वारा 19 राज्य स्तरीय शाले क्रीड़ा 2019-20 के अंतर्गत तीरंदाजी प्रतियोगिता में अंडर 14 में बालिका वर्ग में छात्रा कुमारी जानसी सिदार, अंडर 17 में बालक वर्ग में छात्र डिकेश देवांगन, अंडर 19 में बालक वर्ग में छात्र देवाशीष देवांगन एवं फूलचंद देवांगन को क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने पर अतिथियों के द्वारा गोल्ड मैडल, प्रमाण पत्र एवं सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया।

### बसंत पंचमी पर हवन पूजन करते शाला परिवार

मुंगेली। माद्यशुक्ल पक्ष पंचमी को मनाया जाने वाला बंसत पंचमी का त्यौहार माँ सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ विद्या, ज्ञान और कला की देवी माने जाने वाली मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना एवं मंदिरों में बडे ही उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ । बसंत पंचमी के दिन से ही होली त्यौहार की तैयारीयॉ प्रारंम्भ हो जाती है। आज के ही दिन विभिन्न स्थानों पर होली का डांग गाढ़ा जाता है पूजा अर्चना के पश्चात , बसंत पंचमी विद्या, ज्ञान, कला की देवी मॉ सरस्वती के प्रादुर्भाव का दिवस को नगर में बडे ही धुमधाम से मनाया गया। माना जाता है कि मॉ सरस्वती जो वीणा प्रदायिनी ज्ञान की देवी है जिनकी पूजा अर्चना कर मॉ सरस्वली की अराधना की गई , समस्त स्कूल ,कॉलेजों में बडे उत्साह पूर्वक बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया गया। बंसत पंचमी त्यौहार से ही होली त्यौहार की भी तैयारीयॉ प्रारंम्भ हो जाती है और गली मौहहलों में होलीका दहन के स्थान सुनीश्चित कर पूजा अर्चना का तैयारीयॉ की जाती है आज नगर के अधिकाश स्कूलों में मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना कर ज्ञान का आर्शीवाद बच्चों ने मॉगा ।

## पथरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में दूसरे चरण का मतदान आज

**मुंगेली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिये मतदान दलों आज सामना वितरण का कार्य किया गया,, ज्ञात हो कि जिले में 3 चरणों मे चुनाव सम्पन्न कराया जाना है जिसमे पहले चरण में 28 जनवरी को ब्लाक में मतदाताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था, दूसरे चरण में 31 जनवरी को पथरिया ब्लाक में मतदान किया जाना है जिसके लिये आज मतदान दलों को सामग्री वितरण किया गया,। पथरिया ब्लाक में होने वाले चुनाव के लिये कुल 255 मतदान केन्द्र बनाये गए हैं।

# एसबीआई एटीएम का उद्घाटन

नवप्रदेश संवाददाता

**बीजापुर।** 29 जनवरी को 229 वाहिनी, केरिपुबल, चिकाटी राजू हिल्स स्थित बटालियन मुख्यालय के मुख्य द्वार पर एसबीआई एटीएम चालू हो गया। एटीएम का उद्घाटन श्री कोमल सिंह, पुलिस उप. महानिरीक्षक, केरिपुबल बीजापुर के कर कमलों के द्वारा श्री विवेक भन्द्राल, कमांडेण्ट-229 बटालियन एवं अन्य अधिकारी व जवानो की उपस्थिति में किया गया। इस कैम्प परिसर के पास एसबीआई, एटीएम के शुभारंभ होने से जवानों के साथ-साथ आम जनता को भी नकदी की निकासी की सुविधा होगी तथा यह सुविधा 24 घंटें उपलब्ध होगी। इस अवसर पर श्री दिव्यांग पटेल, पुलिस अधीक्षक, बीजापुर, केरिपुबल के वरिष्ठ अधिकारी एवं एसबीआई प्रबंधक श्री दिनेश टेकम तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति व जवान उपस्थित थे।

# सामाजिक बहिष्कार तक जा पहुंचा सम्पत्ति विवाद

नवप्रदेश संवाददाता

**कोरबा।** पुरानी कहावत है जंग जोरू और जमीन में सब जायज है बस यह कहावत नाना अंगिया लक्ष्मीनारायण समाज पर फीट बैठता है विश्वस्त सूत्रों कि माने तो श्री नाना अंगिया लक्ष्मीनारायण सनातन समाज , रायपुर (जो कि रायपुर पाटीदार समाज के एक घटक के रूप में कार्यरत है) के सदस्य एवं भनपुरी में निवासरत दो भाईयों के बीच 13 अप्रेल 2015 को किए गए आपसी सहमति , प्रेम-भाव तथा सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में किये गये फैसले को श्री नाना अंगिया लक्ष्मीनारायण सनातन समाज के उच्च पदस्थ पदाधिकारियों के द्वारा ढेड़ वर्ष बाद द्वेशवश छोटे भाई को गुमराह कर एवं झुठे प्रलोभन देकर एक अधिकार पत्र को माध्यम बनाकर दोनों भाईयों के बीच फूट एवं झगड़ा कर दिया गया और पुर्व में किए गए फैसले को अमान्य कर सामाजिक स्तर पर किए गए फैसले को मानने के लिए बड़े भाई को बाध्य किया जाने लगा और नाना प्रकार के

### ■ नाना अंगिया लक्ष्मीनारायण सनातन समाज का मामला

हथकंडे अपना कर बड़े भाई को पररेशान किया जा रहा था। समयांतर में बड़े भाई के द्वारा समाज के प्रचलित नियमानुसार नये फैसले को एकतरफा बताकर विरोध करने पर समाज के प्रमुख एवं महामंत्री के द्वारा उनका 10 नवंबर 2018 को सामाजिक बहिष्कार भी कर दिया गया है। बड़े भाई के द्वारा इस प्रकरण को लेकर श्री नाना अंगिया लक्ष्मीनारायण सनातन समाज की मुख्य शाखा जो कि नाना अंगिया कच्छ गुजरात में स्थित है, के साथ साथ इनके अन्य झोनों मे स्थित शाखाओं में भी न्याय के लिए गुहार लगाई लगाई गई है किन्तु आज पर्यन्त कुछ भी सुनवाई नहीं हुई है। इसके विपरित श्री नाना अंगिया लक्ष्मीनारायण सनातन समाज , रायपुर के महामंत्रीश्री के द्वारा बड़े भाई के विरुद्ध सामाजिक स्तर पर सिविल कोर्ट, रायपुर में एक मानहानि का मुकदमा भी दर्ज कर दिया गया है। आज स्थिति यह है कि बड़ा भाई एवं उनका परिवार मानसिक तनाव में जीवन यापन करने के लिए मजबूर हैं चूंकि समाज के पदाधिकारियों के द्वारा उनकी आजीविका के साधन को भी छीन लिया गया है।

# आहरण संवितरण अधिकारियों का वीडियो कान्फ्रेंसिंग आज

नवप्रदेश संवाददाता

**मुंगेली।** जिला कोषालय अधिकारी डॉ. रूपेश कुमार पाठक ने आज यहां बताया कि आयकर विभाग के अतिरिक्त आयुक्त द्वारा कार्यालय पुलिस विभाग, कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यालय जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, कार्यालय चिकित्सा अधीक्षक, सह संयुक्त संचालक विभाग जिला के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए 31 जनवरी को सायं 4 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व वर्षो की तुलना में इस वर्ष टीडीएस के रूप में कम राशि जमा होने के कारण आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग आयोजित की गई है। जिला कोषालय अधिकारी ने संबंधित विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

# कलेक्टर ने ली धान खरीदी केंद्र प्रभारी और ऑपरेटरों की बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

**मुंगेली।** कलेक्टर भुरे ने आज जिले के जनपद पंचायत लोरमी के सभाकक्ष में लोरमी जनपद पंचायत क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र प्रभारी और ऑपरेटरों की बैठक ली। बैठक में उन्होने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 हेतु समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 15 फरवरी तक की जायेगी। उन्होने किसानों से गुणवत्तायुक्त धान खरीदने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होने कहा कि धान खरीदी कार्य में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होने किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल की मान से धान खरीदने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने खरीदी केंद्रों में धान की भण्डारण और उठाव के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होने कहा कि जिस खरीदी केंद्रों में 15 हजार क्विंटल से अधिक धान भण्डारित है उन केंद्रों से धान का उठाव यथा शीघ्र किया जायेगा। इस संबंध में उन्होने जिला विपणन अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होने कहा कि कभी भी बेमौसम बारिश होने की संभावना बन जाती है। इस हेतु उन्होने केप कव्हर, पानी निकासी आदि की व्यवस्था को हमेशा सुदृढ़ बनाये रखने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने कहा कि कुछ कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रातः 11 बजे धान खरीदी केंद्रों में पहुंचते है जिसके कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर उन्होने अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की और कम्प्यूटर ऑपरेटरों को प्रातः 8 बजे तक धान खरीदी केंद्र में अपना उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिये।

# कलेक्टर ने किया तृतीय चरण के निर्वाचन हेतु तैयारियों की समीक्षा

नवप्रदेश संवाददाता

**मुंगेली।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भुरे ने तृतीय चरण के निर्वाचन हेतु आज जनपद पंचायत लोरमी के सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि जनपद पंचायत लोरमी क्षेत्र में तृतीय चरण का मतदान 3 फरवरी को संपन्न होगा। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। उन्होने कहा कि निर्वाचन संपन्न कराने में सेक्टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होने सेक्टर अधिकारियों के भ्रमण, मतदान केंद्र, विद्युत व्यवस्था, पहुंच मार्ग, कनेक्टिविटी आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने कहा कि अचानकमार टाईगर रिजर्व (एटीआर) क्षेत्र के कुछ मतदान केंद्रों में मोबाइल नेटवर्क काम नहीं करता वहां पर वन विभाग के माध्यम से वायरलेस तथा उन क्षेत्रों में वन विभाग का अतिरिक्त अमला तैनात करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को इमरजेंसी लाईट और पेट्रोमेक्स की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने कहा कि चिन्हांकित संवेदनशील मतदान केंद्रों में अतिरिक्त पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। उन्होने कहा कि मतदान केंद्रों में अनावश्यक भीड़ इकट्ठा नहीं होनी चाहिए।

# महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर कलेक्टर ने दी श्रद्धांजलि

नवप्रदेश संवाददाता

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर आज 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे दो मिनट का मौन धारण कर कलेक्टर व, अपर कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी सहित जिला कलेक्टोरेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टोरेट और जिले के सभी कार्यालयों में भी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा बापू का पुण्य स्मरण किया और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर जिला कलेक्टोरेट के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मैनपाट और सीतापुर जनपद पंचायत में निर्वाचन के लिए मतदान दल रवाना

नवप्रदेश संवाददाता

**अम्बिकापुर।** त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2019-20 के अंतर्गत 31 जनवरी 2020 को मैनपाट और सीतापुर जनपद पंचायत में पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य तथा जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन हेतु मतदान सामग्रियों का वितरण आज संबंधित जनपद पंचायत क्षेत्रों में मतदान दलों को किया गया। मतदान सामग्री वितरण प्रातः 9 बजे प्रारंभ हुई और दोपहर 12 बजे से मतदान दलों को रवाना किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सारांश मित्तर के मार्गदर्शन में दोनों जनपद पंचायत कार्यालय में मतदान सामग्री वितरण हेतु व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**केबिनेट में सीएए...**

बताया जाता है कि कैबिनेट की बैठक में इसके लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया है तथा मुख्यमंत्री की ओर से इस कानून को वापस लिए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा जाएगा। बैठक में बताया गया कि राज्य में 29 जनवरी तक 63.50 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है और किसानों को 11 हजार करोड़ रुपये जारी किया जा चुका है। राज्य सरकार को भरोसा है कि लक्ष्य के अनुसार 85 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी कर ली जाएगी। इसके अलावा सहकारी सोसायटी एक्ट में संशोधन के निर्णय पर कैबिनेट नें मंजूरी दी है। सहकारी सोसायटी में निजी भागीदारी का भी निर्णय लिया गया है, हालांकि इसे लेकर सरकार से रजामंदी लेनी जरूरी होगी। इधर छत्तीसगढ़ खेल प्राधिकरण की पहली बैठक भी आज संपन्न हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्राधिकरण के सदस्य की नियुक्ति के लिए अधिकृत किया गया है। खेल अकादमी के लिए उद्योग व अन्य संगठनों का साथ लेकर पीपीपी मॉडल पर इसे विकसित करने का निर्णय लिया गया।

**इन बिंदुओं पर...**

सहयोग कर सकेगी। कोई भी सहकारी सोसाइटी साधारण सभा के उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के साधारण बहुमत से, उसके साधारण सम्मिलन में पारित संकल्प द्वारा ऐसा सहयोग कर सकेगी। सहकारी सोयाइटी को ऐसा सहयोग करने के पूर्व प्रत्येक मामले में राज्य सरकार की पूर्व अनुमति अनिवार्य है। किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का 2500/- प्रति क्विंटल की दर से भुगतान सुनिश्चित करने के लिए अनुशंसा करने हेतु मंत्रिमण्डलीय उप-समिति के गठन का आदेश जारी किया गया है। जिसका बैठक में अनुसमर्थन किया गया। राज्य में वर्तमान में वास्तविक सिंचाई क्षमता 10.38 लाख हेक्टेयर है, जोकि कुल कृषि योग्य भूमि का 18 प्रतिशत है। राज्य में सिंचाई के त्वरित विकास हेतु छत्तीसगढ़ अधोसंरचना विकास निगम को छत्तीसगढ़ सिंचाई विकास निगम में परिवर्तित किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ अद्योसंरचना विकास निगम में कार्यरत अमले को जहां प्रतिनियुक्ति पर है, उन्हें वहीं पर यथावत रखने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ सिंचाई विकास निगम का गठन अधिसूचना के दिनांक से प्रभावशील होगी।

**सीएए में नहीं...**

किया है। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि छत्तीसगढ़ राज्य में इस अधिनियम के विरुद्ध काफी प्रदर्शन देखे गए हैं, जो कि शांतिपूर्ण रहे, लेकिन इनमें विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**सीबीआई एक हफ्ते में...**

जाता था। इस जन संस्थान के माध्यम से निःशक्त जनों को प्रशिक्षण दिया जाना और उन्हें बेहतर जीवन उपलब्ध कराए जाने की क़वायद की जाती थी। लेकिन यह सब कुछ काग़ज़ों में था। बीते दस सालों में इस संस्थान के माध्यम से एक हज़ार करोड़ का घोटाला किया गया। जिन अधिकारियों के विरुध्द हाईकोर्ट ने एफआईआर के आदेश दिए हैं उनमें दो रिटायर सीएस, एक रिटायर एसीएस, आईएएस बी एल अग्रवाल, सतीश पांडेय, पीपी सोटी, राजेश तिवारी, अशोक तिवारी, हेमंत खलखो, एम एल पांडेय और पंकज वर्मा के नाम शामिल हैं। गांधी पुण्यतिथि पर सुरक्षित रखे फैसले को हाईकोर्ट ने आज सार्वजनिक किया है।

**मांगों को बजट में...**

पुलिस हित में आवाज बुलंद करने वाले राकेश यादव ने सरकार की नाक में दम कर दिया था और उसके लिए उसे बर्खास्त करने के अलावा ही साथियों-समर्थकों को भी विभागीय अधिकारियों ने काफी प्रताड़ित किया था। इस बार भी राकेश पर नजर रख रहे खबरियों ने जैसे ही रायपुर में फरवरी के प्रथम सप्ताह में होने वाले महासम्मेलन की तैयारियों की खबर दी तो गुप्तवार्ता हरकत में आ गया है।

रमन सरकार के वक्त हुआ था ऐसा

जून 2018 में तत्कालीन रमन सरकार के दौरान पुलिस परिवार ने राजधानी रायपुर में बड़ा आंदोलन रखा था। ईदगाह भाटा मैदान में आंदोलन की अनुमति मांगी गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। अनुमति नहीं मिलने के बावजूद बड़ी तादात में महिलाएं सड़कों पर उतरी थी। तब कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस ने भी आंदोलन को अपना समर्थन दिया था। आंदोलन कर रही 81 महिलाओं की गिरफ्तारी की थी, हालांकि बाद में समझाइश देकर उन्हें छोड़ दिया गया था, जबकि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया था। तब पुलिस परिजनो ने अपनी मुख्य मांगों में कहा था कि ड्यूटी की अवधि 8 घंटे तय किया जाए, सप्ताह में एक दिन की छुट्टी दी जाए, आहार भत्ता बढ़ाकर तीन हजार रूपए किया जाए, साथ ही मेडिकल भत्ता 2 हजार रूपए, वर्दी धुलाई भत्ता 500 रूपए, साइकल के 80 रूपए प्रतिमाह के भत्ते की जगह 3 हजार रूपए पेट्रोल भत्ता दी जाए. साथ ही किट सामग्री की जगह 10 हजार रूपए दिए जाएं।

**शाहीन भाग...**

रामभक्त बताने वाले गोपाल ने खुद को सभी संगठनों से मुक्त बताया है। 28 जनवरी के एक पोस्ट में उसने लिखा है कि 31 जनवरी तक उसके पोस्ट को कोई नजरअंदाज ना करे। घटना को अंजाम देने के लिए निकलने से पहले उसने यह भी जाहिर किया था कि वह मरने-मारने पर उतारू है। उसने आज एक पोस्ट में लिखा है कि उसे अंतिम संस्कार के लिए भगवा में ले जाया जाए और जय श्री राम के नारे लगाएं। गोपाल ने फेसबुक के दोस्तों से कहा है कि उसके परिवार का ध्यान रखा जाए। एक अन्य पोस्ट में उसे लिखा है...शाहीन भाग....खेल खत्म।

12वीं का छात्र है गोपाल

गोली चलाने वाला ये युवक ग्रेटर नोएडा के जेवर का रहने वाला है, 12वीं का छात्र बताया जा रहा है। परिवार के लोग इसे नाबालिग बता रहे हैं, घर से स्कूल के लिए कहकर निकला था।

पूलिस कर रही है पूछताछ

डीसीपी (दक्षिण) चिन्मय बिस्वाल ने कहा कि छात्र जामिया से राजघाट तक एक मार्च निकालना चाहते थे लेकिन उन्हें अनुमति नहीं दी गई। बिस्वाल ने कहा, 'उन्हें बार बार कहा जा रहा था कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से किया जाना चाहिए। हमने होली फैमिली अस्पताल से ठीक पहले सड़क पर बैरिकेड लगा दिये थे। इस बीच एक व्यक्ति को भीड़ में देखा गया जो कोई चीज लहरा रहा था जो एक हथियार प्रतीत हुआ।' उन्होंने कहा, 'हमने उसे हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रहे हैं। एक व्यक्ति घायल भी हुआ है।'

राजनीति भी शुरू, आप ने शाह को घेरा

जामिया की घटना को लेकर आम आदमी पार्टी ने बीजेपी पर हमला बोला है। पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि इससे साफहो गया है कि जब से देश के गृह मंत्री अमित शाह बने हैं दिल्ली की कानून व्यवस्था लगातार बद से बदतर होती जा रही है। कभी 24 घंटे में 9 लोगों की हत्या हो जाती है, एक महीने में 220 राउंड फायरिंग दिल्ली की सड़कों पर होती है। कभी वकीलों के ऊपर गोलियां चलती हैं कभी छात्रों के ऊपर लाठियां चलती हैं और आज जो कुछ भी जामिया में हुआ उससे साफहो गया है कि भारतीय जनता पार्टी एक सुनियोजित साजिश के तहत हार के डर के कारण दिल्ली का माहौल बिगाड़ना चाहती है।

**कोरोना वायरस...**

अबतक करीब 170 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 7000 से ज्यादा लोग इसकी चपेट में हैं।

इससे अलावा देश के कई राज्यों में सैकड़ों लोगों को निगरानी में रखा गया है। सिर्फ केरल में ऐसे 806 लोगों को निगरानी में रखा है जो कोरोना वायरस से संक्रमित हो सकते हैं। वहीं देश की दो विमानन कंपनियों इंडिगो और एअर इंडिया ने उस देश के लिए अपनी अधिकतर उड़ानें निलंबित करने की घोषणा की जो कोरोना वायरस प्रकोप से जूझ रहा है। हालांकि भारत ने हुबेई प्रांत से अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए चीन से दो उड़ानें संचालित करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

चीन से लौटे यूपी के एक छात्र की आज आएगी रिपोर्ट

चीन से लौटे मेडिकल छात्र आसिफ के नमूने की जांच रिपोर्ट गुरुवार की देर शाम तक पुणे से आने की संभावना है। कोरोना वायरस से संक्रमित होने की आशंका में छात्र जिला अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती है। उसके लार का नमूना पुणे की वायरोलॉजी लैब में भेजा गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

# अक्षय के साथ बेलबॉटम में काम करेंगी नूपुर सैनन

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री कीर्ति सैनन की बहन नूपुर सैनन फिल्म बेलबॉटम में अक्षय कुमार के साथ काम करती नजर आ सकती है। नूपुर ने अक्षय कुमार के साथ म्यूजिक वीडियो 'फिलहाल' काम किया था जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब यह जोड़ी फिलहाल 2 में भी नजर आयेगी। इसके अलावा अक्षय के साथ नूपुर एक फिल्म में भी नजर आएंगी। नूपुर, अक्षय कुमार की फिल्म बेल बॉटम में लीड रोल में नजर आएंगी जो उनकी बॉलीवुड डेब्यू है। फिल्म के लिये उनका लुक टेस्ट हो चुका है।

बताया जा रहा है कि फिल्म बेलबॉटम में नूपुर सेनन, अक्षय कुमार की पत्नी की भूमिका निभाएंगी और ये एक बहुत मजबूत किरदार होगा। फिल्म बेल बॉटम पहले फिल्म जनवरी 2021 में रिलीज होने वाली थी, अब इसे अप्रैल 2021 में रिलीज किया जाएगा।

## आनंद एल राय के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हैं अक्षय कुमार

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार फिल्मकार आनंद एल राय के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हैं। बॉलीवुड फिल्मकार आनंद एल राय फिल्म अतरंगी रे बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार, सारा अली खान और धनुष पहली बार साथ आने वाले हैं। धनुष ने वर्ष 2019 में ये कंफर्म किया था कि वो आनंद एल राय की फिल्म में काम करने वाले हैं।

# करीना को लाइफ में पाकर खुद को खुशकिस्मत मानते हैं सैफ

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान का कहना है कि वह करीना कपूर को अपनी लाइफ में पाकर खुद को खुशकिस्मत मानते हैं। सैफ और करीना बॉलीवुड के परफेक्ट कपल माने जाते हैं। दोनों समय-समय पर मिनी वेकेशंस पर भी जाते रहते हैं। इस साल की शुरुआत दोनों ने स्विट्जरलैंड में की थी। सैफअली खान ने बताया कि वह बहुत लकी हैं कि करीना उनके जीवन में हैं। वह दोस्ती और रिश्तों को काम से अलग रखती है। चाहे खाना बनाना हो, घर पर दोस्तों के साथ मस्ती करनी हो, किसी भी देश में कॉटेज रेंट करनी हो या साथ में कोई भी छोटी-छोटी चीजें, साथ में बिताया गया क्वॉलिटी टाइम काफी मायने रखता है। सैफने बताया कि उन दोनों में कुछ समानताएं और कुछ डिफरेंसेज हैं लेकिन यह चीज दोनों में कॉमन है। उन्होंने बताया कि वे दोनों काम करना पसंद करते हैं लेकिन यह ऑब्सेशन नहीं है। सैफअली खान इन दिनों अपनी फिल्म 'जवानी जानेमन' के प्रमोशन में बिजी हैं, जिसमें वह तब्बू और पूजा बेदी की बेटी अलाया के साथ दिखाई देंगे।

## QUIZ TIME

1) 2019 पहला राष्ट्रीय मक्का सम्मेलन कहाँ है?
2) ओजाने परत में छेद का गठन किस स्थान के ऊपर अधिकतम है?
   (क) भारत (ख) यूरोप (ग) अफ्रीका (घ) अण्टार्कटिका
3) गुजरात के मोरबी जलाशय फटने की घटना किस वर्ष में हुई थी? (1969 / 1979)
4) कत्यूरी शासकों की राजधानी थी-
5) टोपी का नाम बतायें जो मोरक्को के शहर को संदर्भित करता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) छिंदवाड़ा (म.प्र.) (2) अण्टार्कटिका (3) 1979 (4) कार्तिकेयपुर (5) फेज

# ब्रह्मास्त्र में कैमियो करेंगे शाहरुख

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में कैमियो करते नजर आएंगे। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर इन दिनों फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' बना रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, नागार्जुन, मौनी रॉय जैसे कलाकार अहम किरदारों में हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में शाहरुख खान कैमियो करेंगे। करण जौहर ने कहा वह शाहरुख के रोल का खुलासा नहीं करना चाहते हैं लेकिन वह फिल्म के लिए अपने विजन और इनपुट्स के साथ आगे आये, इसके लिए वह उनके हमेशा आभारी रहेंगे। करण जौहर ने कहा, शाहरुख खान जो एनर्जी अपने साथ लेकर सेट पर आते हैं, वह बेमिसाल है। 'ब्रह्मास्त्र' तीन पार्ट्स में बन रही है और करण ने बताया कि अयान पार्ट 2 और पार्ट 3 पर काम शुरू कर चुके हैं।

# चुलबुली अदाओं से दीवाना बनाया प्रीति जिंटा ने

जन्मदिन पर विशेष

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड में प्रीति जिंटा एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर शुमार की जाती है जिन्होंने अपनी चुलबुली अदाओं से लगभग दो दशक से सिनेप्रेमियो को अपना दीवाना बनाया है।

हिमाचल प्रदेश के शिमला में 31 जनवरी 1975 को जन्मी प्रीति जिंटा ने अपने करियर के शुरूआती दौर में विज्ञापन फिल्मों में काम किया। उन्होंने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1998 में प्रदर्शित मणिरत्नम की फिल्म ..दिल से ..से की। इस फिल्म के लिये उन्हें फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया।

वर्ष 1998 में प्रीति की एक और फिल्म सोल्जर प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म में उनके अपोजिट बॉबी देओल थे। संस्पेंस थ्रिलर पर आधारित इस फिल्म में प्रीति और बॉबी की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सोल्जर टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म ..क्या कहना..प्रीति जिंटा के करियर के लिये अहम फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म के पहले लोगों की धारणा थी कि प्रीति जिंटा केवल चुलबुले किरदार निभा सकती है लेकिन इस फिल्म में प्रीति जिंटा ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस फिल्म के लिये वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामित की गयी। वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म दिल चाहता है प्रीति जिंटा के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। इस फिल्म से फरहान अख्तर ने बॉलीवुड में बतौर निर्देशक अपनी शुरूआत की थी। तीन दोस्तों पर आधारित इस फिल्म में प्रीति के अपोजिट आमिर खान थे।



# बजट 2020: सिर्फ थैंक्यू से काम नहीं चलेगा मंत्री जी, सैलरी वालों को चाहिए राहत

- **भारत में 21 हजार मंथली सैलरी कमाने वाला टैक्स के दायरे में आ जाता है**
- **लाखों रुपये की कमाई जो खेती से है, उसपर किसी तरह का टैक्स नहीं**

**नई दिल्ली।** एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी और इस बजट से खासकर सैलरी वालों को काफी उम्मीदें हैं। क्या आपने कभी गौर किया है कि 21 हजार से ज्यादा कमाने वाला टैक्स के दायरे में आ जाता है और लाखों की कमाई करने वाले किसान, छोटे दुकानदार और अन्य तरह के व्यापारी पर टैक्स का किसी तरह का बोझ नहीं है? एक इंडिविजुअल की कमाई पर 30 पर्सेंट टैक्स लगता है, जबकि करोड़ों की कमाई करने वाली कंपनियों से मात्र 22 फीसदी का टैक्स वसूला जाता है?

### अमेरिका में 70% वोटर्स टैक्सपेयर्स हैं

सैलरी वालों की यह मांग लंबे समय से चली आ रही है, लेकिन किसी भी सरकार ने सैलरी क्लास की इस मांग पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। क्या यह वोट बैंक के कारण तो नहीं है? यह सवाल इसलिए लाजिमी है क्योंकि भारत में केवल 7 फीसदी वोटर्स इनकम टैक्स जमा करते हैं। नॉर्वे में 100 फीसदी तो अमेरिका में करीब 70 फीसदी वोटर टैक्सपेयर्स हैं। शायद यही वजह है कि उन देशों में सरकार इनकम टैक्सपेयर्स की मांगों को बेहद गंभीरता से लेती है।

### बिना सैलरी वालों से तीन गुना ज्यादा टैक्स

साल 2018-19 के बजट में तत्कालीन वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा था कि बिना सैलरी वाले टैक्सपेयर्स औसतन 25753 रुपये टैक्स भरते हैं, जबकि सैलरी कमाने वाले बिना सैलरी वालों से लगभग तीन गुना, औसतन 76306 रुपये टैक्स भरते हैं। उस दौरान कहा गया था कि बिना सैलरी वाले अगर 70 फीसदी भी टैक्स चुका दें तो सरकार की कमाई हर साल 50 हजार करोड़ रुपये ज्यादा होगी। उन्होंने माना था कि ऐसा सिस्टम बन चुका है, जिसमें ईमानदारों को ही दंड मिल रहा है।

### प्राइवेट-एजुकेशन और हेल्थ पर खर्च विश्व में सबसे ज्यादा

अगर किसी की यह दलील है कि कई ऐसे विकसित देश हैं जहां इनकम टैक्स रेट भारत से कहीं ज्यादा है तो जानकारी के लिए बता दें कि उन देशों में एजुकेशन और पब्लिक हेल्थ की सुविधा मुफ्त में है।

# स्ट्राइड्स कंज्यूमर ने पूर्वी भारत में रखा कदम

**इंदौर।** बेंगलुरु आधारित कंज्यूमर हेल्थकेयर कंपनी स्ट्राइड्स कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड (एससीपीएल) ने दक्षिण में सफलतापूर्वक विस्तार के बाद आज भारत के पूर्वी बाजारों में अपने कदम रखे। अपने प्रवेश के साथ ही दो विशेष उत्पाद ओरल निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरैपी निग्जिट और जोड़ों की देखभाल के लिए एनाल्जेसिक क्रीम ज्वाइंटफ्लेक्स लांच किए।

### निग्जिक और ज्लाइंटफ्लेक्स के लांच की घोषणा

एससीपीएल का लक्ष्य है कि वैश्विक उत्पादों से प्रभावित उच्च गुणवत्ता वाले अलग उत्पाद भारतीयकरण के साथ भारतीय उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए। इस उद्योग के जाने-माने अनुभवी श्री सुबोध मारवाह की अगुवाई वाली एससीपीएल के पास दो बड़े निवेशक 74 फीसदी शेयर के साथ इंडिया लाइफसाइंसेज फंड और 26 फीसदी शेयर के साथ स्ट्राइड्स फार्मा साइंस लिमिटेड (पंजीकृत कंपनी) हैं। निग्जिट और ज्वाइंटफ्लेक्स अपने आप में अनोखे उत्पाद हैं। निग्जिट बेहतरीन स्वाद वाला एनआरटी गम है। एनआरटी डब्ल्यूएचओ और यूएसएफडीए की अनुशंसा वाली थेरैपी है जो धूम्रपान छोड़ने में मदद करती है। निग्जिट एनआरटी के तीन महीने के स्टेप डाउन डोज शेड्यूल पर आधारित है। वर्तमान में एनआरटी की बाजार में 156 करोड़ रुपए की हिस्सेदारी है जो 2023 तक 450 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। एससीपीएल के निग्जिट को बहुत ही आकर्षक कीमत पर लांच किया गया है- 2 मिगा गम की कीमत 49 रुपए और 4 मिगा गम की कीमत 55 रुपए है। रिसर्च के दौरान उपभोक्ताओं ने निग्जिट गम के फ्लेवर और आभास की काफी सराहना की है। टॉपिकल एनाल्जेसिक क्रीम ज्वाइंटफ्लेक्स जोड़ों को स्वस्थ रखने में मदद करती है।

# भारत में छाई सुस्ती तो थम जाएगी वैश्विक अर्थव्यवस्था

## ग्लोबल ग्रोथ में तीसरा सबसे बड़ा कंट्रिब्यूटर

- **शेयर के हिसाब से ग्लोबल जीडीपी में भारत का योगदान सातवें नंबर पर**
- **ग्लोबल ग्रोथ कॉन्ट्रिब्यूशन में अमेरिका और चीन के बाद भारत का नंबर**
- **भारत, चीन और अमेरिका का ग्लोबल ग्रोथ में 56.90 फीसदी योगदान**

**नई दिल्ली।** चारों तरफ भारत और वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती की बात हो रही है। हालांकि तमाम एजेंसियों ने उम्मीद जताई है कि अगले वित्त वर्ष से इसमें सुधार होना शुरू हो जाएगा। आईएमएफ ने ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ रेट के अनुमान को घटा दिया है। इन तमाम परिस्थितियों के बीच एक सवाल आपके मन में उठता होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए कितना महत्व रखती है और यहां सुस्ती आने के असर कितने दूरगामी और गंभीर हो सकते हैं?

भले ही इकॉनमी के आकार के मामले में भारत विश्व में सातवें नंबर पर हो, लेकिन ग्लोबल ग्रोथ में योगदान के मामले में यह तीसरे नंबर पर है। 2018 में हुए एक सर्वे के मुताबिक, भारत, चीन और अमेरिका का ग्लोबल ग्रोथ में 56.90 फीसदी योगदान है। करीब पांच दशक पूर्व 1970ह्य में वैश्विक अर्थव्यवस्था की इंजन अमेरिका, जापान, जर्मनी, फ्रांस और यूके थी। 1970-71 में उनका कुल योगदान करीब 46.40 फीसदी था।

ग्लोबल ग्रोथ में चीन का योगदान 27.90 फीसदी, अमेरिका का 21.30 फीसदी और भारत का योगदान 7.6 फीसदी है। 1970-71 के मुकाबले जर्मनी का योगदान 3.3 फीसदी घटकर 2.5 फीसदी, फ्रांस का योगदान 4.6 फीसदी घटकर 2.1 फीसदी, जापान का योगदान 9 फीसदी घटकर 2 फीसदी और यूके का योगदान 2.5 फीसदी घटकर 1.7 फीसदी पर पहुंच गया है।

ग्लोबल जीडीपी में भारत के शेयर की बात करें तो पिछले पांच दशकों में चीन और भारत का शेयर बढ़ा है, जबकि अमेरिका, जापान और तमाम अन्य देशों का शेयर घटा है। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल जीडीपी में अमेरिका का शेयर अभी 23.9 फीसदी है जो सबसे ज्यादा है, हालांकि 1970 में उसका शेयर 36.20 फीसदी था। चीन का शेयर 3.1 फीसदी से बढ़कर 12.70 फीसदी पर पहुंच गया है। भारत का शेयर 2.1 फीसदी से बढ़कर 3.2 फीसदी पर पहुंच चुका है।

# करॉना इफेक्ट के कारण बाजार में गिरावट, इन्वेस्टर्स निकाल रहे इन्वेस्टमेंट

**नई दिल्ली।** तेजी के साथ आज सुबह मार्केट खुलने के बाद शेयर मार्केट रेड जोन में ट्रेड कर रहा है। कारोबार के करीब डेढ़ घंटे बाद सुबह 10.46 बजे सेंसेक्स 227 अंकों की गिरावट के साथ 41 हजार के नीचे 40,971 पर और निफ्टी 71 अंक लुढ़क कर 12,058 पर ट्रेड कर रहा है।

### इन्वेस्टर्स में डर फैल गया है

करॉना वायरस के बढ़ते प्रकोप के कारण इन्वेस्टर्स में डर फैल गया है। इसलिए वैश्विक बाजार में लिवाली का दौर शुरू हो गया है। सेंसेक्स पर अभी हीरो मोटोकॉर्प, एचडीएफसी, पावर ग्रिड के शेर टॉप गेनर्स हैं, जबकि भारती एयरटेल, टाटा स्टील और सनफार्मा के शेयर टॉप लूजर्स हैं। निफ्टी पर आइशर मोटर्स, हीरो मोटोकॉर्प और एचडीएफसी के शेयर टॉप गेनर्स और यस बैंक, ZEEL और बजाज फाइनसर्व के शेयर टॉप लूजर्स हैं।

### चीन में कारोबार ठप, करोड़ों लोग घरों में कैद

चीन में करॉना वायरस के कारण लाखों-करोड़ों लोग घरों में कैद हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट बंद है और डिमांड काफी घट गई है। चीन जो विश्व का सबसे बड़ा तेल आयातक है, उसकी मांग घट गई है जिसके कारण वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार गिरावट जारी है।

# सोना 325 रुपये चमका, चाँदी भी 650 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरें स्थिर रखने के बाद विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में रही तेजी से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना आज 325 रुपये चमककर 41,920 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। यह 08 जनवरी के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। चाँदी भी 650 रुपये चमककर 47,450 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गयी।

विदेशों से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 0.1 प्रतिशत चमककर 1,578.95 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। इससे पहले बुधवार को फेड के बयान के बाद इसमें 0.7 प्रतिशत की तेजी रही थी।

# तेरह हजार ड्रोन्स का हुआ स्वैच्छिक पंजीकरण

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** बिना पंजीकरण के इस्तेमाल हो रहे ड्रोनों के पंजीकरण के लिए दी गयी समय सीमा शुक्रवार को समाप्त हो रही है। इस दौरान 18 दिन में 13 हजार ड्रोनों का पंजीकरण कराया गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय में संयुक्त सचिव अम्बर दूबे ने गुरुवार को यहाँ एक कार्यक्रम में बताया कि आज सुबह तक 12,850 ड्रोनों का पंजीकरण हो चुका था। सरकार ने पुराने ड्रोनों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए 31 जनवरी तक का समय दिया है। उसके बाद बिना पंजीकरण के ड्रोन रखने वालों पर जुर्माना लगाया जायेगा। श्री दूबे ने 'ड्रोन नियमन का घरेलू ड्रोन उद्योग पर प्रभाव' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि सरकार सुरक्षा की दृष्टि से चाहती है कि देश में मौजूद हर एक ड्रोन का पंजीकरण हो और उसके मालिक तथा ऑपरेटर के बारे में जानकारी हो। इसीलिए उन ड्रोनों के पंजीकरण की भी अनुमति दी गयी है जिनके मालिक के पास खरीद का इनवॉयस नहीं है। उन्होंने कहा कि 18 दिन में 13 हजार ड्रोनों का पंजीकरण होना अपने-आप में बड़ी बात है। ड्रोन के पंजीकरण के लिए 'केवाईसी' फॉर्म को बेहद सरल बनाया गया ताकि अधिक से अधिक लोग पंजीकरण के लिए सामने आयें। उन्होंने कहा कि सिर्फ पैन कार्ड या डैन कार्ड के आधार पर पंजीकरण किया गया है।

# बापू के बताये रास्ते पर चलने का आव्हान किया कांग्रेसजनों ने

■ **वर्तमान दौर में गांधी जी का विचार सर्वाधिक प्रासंगिक : भगवानदास**

नवप्रदेश संवाददाता

**जांजगीर-चाम्पा।** महात्मा गांधी के विचार एवं जीवन दर्शन आज की पीढ़ी के लिए और भी जयादा प्रासंगिक हो जाती है, जब आज का युवा वर्ग आतंकवाद, नशे की राह पर बढ़ रहा है तो ऐसे समय में गांधी जी के शांति, सद्भावना और समानता के लिए किये गये कार्य एवं सिद्धांतों को समाज में अमल में लाना आवश्यक हो गया है। उक्त बातें नगर पालिका अध्यक्ष और जिला कांग्रेस के महामंत्री भगवानदास गढ़ेवाल ने नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 72 वीं पुण्य तिथि शहीद दिवस के अवसर पर स्थानीय बाजार पारा स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर आयोजित श्रद्धांजली कार्यक्रम के दौरान कही। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बापू क्लब के अध्यक्ष देवेश सिंह ने कहा कि गांधी जी ने अहिंसा का मार्ग सारी दुनिया को

दिखाया जिस पर चलकर पूरा भारत वर्ष ही नहीं बल्कि पुरी दुनिया उन्हें 19 वीं सदी का महानतम पुरूष माना। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अजा विभाग रमेश पैगवार ने कहा कि गांधी जी के मार्ग पर चलकर देश की गंगा-जमुनी-संस्कृति को बचाया रखा जा सकता है और पुरी दुनिया से आतंकवाद व आंतरिक हिंसा को मिटाया जा सकता है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता रफीक सिद्दिकी ने कहा कि सत्य जिनका अस्त्र था अहिंसा जिनका कर्म था ऐसे महा मानव थे गांधी जी जो व्यक्ति ही नहीं एक विचारधारा का नाम है। जिला कांग्रेस महामंत्री हृषिकेश उपाध्याय ने कहा कि गांधी जी एक ऐसे महान व्यक्ति थे जिनके चिंतन में भारत के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को आगे आने की सोच थी।

कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस अध्यक्ष विवेक सिंह सिसोदिया ने व आभार प्रदर्शन जिला युंका अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने किया। कार्यक्रम उपरांत उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजली दी तथा उनके बताये स्वच्छता अभियान के तहत नगर को स्वच्छ बनाने में अपना सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से पार्षद रामविलास राठौर, अजीत सिंह राणा, राघवेन्द्र सिसोदिया, विष्णु खेमुका, संतोष यादव, परमेश्वर निर्मले, हरदेव टंडन, गोकुल यादव, श्यामलाल रजक, चंद्रहास यादव, गोपाल लदेर, पार्षद संतोष गढ़ेवाल, अतिक कुरैशी, भरत यादव, घनश्याम हंसराज, गज्जू भाई, जय प्रकाश, बजरंग राठौर सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## मतदान दलों को मतपेटी, मतदान सामग्री वितरीत कर किया रवाना

नवप्रदेश संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम चुनाव के तहत द्वितीय चरण में जिले की जनपद पंचायत बलौदा, बम्हनीडीह और पामगढ़ क्षेत्र में 31 जनवरी को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। द्वितीय चरण में उक्त तीन जनपदों में मतदान के लिए 682 केन्द्र बनाएं गये हैं। आज सुबह संबंधित खंड मुख्यालयों में मतदान दलां को मतपेटियां, चुनाव सामग्री आदि प्रदान कर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना किया गया। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में द्वितीय चरण के चुनाव तथा मतगणना की प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

उक्त तीनों जनपदों में द्वितीय चरण में कुल 2864 वार्ड पंचों में 860 पंच निर्विरोध चुने गये हैं। शेष 2001 पदों के लिए 5058 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इसी प्रकार सरपंच के कुल 185 पदों में 5 सरपंच निर्विरोध चुने गये हैं। शेष 180 सरपंचों के चुनाव के लिए 961 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। जनपद पंचायत सदस्य के कुल 67 पदों में से 3 पद पर निर्विरोध की स्थिति है। शेष 64 पदों के

चुनाव के लिए 336 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जिला पंचायत के 8 पदों के के लिए 46 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इसमें पामगढ़ में 3, बलौदा में 3 और बम्हनीडीह जनपद में जिला पंचायत सदस्य के 2 पद के लिए चुनाव हो रहा है। द्वितीय चरण के चुनाव के लिए तीनों जनपदों में कुल 682 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इनके माध्यम से 3 लाख 44 हजार 759 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर अपने प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। जनपद पंचायत पामगढ़ के अंतर्गत पंच पद के 761, बलौदा में 626 और बम्हनीडीह में 614 पदों के चुनाव के लिए 31 जनवरी को मतदान होगा। इसी प्रकार सरपंच पद के लिए पामगढ़ के अंतर्गत 59 पदों के लिए 361 उम्मीदवार, बलौदा में 64 पदों के लिए 351 और बम्हनीडीह जनपद में 57 पदों के लिए 249 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

## शिवरीनारायण मेला की व्यवस्था के लिए सभी अफसरों की जिम्मेदारी तय

नवप्रदेश संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर के निर्देश पर आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शिवरीनारायण मेला के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अधिकारियों एवं शिवरीनारायण नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिवरीनारायण मंदिर के प्रमुख एवं पूर्व विधायक श्री रामसुंदर दास, शिवरीनारायण नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती अंजनी तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत शिवरीनारायण सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। मेला का आयोजन 8 फरवरी से प्रारंभ हो जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को अग्रिम तैयारी करने एवं मेला स्थल का निरीक्षण करने के लिए भी कहा गया।

अपर कलेक्टर श्रीमती लीना कोसम ने सभी संबंधित अधिकारियों को मेला से संबंधित जिम्मेदारी सौंपी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह ने सुरक्षा के संबंध में एवं यातायात सुव्यवस्थित करने के संबंध में निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि मेला स्थल पर पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से पानी पाउच के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी प्रकार बेरिकेंटिंग व्यवस्था, विद्युत प्रवाह, पेयजल, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य सुविधा, यातायात व्यवस्था, सफाई व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## नपा अध्यक्ष ने नगर में सफाई का जायजा लिया

नवप्रदेश संवाददाता

**जांजगीर-चाम्पा।** नगर को स्वच्छ बनाये रखने के संकल्प के साथ आज नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, के साथ पार्षदगण वार्ड क्र. 02 नैला पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान श्री गढ़ेवाल वार्ड क्र. 02 में चलाये जा रहे सफाई अभियान के संबंध में वार्ड वासियों से व्यक्तिगत संपर्क उन्हें हो रही कठिनाईयों की जानकारी ली तथा उन्होंने वार्ड वासियों से वार्ड में सफाई व्यवस्था में सहयोग देने की अपील की साथ ही उन्होंने दर्री तालाब का भी जायजा लिया तथा आने वाले दिनों में तालाब में व्याप्त गंदगी को ध्यान में रखते हुए अतिशीघ्र तालाब के गंदे पानी की निकासी कर नये सिरे से स्वच्छ पानी का भराव की व्यवस्था करने लोगों को आश्वस्त किया साथ ही वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र और प्राथमिक स्कूल का भी निरीक्षण कर संस्था में मूलभूत कमी का जल्द से जल्द निराकरण किये जाने की बात कही। इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद श्रीमती दुलौरीन चैरसिया, राजस्व विभाग के सभापति विवेक सिसोदिया, अजीत सिंह राणा, परमेश्वर निर्मले, पार्षद संतोष गढ़ेवाल एवं नगर पालिका के सफाई कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**रायगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस 30 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्टोरेट परिसर में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों को भी मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार कलेक्टोरेट के अतिरिक्त जनपद कार्यालय, कृषि विभाग तथा महिला बाल विकास विभाग तथा अन्य विभागों एवं कार्यालयों में भी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## 110 व्यापारियों ने किया आवेदन, मौके पर ही 15 लोगों को खाद्य विभाग ने दिया लाइसेंस

नवप्रदेश संवाददाता

**कोंडागांव।** नगर पंचायत कार्यलय में एक दिवसीय शिविर लगा खाद्य विभाग के व्दारा सभी फूटकर व्यापारियों का लाइसेंस बनवाया गया। जहाँ 110 व्यापारियों ने लाइसेंस बनाने आवेदन दिए किया जिसपर 15 लोगों को लाईसेंस दिया गया। कलेक्टर नीलकंठ टेकाम के निर्द्शन पर जिला खाद्य अधिकारी डोमेंद्र ध्रुव द्वारा शिवीर का आयोजन केशकाल नगर पंचायत कार्यालय में किया गया था जहाँ पर व्यापारी जैसे मेडिकल दुकान, पान ठेला, छोटा होटल चाट भंडार, आइक्रिम दुकान सहित सभी फुटकर व्यपारी नगर पंचायत पहुच 110 लोगो ने अपना आवेदन दिया जहा पर मौके में ही 15 व्यपारियों का लाइसेंस बना कर दिया गया।

लाइसेंस बनाने आवश्यक फार्म में चालान भरना, नगर एवं ग्राम पंचायत की एनओसी की कॉपी, आधार कार्ड की कॉपी, बिजली बिल की कॉपी, पासपोर्ट फोटो दो नग, फर्म की सील, फर्म का लेटरपैड के बाद ही लाइसेंस बनाया जा रहा हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर ने बताया कि फुटकर व्यापारियों एवं छोटे व्यपारी जिन्हें लाइसेंस बनाने में भारी दिक्कत आता था उन सभी के लिए एक दिवसीय शिविर लगाया गया जहां पर 100 से अधिक लोगों ने अपना आवेदन जमा किया साथ ही कुछ लोगों को तुरंत लाइसेंस बना कर भी दिया गया जिससे व्यापारियों में काफी उत्साह का माहौल देखा गया समय-समय पर इस प्रकार शिविर आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में जिला खाद्य अधिकारी डोमेंद्र ध्रुव, ड्रग इस्पेक्टर सुखचंद ध्रुवे, रामसिंह, हर्ष लावटे का विशेष योगदान रहा।

## करॉना वायरस से बचाव के लिए सलाह

**दंतेवाड़ा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना वायरस के प्रभाव से बचाव के लिए जिले के जनसाधारण को परामर्श देते हुए सर्दी-खांसी और बुखार आदि लक्षण दिखाई देने पर संबंधित लोगों को अतिशीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या अस्पताल में उपचार कराये जाने की सलाह दी गयी है। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसपी शांडिल्य ने बताया है कि चीन के हुबई राज्य के वूहान शहर में एक नये प्रकार का कोरोना वायरस से निमोनिया के प्रकरण पाये गये हैं। कोरोना वायररस एक विषाणुओं का समूह है, जिससे सामान्यतः जानवरों में बीमारियां होती है। कभी-कभी यह मनुष्यों में संक्रमण करता है, इससे मानव से मानव में संक्रमण फैलने की संभावना रहती है। कोरोना वायरस के प्रमुख लक्षण सर्दी, खांसी, बुखार, सिरदर्द और गले में खरास होना आदि है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों तथा प्रतिरक्षण की क्षमता कम होने वाले लोगों में यह निमोनिया ब्रोनकाइटिस ईत्यादि गंभीर बीमारियां पैदा करती है। कोरोना वायरस के प्रभाव से बचाव हेतु संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना चाहिए। हाथों को साबुन से बार-बार धुलाई करना, छींकने या खांसने के दौरान मुंह को रूमाल या कपड़े से ढंकना, सर्दी-खांसी या बुखार होने पर चिकित्सक से तत्काल परामर्श लेकर उपचार कराना चाहिए। विदेशों से वापस आये लोगों को अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य केन्द्र या अस्पताल में उपचार कराना चाहिए।

## द्वितीय चरण के लिए मतदान आज कटेकल्याण ब्लॉक में

■ **मतदान केंद्रों के लिये मतदान दल हुए रवाना**

नवप्रदेश संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के तहत द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के कटेकल्याण ब्लॉक में 31 जनवरी को मतदान होगा। उक्त द्वितीय चरण के मतदान के लिये मतदान दलों को कटेकल्याण नवीन ग्राम पंचायत भवन स्थित स्ट्रांग रूम सह वितरण केन्द्र से मतदान सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी मतदान सामग्रियों का मिलान कर सम्बन्धित सेक्टर ऑफिसर के नेतृत्व में निर्धारित रुट के बसों के जरिये अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिये रवाना हुए। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज बंजारे, प्रभारी तहसीलदार श्री विजय कोठारी, सीईओ जनपद पंचायत कटेकल्याण श्री गौतम गहीर सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि इस दूसरे चरण में कटेकल्याण ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के दो,जनपद पंचायत सदस्य हेतु 8, सरपंच के लिये 17 और 35 पंच के लिये निर्वाचन होगा। उक्त द्वितीय चरण में 31 जनवरी को मतदान सम्पन्न कराने के लिये कुल 60 मतदान दलों के 300 अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिये जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के पर्याप्त जवानों की तैनाती की गयी है। वहीं सुचारू रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराये जाने हेतु सेक्टर आफिसर्स, सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## नवाचारी शिक्षा पर चर्चा-परिचर्चा संपन्न

**दंतेवाड़ा।** जिले के सक्षम आवासीय परिसर में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ आलोक शुक्ला के निर्देशन में नवाचारी शिक्षकों को प्रोत्साहित करने हेतु चर्चा परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के नवाचारी शिक्षकों ने अपने-अपने शालाओं में किए जा रहे नवाचारों से बच्चों के शैक्षिक स्तर में हो रहे सुधार के बारे में चर्चा किया। प्राथमिक शाला माधोपारा के शिक्षक ने अपनी एसएमसी के सहयोग के द्वारा बेहतर सुधार हेतु, श्रीमती बेला यादव प्राथमिक शाला बालूद ने यौन शोषण से बच्चों में जागरूकता, ज्योति झाड़ी प्राथमिक शाला डिपो पारा आवराभाटा के द्वारा कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से पोषण वाटिका, ज्योति मंडावी प्राथमिक शाला आवराभाटा टीएलएम के माध्यम से शिक्षा स्तर में वृद्धि, उषा किंडो कस्तूरबा विद्यालय ने जीवन कौशल से बालिकाओं को सुदृढ़ एवं सक्षम करने की पहल के बारे में चर्चा की। प्रमुख सचिव डॉ. शुक्ला के द्वारा प्राथमिक स्तर के कक्षा 1 एवं 2 पर होने वाली भाषाओं की समस्या से शिक्षकों से बात करने के उपरांत दंतेवाड़ा जिले में संकुल स्तरीय प्रशिक्षण पर पहल करते हुए इसे मई माह में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। प्रमुख सचिव डॉ आलोक शुक्ला द्वारा सभी की बातों एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा जिले के शिक्षक शिक्षा में बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे हैं, लेकिन हमारे मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में की गई घोषणा को पूरा करने के साथ ही उसे बेहतर बनाने के लिए अभी और अधिक मेहनत करने की जरूरत पड़ेगी। समीक्षा के दौरान संविधान पर चर्चा की गई और अवगत कराया गया कि अप्रैल महीने के अंतिम सप्ताह में प्रत्येक विद्यालयों का संकुल स्तर पर पढ़ने का प्रतियोगिता कराया जाएगा, जिसका निर्णय माताओं द्वारा किया जाएगा, इस हेतु माताओं को निर्णायक मंडल में शामिल किया जाएगा।

**समीक्षा बैठक** | वास्तविक किसानों का ही धान खरीदने के निर्देश

# लघु, सीमांत किसानों को टोकन प्राथमिकता से जारी करें : कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में आगामी 15 फरवरी तक धान की खरीदी की जाएगी। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों से कहा कि वे लघु और सीमांत किसानों का धान समर्थन मूल्य पर क्रय करने उन्हें प्राथमिकता से टोकन जारी करें। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के लिए कम्प्यूटर में गलत प्रविष्टि न हो यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आज आयोजित सर्मथन मूल्य पर धान खरीदी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी पर्यवेक्षक, खाद्य, सहकारिता निरीक्षक और समिति प्रबंधक यह सुनिश्चित करें कि खरीदी केन्द्र में धान बेचने किसान पर्ची, टोकन लेकर स्वयं उपस्थित हों, रिश्तेदारों को न भेजें, धान की गुणवत्ता अच्छी हो और गजरी (मिक्स) धान की खरीदी न हों, तथा जिन किसानों ने अब तक एक भी बार धान नहीं बेचा है, उन किसानों का धान प्राथमिकता से क्रय करने की कार्यवाही हो। खरीदी केन्द्रों के सघन निरीक्षण हेतु टीम गठितः- धान खरीदी कार्य निर्देशों के अनुरूप हो इसके मद्देनजर कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों का सघन निरीक्षण के लिए पर्यवेक्षक, खाद्य और सहकारिता निरीक्षकों की टीम बनाने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने पर्यवेक्षकों को निर्देशित कर कहा कि वे धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों की बैठक लें और उन्हें उक्त निर्देशों से अवगत कराते हुए उनका पालन सुनिश्चित करने कहें। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी हेतु कम्प्यूटर में गलत प्रविष्टि अथवा अन्य अनियमितता पर संबंधित ऑपरेटर के साथ पर्यवेक्षकों को भी इसके लिए जवाबदेह माना जाएगा। उन्होंने संबंधित धान खरीदी केन्द्रों पर विशेष निगरानी की आवश्यकता बताई। उन्होंने टोकन जारी करने विशेष सावधानी बरतने कहा ताकि कोई कोचिंया धान न खपा पाए। 344 किसानों के रकबे में संशोधन :- बैठक मे कलेक्टर ने बताया कि उनके द्वारा जिले के 344 किसानों के रकबे में सुधार की कार्यवाही करवाई गई है। उन्होंने सभी पर्यवेक्षकों से कहा कि वे अपने क्षेत्र के ऐसे किसान जिनके पंजीयन मे रकबे में वृद्धि हुई है उनका यथाशीघ्र सुधार कर कम्प्यूटर में प्रविष्टि की कार्यवाही करायें। ताकि किसी भी किसान के साथ भेदभाव न हो, वे अपनी उपज समय-सीमा में खरीदी केन्द्र में लाकर बेच सकें। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों में आवश्यकता के अनुरूप बारदाना प्रदाय करने मांग पत्र में पर्यवेक्षक की अनुशंसा अनिवार्य रूप से कराने कहा।

धान के उठाव में तेजी लाएंः- बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जिले में अब तक करीब 90 प्रतिशत किसानों का धान क्रय किया जा चुका है। खरीदी केन्द्रों में धान के उठाव की कार्यवाही के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि अब तक जिस ट्रांसपोर्टरों को धान उठाव के लिए डी.ओ. और टी.ओ. जारी हो चुका है, वहां शीघ्र उठाव करने ट्रांसपोर्टर को निर्देशित करें। उन्होंने ऐसे ट्रांसपोर्टरों को जो धान के उठाव, परिवहन में हीला-हवाला, विलंब कर रहे हैं, को नोटिस जारी करने कहा। बैठक में खाद्य अधिकारी श्री अमृत कुजूर, सहायक पंजीयक सहकारी समिति श्री राजपूत, जिला विपणन अधिकारी, सहायक खाद्य अधिकारी श्री राजेश जायसवाल, खाद्य सहकारिता निरीक्षक, बैंक सुपरवाईजर उपस्थित थे।

भारत बनाम न्यूजीलैंड चौथा टी-20 | पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से आगे है भारतीय टीम

# जीत के लिए जी-जान लगाएगी इंडिया

*विराट कोहली की टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मुकाबले को सुपर ओवर में जीतने के साथ इतिहास बना चुकी है और शुक्रवार को होने वाले चौथे मैच में वह वह अपने विजय रथ को 4-0 पहुंचाने के लक्ष्य के साथ उतरेगी।*

**वेलिंगटन (वार्ता)।** भारतीय टीम ने तीसरा मैच जीतने के साथ पहली बार न्यूजीलैंड की जमीन पर टी-20 सीरीज जीतने का इतिहास बना दिया है। न्यूजीलैंड के पास तीसरे मैच में जीत हासिल करने के तमाम मौके थे लेकिन उसने सभी मौके गंवा दिए। कीवी टीम ने पहले मैच में 203 का स्कोर बनाया लेकिन उसके गेंदबाज उसका बचाव नहीं कर पाए जबकी दूसरे मैच में उसका स्कोर इतना छोटा था कि उसके गेंदबाजों के पास बचाव करने के लिए कुछ नहीं बचा था।

तीसरे मैच में उसे आखिरी ओवर में पांच गेंदों में सिर्फ तीन रन बनाने थे लेकिन कप्तान केन विलियम्सन और रॉस टेलर ऐसा नहीं कर पाए और तेज गेंदबाज मोहमद शमी को अपने विकेट गंवा बैठे। स्कोर टाई रहा और मेजबान टीम एक बार फिर सुपर ओवर में मैच गंवा बैठी। सुपर ओवर में टिम साउदी को आखिरी दो गेंदों पर भारत को 10 रन बनाने से रोकना था लेकिन साउदी भारतीय ओपनर रोहित शर्मा से दो छक्के खा बैठे।

भारतीय टीम अब लगातार छह टी-20 मैच जीत चुकी है और चौथे मैच में भी वह जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। न्यूजीलैंड को अब सुपर ओवर की निराशा से उबर कर चौथे मैच में वापसी कर अपना सम्मान बचाने का प्रयास करना होगा। विलियम्सन के लिए यह हार और भी निराशाजनक रही क्योंकि वह अपने करियर की 95 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने के बावजूद अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

दरअसल विलियम्सन शतक के करीब थे और कीवी टीम को जीत के लिए मात्र दो रन चाहिए थे। विलियम्सन शतक पूरा करने की हड़बड़ाहट में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अपना विकेट गंवा बैठे जबकि सिंगल लेकर उनकी टीम जीत सकती थी।

तारीफ़ करनी होगी शमी की जिन्होंने नए बल्लेबाज को चौथी गेंद पर कोई रन नहीं लेने दिया और पांचवीं गेंद पर सिर्फ बाई का एक रन दिया। हालांकि स्कोर टाई हो चुका था लेकिन टेलर दबाव में आ चुके थे और आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए। यह हार विलियम्सन और टेलर को लम्बे समय तक याद रहेगी जबकि हार के जबड़े से जीत छीन लेने वाली टीम इंडिया को यह जीत लम्बे समय तक याद रहेगी। भारत ने न्यूजीलैंड की जमीन पर पहली बार टी -20 की सीरीज जीत से कीवी टीम से पिछले वर्ष इंग्लैंड में हुए एकदिवसीय विश्व के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुका लिया है और अब तो कप्तान विराट कोहली ने भी कहा है कि टीम सीरीज को 5-0 से क्लीन स्वीप करना चाहेगी। विराट ने तीसरे मैच की जीत के बाद गदगद होते हुए कहा,÷एक समय हमें लगा कि मैच हमारे हाथ से निकल गया।

## भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड ने नए गेंदबाजों को चुना

### न्यूजीलैंड टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जूझ रहे चोटों से

*भारत-न्यू जीलैंड के बीच वनडे सीरीज के दौरान काइल जेमीसन को पदार्पण का मौका मिल सकता है जबकि स्कॉट कगीलेन और हामिश बेनेट ने लंबे समय बाद टीम में वापसी की है।*

**वेलिंग्टन।** मुख्य तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण न्यू जीलैंड को भारत के खिलाफ हैमिल्टन में पांच फरवरी से शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए नए गेंदबाजों को चुनने को बाध्य होना पड़ा। सीरीज के दौरान काइल जेमीसन को पदार्पण का मौका मिल सकता है जबकि स्कॉट कगीलेन और हामिश बेनेट ने लंबे समय बाद टीम में वापसी की है। चोट के कारण ट्रेंट बोल्ट, लोकी फर्गुसन और मैट हेनरी जैसे गेंदबाज सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। टीम को अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी से काफी उम्मीदें होंगी जबकि कोलिन डि ग्रैंडहोम को अंतिम दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए बाहर किए जाने के बाद वनडे टीम में जगह मिली है। जिमी नीशाम और मिशेल सैंटनर ऑलराउंडर की भूमिका निभाएंगे। इस बीच ईश सोढ़ी को सिर्फ पहले वनडे के लिए टीम में शामिल किया गया है।

भारत ए और न्यू जीलैंड ए के बीच 7 फरवरी से क्राइस्टचर्च में होने वाले दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए उन्हें रिलीज किया जाएगा। कोच गैरी स्टीड ने कहा कि उनकी टीम आगामी सीरीज में मिलने वाली चुनौती से वाकिफ है और उनके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

पहली बार न्यू जीलैंड में टी20 सीरीज जीता भारतभारत ने न्यू जीलैंड को सीरीज के तीसरे टी20 में सुपर ओवर में हराया। परिणाम के लिए सुपर ओवर किया गया, भारत ने रोहित के दम पर जीत दर्ज की। स्टीड ने कहा, 'हमने टी20 सीरीज में देखा है कि भारतीय टीम हमेशा की तरह काफी मजबूत है। हमारे गेंदबाजी आक्रमण में नयापन है, बल्लेबाजी क्रम में स्थिरता है और उम्मीद है कि वर्ल्ड कप फाइनल्स में खेलने वाले शीर्ष आठ बल्लेबाज खेलेंगे।'

## वापसी को बेताब उमेश यादव

**नई दिल्ली।** भारतीय पेसर उमेश यादव सीमित ओवरों के फॉर्मेट में वापसी को बेताब हैं। उन्होंने एक खास इंटरव्यू में कहा कि ऐसा कौन सा खिलाड़ी है जो मैदान से बाहर बैठना चाहता है। उमेश ने कहा, 'मैं वाइट बॉल (सीमित ओवरों में) क्रिकेट खेलने को बेताब हूं। कौन खिलाड़ी है जो मैदान से बाहर बैठना चाहता हैं। मैं भी इंसान हूं। मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और सीमित ओवरों में खेलना चाहता हूं।' उमेश यादव 2015 वनडे वर्ल्ड कप में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने तब 8 मैचों में कुल 18 विकेट झटके। विदर्भ का यह गेंदबाज तब से 27 वनडे इंटरनैशनल मैच खेल सका है

जिनमें कुल 39 विकेट झटके। उन्होंने 2018 में आखिरी बार वनडे मैच खेला जो वेस्ट इंडीज के खिलाफ था। उन्हें पिछले साल इंग्लैंड में खेले गए वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था। उन्होंने कहा, 'मुझे 2015 वर्ल्ड कप में जगह मिली थी, तब काफी बुरा लगा था। अब चाहे टी20 हो या वनडे, मैं वापसी करने को बेताब हूं। मैं सिलेक्टर्स के लिए शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने देश के लिए खेलने का मौका दिया। वे बेस्ट जज हैं। मैं वाइट बॉल क्रिकेट में वापसी के लिए अपना बेस्ट देने की कोशिश कर रहा हूं। इसके लिए मुझे जो भी करना होगा, मैं करूंगा।' भारतीय टीम फिलहाल न्यू जीलैंड के दौरे (5 टी20, 3 वनडे और 2 टेस्ट) पर है, उमेश कीवी टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलने की तैयारियों में जुटे हैं। पिछले साल उन्होंने 8 टेस्ट मैच खेले, 23 विकेट झटके।

## पंजाब एवं सिंध बैंक सीनियर राष्ट्रीय सेमीफाइनल में

**झांसी।** सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) शनिवार को यहां 10वीं हाकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप (ए डिविजन) के सेमीफाइनल में पंजाब एवं सिंध बैंक से भिड़ेगा जबकि एयर इंडिया खेल संवर्धन बोर्ड (एआईएसपीबी) का सामना पेट्रोलियन खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) से होगा। गुरुवार को हुए पहले क्वार्टर फाइनल में एसएससीबी ने मुंबई हाकी संघ लिमिटेड को 1-0 से हराया जबकि पंजाब एवं सिंध बोर्ड ने अंतिम आठ के एक अन्य मुकाबले में हाकी कर्नाटक को 2-0 से शिकस्त दी।

## पद्मभूषण के लिए चुने जाने के बाद हारीं सिंधू

*देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मभूषण के लिए चुनी गईं स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू के खराब प्रदर्शन का सिलसिला प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के पांचवें सीजन में भी बना रहा और उन्हें मिशेल ली के हाथों एकतरफा अंदाज में 8-15, 9-15 से हार का सामना करना पड़ा।*

**हैदराबाद (वार्ता)।** नार्थईस्टर्न वॉरियर्स की मिशेल ली ने जीएमसी बालयोगी इंडोर स्टेडियम खेले गए मैच में हैदराबाद हंटर्स की स्टार खिलाड़ी सिंधू को पराजित कर उन्हें इस सीजन की पहली हार झेलने पर विवश कर दिया। मिशेल ने पहले पल से ही सिंधू पर दबाव बनाया। पहले गेम का पहला अंक उनके ही हिस्से आया और वह ब्रेक में भी बढ़त के साथ गईं। ब्रेक के बाद सिंधू ने वापसी की कोशिशें जारी रखीं जो नाकाम रहीं।

सिंधू ने एक समय स्कोर 7-10 कर लिया। यहां से मिशेल ने लगातार तीन अंक लेकर स्कोर 13-7 किया। सिंधू ने एक अंक लिया और मिशेल बाकी के अंक लेकर गेम जीत गईं। दूसरे गेम में शुरुआत में स्कोर 1-1 से बराबर था। सिंधू 3-1 से आगे भी निकलीं लेकिन फिर 5-7 से पीछे हो गईं। मिशेल ब्रेक में 8-5 के स्कोर के साथ गईं। ब्रेक के बाद लौट कर सिंधू सिर्फ दो अंक ही ले सकीं।

सिंधू से पहले हैदराबाद की एक और उम्मीद सौरभ वर्मा को भी हार मिली। सौरभ का मैच दिन का दूसरा मैच था। पुरुष एकल वर्ग के इस मैच में सौरभ के सामने नार्थईस्टर्न के तानोनग्साक साएनसोमबूनसुक थे। हैदराबाद ने इस मैच को ट्रम्प मैच बनाया था।

## बोपन्ना की हार के साथ भारतीय चुनौती समाप्त

**मेलबोर्न (वार्ता)।** रोहन बोपन्ना और उनकी यूक्रेन की जोड़ीदार नादिया किचेनोक की मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। भारत-यूक्रेन की जोड़ी को निकोला मेकटिच और बारबोरा क्रेजीकोवा के हाथों मात्र 47 मिनट में 0-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और किचेनोक पहला सेट शून्य पर गंवाने के बाद वापसी नहीं कर पाए और दूसरे सेट में सिर्फ दो गेम ही जीत सके। पूरे मैच के दौरान उन्हें संघर्ष करना पड़ा और क्रोएशिया तथा चेक गणराज्य की जोड़ी ने आसानी से मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इससे पहले मंगलवार को भारत के सबसे अनुभवी टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने अपना अंतिम ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच खेला था।

## नंबर एक बार्टी भी बाहर, केनिन और मुगुरुजा में खिताबी मुकाबला

**मेलबोर्न (वार्ता)।** वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला वर्ग में उलटफेरों का सिलसिला सेमीफाइनल में भी बना रहा और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और टॉप सीड ऑस्ट्रेलिया के एश्ले बार्टी तथा चौथी सीड रोमानिया की सिमोना हालेप को गुरूवार को सनसनीखेज हार का सामना करना पड़ा। बार्टी को 14वीं सीड अमेरिका की सोफिया केनिन ने 7-6, 7-5 से हराया जबकि गैर वरीय स्पेन की गरबाइन मुगुरुजा ने दुनिया की नंबर-3 खिलाड़ी सिमोना को 7-6, 7-5 से मात दी। मुगुरुजा और केनिन के बीच शनिवार को फाइनल खेला जाएगा। बार्टी को केनिन ने एक घंटे 45 मिनट में हराया। मुगुरुजा ने सिमोना को 2 घंटे पांच मिनट में शिकस्त दी। दोनों खिलाड़ी पहली

बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची हैं। दुनिया की 15 वें नंबर की खिलाड़ी केनिन का किसी भी ग्रैंड स्लैम का यह पहला फाइनल होगा। वह तीसरी बार इस टूर्नामेंट में खेल रही हैं। पिछले साल केनिन दूसरे दौर में ही बाहर हो गई थीं। 2019 की फ्रेंच ओपन चैंपियन बार्टी पिछली बार ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में बाहर हुईं थीं और इस बार उन्हें सेमीफाइनल में निराशा का सामना करना पड़ा।

पूर्व नंबर एक हालेप ने 2019 में विंबलडन और 2018 में फ्रेंच ओपन जीता था जबकि 2018 में ही वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में हारी थीं। पूर्व नंबर एक और अब 32वीं रैंकिंग की खिलाड़ी मुगुरुजा ने 2017 में विंबलडन और 2016 में फ्रेंच ओपन अपने नाम किया था।

## सचिन-धोनी कहेंगे... 'म्युचुअल फंड्स सही है'

**नई दिल्ली (वार्ता)।** एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड इन इंडिया (एएमएफआई) ने अपने 'म्युचुअल फंड सही है' अभियान के लिए क्रिकेट सितारों सचिन तेन्दुलकर और महेंद्र सिंह धोनी को अनुबंधित किया है। इसका मकसद म्युचुअल फंड्स और निवेश के इस पसंदीदा विकल्प के बारे में जागरूकता पैदा करने में सहायता करना है।

एएमएफआई के चेयरमैन नीलेश शाह ने कहा, ÷सचिन और धोनी दोनों बेजोड़ विश्वास और उच्च भरोसे के प्रतीक हैं। इसके अलावा, अपने क्रिकेटिंग कैरियर में दोनों का लंबे समय तक झुकाव रहा है और यह उन निवेशकों की तरह है जो खुद भी निवेश के प्रति दीर्घ अवधि का रुख रखते हैं। क्रिकेट में कैरियर हो या म्युचुअल फंड, निवेश में दीर्घ अवधि तक बने रहने का रुख अच्छे लाभांश दे सकता है।

## लगातार दूसरी जीत के साथ फिर शीर्ष पर पहुंचा गोवा

**भुवनेश्वर (वार्ता)।** एफसी गोवा एक बार फिर से हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन की अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गया है। गोवा ने अपने 15वें दौर के मुकाबले में बुधवार को कलिंगा स्टेडियम में मेजबान ओडिशा एफसी को 4-2 से हराया।

यह इस सीजन में गोवा की नौवीं जीत है। उसके खाते में अब 30 अंक हो गए हैं और वह एटीके (27) से आगे निकलते हुए एक बार फिर से टाप पर पहुंच गया है। ओडिशा सीजन की छठी और लगातार दूसरी हार के बाद 21 अंक लेकर चौथे स्थान पर ही कायम है। पहला हाफ पूरी तरह एफसी गोवा के नाम रहा। उसने इस हाफ में तीन गोल किए। ओडिशा एफसी ने दूसरे हाफ में बेहतर खेल दिखाते हुए दो गोल कर मैच में रोमांच ला दिया लेकिन इसके बाद उसे कोई और सफलता नहीं मिली। रेगुलेशन टाइम के अंतिम मिनट में गोल कर फेरान कोरोमिनास ने गोवा के लिए तीन अंक पक्के कर दिए।

विनीत राय के आत्मघाती गोल और जैकीचंद सिंह के चार मिनट के अंदर दो गोलों की मदद से गोवा ने पहले हाफ की समाप्ति 3-0 की लीड के साथ की। बेदिया की फ्री किक पर विनीत ने गलती से आत्मघाती गोल 21वें मिनट में किया। इस गोल की मदद से गोवा का खाता खुला जबकि जैकी ने 24वें और 27वें मिनट में गोल करते हुए अपनी टीम की बढ़त तीन गुनी कर दी।

विनीत ने जो आत्मघाती गोल किया, वह डिफ्लेक्शन का नतीजा था। बेदिया ने बाक्स के बाहर से फ्रीकिक पर एक जोरदार शाट लिया था। विनीत राय ने हेडर के जरिए उसे दिशाहीन करने की पूरी कोशिश की लेकिन वह नाकाम रहे।

जीत के लिए | टेनिस के दो धुरंधर खिलाड़ियों के बीच हुआ महामुकाबला

## फेडरर को ध्वस्त कर जोकोविच 8वीं बार फाइनल में

*टेनिस के दो लीजेंड खिलाड़ियों सर्बिया के नोवाक जोकोविच और स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर के बीच जिस महामुकाबले की उम्मीद की जा रही थी उसे गत चैंपियन जोकोविच ने अपने जबरदस्त खेल से पूरी तरह एकतरफा बना दिया। दूसरी सीड जोकोविच ने तीसरी सीड फेडरर को गुरूवार को लगातार सेटों में 7-6 (1), 6-4, 6-3 से हराकर आठवीं बार वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया।*

**मेलबोर्न (वार्ता)।** विश्व के नंबर दो खिलाड़ी जोकोविच अब अपने आठवें खिताब तथा नंबर एक रैंकिंग से मात्र एक जीत दूर रह गए हैं। सर्बियाई खिलाड़ी ने छह बार के पूर्व चैंपियन फेडरर से रोड लेवर एरेना में यह मुकाबला दो घंटे 18 मिनट में जीता। जोकोविच का फाइनल में पांचवीं सीड ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम और सातवीं सीड जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच शुक्रवार को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से मुकाबला होगा। पांचवीं सीड थिएम ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और टॉप सीड स्पेन के राफेल नडाल को क्वार्टरफाइनल में हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जबकि ज्वेरेव 15वीं सीड स्विट्जरलैंड के स्टेनिस्लास वावरिंका को हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लेम टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचे हैं। 32 वर्षीय जोकोविच ने इस जीत के साथ 2020 में अपना अभियान 12-0 पहुंचा दिया है। जोकोविच अब रविवार को होने वाले फाइनल के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उनका थिएम के खिलाफ 6-4 और ज्वेरेव के खिलाफ 3-2 का रिकॉर्ड है। जोकोविच ने पहले सेट में 2-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए फेडरर को फिर कोई मौका नहीं दिया और 17वें ग्रैंड स्लेम खिताब की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा दिया। इस हार के साथ ही फेडरर जोकोविच से मेलबोर्न में चौथी बार हारे हैं और ये सभी सेमीफाइनल रहे। इससे पहले 2008, 2011 और 2016 में जोकोविच ने फेडरर को मात दी थी। इस हार से फेडरर का 21वें ग्रैंड स्लेम खिताब का सपना टूट गया। 20 बार के ग्रैंड स्लेम चैम्पियन फेडरर का जोकोविच के खिलाफ करियर रिकॉर्ड अब 23-27 हो गया है। यह लगातार दूसरा साल है जब फेडरर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जाने से चूक गए।

## लेक्स स्पोर्टेल विजन ने शुरू किया खेल चैनल 1स्पोर्ट्स

**नई दिल्ली (वार्ता)।** गुड़गांव स्थित लेक्स स्पोर्टेल विजन प्रा। लिमिटेड ने अपने चैनल 1स्पोर्ट्स पर अपने खेल प्रोग्रामिंग प्रदर्शनों की सूची के साथ भारतीय खेल प्रशंसकों के लिए एक प्रीमियम स्पोर्ट्स चैनल की पेशकश की घोषणा की है। लेक्स स्पोर्टेल के एमडी आर सी वेंकटेश ने कहा, ÷लेक्स स्पोर्टेल के रूप में, हम भारतीय खेल प्रशंसकों के लिए सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाली खेल सामग्री ला रहे हैं। 1स्पोर्ट्स एक अलग ब्रांड के साथ प्रशंसकों को पहले ही उपलब्ध कराए गए खेल जगत की संपत्तियों को जारी रखेगा। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि प्रशंसकों को हमारे चैनल पर अपने पसंदीदा खेलो की पेशकश मिलती रहे। 1स्पोर्ट्स की प्रोग्रामिंग में क्रिकेट, कुश्ती, फुटबॉल, गोल्फ, मोटरस्पोर्ट्स, टेनिस जैसे खेल शामिल होने के साथ साथ कॉन्टेक्ट स्पोर्ट्स और अन्य कई खेल भी शामील होंगे। फुटबॉल में 1स्पोर्ट्स हीरो आई लीग के चालू सीज़न का प्रसारण किया जाएगा। 1स्पोर्ट्स के फुटबॉल रोस्टर में कूप डी फ्रांस और स्कॉटिश प्रोफेशनल फुटबॉल लीग भी शामिल हैं। गोल्फ में यूरोपियन टूर, द ओपन, पीजीए चैंपियनशिप, हीरो चैलेंज, ऑस्ट्रेलियन ओपन, हीरो इंडियन ओपन और हीरो महिला इंडियन ओपन जैसे कई अन्य प्रमुख टूर्नामेंट शामिल होंगे। इसके अलावा अफगानिस्तान प्रीमियर लीग, पाकिस्तान सुपर लीग और बीपीएल आदि आयोजन लेक्स स्पोर्टेल के प्रदर्शनों का हिस्सा रह चुके हैं और लेक्स स्पोर्टेल इन्हें जारी रखने का प्रयास करेगी।

## न्यूज गैलरी

### अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार, 97 पाव अंग्रजी शराब जब्त

**रायपुर।** टिकरापारा व उरला थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने की जानकारी मिलने पर मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर 4 लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 97 पांव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। टिकरापारा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर देवार डेरा मठपुरैना में बुधवार को रतनू मरकाम 20 वर्ष पिता झींगा मरकाम को गिरफ्तार कर उसके पास से 75 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं बजरंग चौक बिरगांव के पास अवैध शराब की सूचना पर पुलिस ने नसीब मोहम्मद 23 को गिरफ्तार कर उसके पास से दस पाव अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इसी तरह बजरंग चौक पुलिया के पास बिरगांव में यशवंत वर्मा 24 वर्ष एवं गंज मंडी उरला में मोहम्मद अनवर 26 वर्ष को गिरफ्तार कर दोनों के पास से 12पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है।

### गांजा बेचते चार गिरफ्तार, गांजा व चिलम जब्त

**रायपुर।** गांजा बेचने के जुर्म में कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कालीबाड़ी चौक पेंशन बाड़ा, अरविंद नगर क्षेत्र में चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 22 पुड़िया, 5ग्राम गांजा मादक पदार्थ जब्त किया है। कालीबाड़ी चौक के पास गांजा बेचने के जुर्म में बुधवार को राजू राजपूत 52 वर्ष पिता सूरज राजपूत को गिरफ्तार कर उसके पास से 7 पुड़िया गांजा, मिचस, चिलम पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया है इसी तरह अरविंद नगर पेंशन बाड़ा में प्यारे तांडी 40 वर्ष पिता त्रिनाथ तांडी के पास से 8 पुड़िया गांजा व चीलम जब्त किया गया है एवं करण सेंद्रे 22 वर्ष पिता संतोष सेंद्रे के पास से पांच ग्राम गांजा चिलम जब्त किया गया है वहीं अरविंद करवा 24 वर्ष पिता फकीरा करवा के पास से सात पुड़िया गांजा मादक पदार्थ व चिलम सहित मिचस जब्त किया गया है।

### मोतीबाग के पास खड़ी बाइक चोरी

**रायपुर।** मोतीबाग के पास खड़ी मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। फाफाडीह साहू पारा निवासी धनसिंह साहू 25 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 25 जनवरी को मोतीबाग के पास प्रार्थी ने अपनी मोटरसाइकिल होंडा सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 04 केडी 4143 को किसी ने चोरी कर लिया।

### मामूली विवाद पर युवक आपस में भिड़े

**रायपुर।** मामूली विवाद पर युवक आपस में भिड़े एक दूसरे के खिलाफ सिविल लाइन थाने में करायी रिपोर्ट दर्ज मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि 11 बजे झंडा चौक पंडरी के पास अमित कुमार सिन्हा 20 वर्ष एवं गोपाल तांडी ने राहुल यादव 21 वर्ष को मोबाइल रख लेने की बात पर विवाद कर हाथ मुक्का व ब्लेड से मारकर चोट पहुंचाया। वहीं राहुल यादव ने अमित कुमार सिन्हा व गोपाल तांडी के खिलाफ गालीगलौज कर ब्लेड से मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कर लिया है।

# बच्चों का भाषा ज्ञान परखने स्कूलों में अब वाचन प्रतियोगिता

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** बच्चों का भाषा ज्ञान परखने छत्तीसगढ़ के शासकीय स्कूलों में अब वाचन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। बच्चों में पढ़ने की रूचि बढ़े, सभी बच्चे भाषा की पुस्तके आसानी से पढ़ सके और अपने आसपास लिखे विज्ञापनों-सूचनाओं को पढ़ कर समझ सकें। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने यह जानकारी जिला मुख्यालय कांकेर में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दी।

### 220 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में स्मार्ट टीव्ही से दी जा रही शिक्षा

डॉ. शुक्ला ने कहा कि अप्रैल माह में संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में निर्णायक विद्यार्थियों की माताएं होंगी। चयनित स्कूल विकासखण्ड स्तर और जिला स्तर पर चयनित बच्चों को राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सभी मूल्यांकन मार्च माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि कांकेर जिले के 220 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में स्मार्ट टी.व्ही. के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है।

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने इन स्कूलों के बच्चों को विषयानुसार ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करने के लिए जिला कलेक्टर को डीएमएफ मद से इंटरनेट से कनेक्ट कराने कहा। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के स्कूलों में हो रहे नवाचारों में कबाड़ से जुगाड़ कर टीचर लर्निंग मटेरियल निर्माण, प्रिन्ट रिच वातावरण का उपयोग कांकेर जिले में किया जा रहा है। यहां के स्कूलों में माह के अंतिम शुक्रवार को पालक-बालक सम्मेलन आयोजित कर लर्निंग आउटकम अनुसार गुणवत्ता की जांच कर कमजोर बच्चों का स्तर सुधारने के प्रयास के बारे में जानकारी दी जाती है। अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की तरह शासकीय स्कूलों में टाई, बेल्ट, जूते की व्यवस्था शाला प्रबंधन समिति द्वारा की जा रही है।

### निजी शालाओं की तर्ज पर अंग्रेजी माध्यम के सर्वसुविधायुक्त स्कूल खोला जाए

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में निजी शालाओं की तर्ज पर बड़े शहरों की तरह अंग्रेजी माध्यम के सर्वसुविधायुक्त स्कूल खोला जाए और शिक्षक की नियुक्ति की जाए। वातावरण निर्माण के लिए शाला परिसर में शिक्षक और विद्यार्थी अंग्रेजी में ही बात करें। डॉ. शुक्ला ने कहा कि ऐसे शिक्षक जो अपनी शालाओं में बच्चों को अंग्रेजी सिखाना चाहते है, उनके लिए अप्रैल माह के अंत में इंग्लिश की ट्रेनिंग राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में कराई जाएगी। शिक्षकों की परेशानी और मूल्यांकन बार-बार किए जाने पर उन्होंने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजना वर्तमान में ही बना ली जाए, जिससे आगामी सत्र में शिक्षकों को शाला कैलेण्डर में बदलाव करने की जरूरत नहीं होगी।

### बापू के लिए नतमस्तक...

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां मुख्यमंत्री निवास में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक शुरू होने के पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। श्री गांधी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में अन्य शहीदों के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भी श्रंद्धाजलि दी गई। इस अवसर पर मंत्रिमण्डल के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

# जीत के बाद आभार रैली से गायब हुआ नवनिर्वाचित पंच, मिली लाश

### जांच में जुटी पुलिस

*नवप्रदेश संवाददाता*

**कांकेर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया है और लगभग सभी जगहों के चुनाव परिणाम आ चुके हैं। वहीं, शुक्रवार को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की तैयारी पूरी हो चुकी है। आज शाम तक चुनाव दल निर्वाचन सामाग्री के साथ बूथ केंद्रों तक पहुंच जाएंगे। इसी बीच कांकेर के ग्रामीण इलाके से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। खबर है कि एक नवनिर्वाचित पंच ने खुदकुशी कर ली है। इस घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। मामले की सूचना मिलने से मौके पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज जांच कर रही है।

दरअसल मामला कांकेर थाना क्षेत्र के झुलनातेंदु गांव का है, जहां बुधवार को पंचायत चुनाव का परिणाम आने के बाद आभार रैली का आयोजन किया गया था। आभार रैली में गांव के नवनिर्वाचित पंच भी मौजूद थे। अचानक रैली के दौरान एक पंच गायब हो गया। रैली समाप्त होने के कुछ देर बाद ही उनकी लाश मिली। हालांकि अभी इस बात का खुलासा नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान लॉ छात्रा के खाते से लाखों पार

### धोखधड़ी का मामला दर्ज

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** गर्ल्स हास्टल में लॉ की छात्रा व उसके सहेली के खाते से ऑनलाइन साड़ी मंगाने के दौरान लाखों रुपये खाते से पार किये जाने की रिपोर्ट राखी थाने में दर्ज की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार गर्ल्स हास्टल उपरवारा राखी निवासी कुमारी प्रतीक्षा सिंह 20 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 29 जनवरी को प्रार्थियां ने ऑनलाइन अजियो नामक साईड से कपड़ा मांगाया था जिसे वापस करने पर कस्टमर केयर द्वारा गूगल फ ार्म मे यूपीआई नं. भरवाकर प्रार्थियां के बैंक खाता व सहेली के बैंक खाते से अज्ञात मोबाईल नंबर 9749641728, 8637078409, 7866025960 द्वारा हमारे खाता से कुल 1 लाख 29 हजार 6 सौ रूपये का छलपूर्वक धोखाधड़ी कर खाते से निकाल लिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती ने अजियो नामक साईड से तीन कपडे मंगाये थे दो कपड़ा पसंद नहीं आने पर वापस करने के लिए कस्टमर केयर में संपर्क किया था 9749641728 से बात करने के बाद फोन में गूगल फार्म भरवाया और यूपीआई पिन नं. डलवाया जो मेरे मोबाईल नं. से लिंक था 8878418063 और इसमे बैंक अकाउंट नं. 0076000302595973 पंजाब नेशनल बैंक जुड़ा हुआ था जिसमें से मेरे मोबाईल नं. 8878418063 में 3600 रूपये निकल जाने की मैसेज आया और कस्टमर केयर ने बोला कि आप किसी और का नंबर दीजिये तब मैने अपने सहेली स्तुति कतलम का यूपीआई पिन दिया उसका अकाउंट नं. 03395077026 एसबीआई बैंक का था कुछ देर बाद उसके अकाउंट से 1 लाख 26 हजार रूपये निकल जाने का मैसेज आया। कस्टमर केयर पर दोबारा संपर्क करने पर किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। इस तरह से कुल प्रार्थियां व उसकी सहेली के खाते से 1 लाख 29 हजार 6 सौ रुपये किसी ने धोखाधड़ी कर निकाल लिया।

### बैंक में सेंधमारी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, कंप्यूटर सेट व अन्य सामान जब्त

**रायपुर।** एचडीएफसी बैंक में लगे शटर का ताला तोड़कर सेंधमारी कर कमरे में रखे कंप्यूटर सेट चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार राखी थाना क्षेत्र के ग्राम केंद्री एचडीएफसी बैंक में 27 जनवरी को शाम 6 बजे से 29 जनवरी के मध्य बैंक में लगे शटर का ताला तोड़कर कमरे में रखे कंप्यूटर तथा अन्य सामान की चोरी किये जाने की रिपोर्ट बैंक मैनेजर हर्ष बक्शी ने थाने में दर्ज करायी थी। जांच के दौरान राखी पुलिस ने सीसी टीवी फूटेज में एक अपचारी बालक व एक युवक को बैंक में लगे शटर का ताला तोड़कर कमरे में प्रवेश कर बैंक के स्ट्रांग रूम में रखे लॉकर को तोड़ते आरोपी दिखाई दे रहे हैं। तमाम कोशिशों के बाद लॉकर को नहीं तोड़ पाने पर आरोपियों ने कंप्यूटर सेट व अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने सीसी टीवी फूटेज की मदद से आरोपी की पहचान कर सौरभ देवांगन 22 वर्ष नवापारा निवासी व साथ में एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी किये गये सामान को पुलिस ने बरामद कर लिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत कार्रवाई किया गया है।

# श्री महामाया मंदिर में बटुकों का हुआ निःशुल्क उपनयन संस्कार

### ■ बैंड बाजे के साथ बुढ़ेश्वर मंदिर तक निकली बारात

*नवप्रदेश संवाददाता*

**रायपुर।** श्री महामाया देवी मंदिर में आयोजित श्री दिव्य सहस्त्र चंडी महायज्ञ के अंतर्गत बसंत पंचमी के शुभ दिन पर गुरुवार को लगभग 100 ब्राम्हण बटुकों का निःशुल्क उपनयन संस्कार हुआ। पूरे विधि विधान के साथ पंडितों ने मंत्रोचार के बीच इसे संपन्न कराया। सभी बालक अपने परिवार के साथ पहुंचे थे, उनमें भी काफी उत्साह और खुशी दिखाई पड़ रहा था। पूरी तरह पारिवारिक व संस्कारित माहौल के बीच महामाया मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्य मार्गदर्शक की भूमिका में सहयोग प्रदान कर रहे थे।

हल्दी, मुंडन से लेकर पूरे रीति रिवाज से उपनयन संस्कार की सारी प्रक्रियाएं पूरी कराई गई। दोपहर 3 बजे बाजे-गाजे के साथ इन बटुकों की बारात महामाया देवी मंदिर से निकलकर बुढ़ेश्वर मंदिर तक गई। खुशी के इस पल में परिवार के सदस्य बैंड बाजे के धुन पर नाचते भी रहे। उपनयन संस्कार के दौरान जैसे-जैसे पंडित मंत्र पढ़ते जाते बटुक उसे दोहराते जाते थे। उन्हे बताया गया कि जनेऊ एक रस्म नहीं है बल्कि सनातन धर्म और परिवार का संस्कार है। माता-पिता, गुरु की आज्ञा का पालन करना, सेवा करने का संस्कार सिखाता है। बड़ों को सम्मान, हर जीव के प्रति स्नेह, हर परिस्थिति में भगवान का स्मरण रखें यह बातें भी बटुकों को बताई गई। जनेऊ हो जाने के बाद इसका परिपालन किस प्रकार करना है यह भी सिखाया गया।